✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 137 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना जंक्शन पर गाड़ियों को पार्क करने के लिए नई सुविधा शुरू

# एनडीए में सीट बंटवारा घोषित

## भाजपा-जदयू को 101-101 एवं चिराग को 29 तथा कुशवाहा-मांझी की पार्टी को मिले छह-छह सीटें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू और बीजेपी ने 101-101 बराबर सीटें अपने पास रखी हैं। वहीं चिराग पासवान की लोजपा रामविलास को 29 सीटें मिली हैं। उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 6 और जीतन राम मांझी की हम (हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा) को भी 6 सीटें मिली हैं। एनडीए में कई राउंड की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला निकला है। एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला की घोषणा साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं हुई बल्कि गठबंधन के नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, आरएलएम चीफ उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और बिहार भाजपा अध्यक्ष



दिलीप जायसवाल समेत अन्य नेताओं ने रविवार को ट्वीट कर सीट बंटवारे का आंकड़ा साझा किया। बिहार चुनाव 2025 की ताज़ा ख़बरों के लिए यहां क्लि क करें। बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग होने के बाद अब घटक दलों की कैंडिडेट लिस्ट आना शुरू हो जाएगी। भाजपा में उम्मीदवारों के नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं। दिल्ली में हो रही पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक मेंइस पर मुहर लगा दी जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में भी कैंडिडेट फाइनल हो चुके हैं। लोजपा (रामविलास) ने भी कल कहा था कि एनडीए में सीट बंटवारा होने के बाद चिराग पासवान कैंडिडेट लिस्ट जारी कर देंगे। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश की जेडीयू, भाजपा से एक सीट ज्यादा अपने पास रखेगी। मगर दोनों ही दलों ने बराबर सीटों पर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लिया है। दोनों ने साफ संदेश दिया है कि गठबंधन में छोटा या बड़ा भाई फिलहाल कोई नहीं है। फिलहाल एनडीए में कौन-सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह ऐलान हुआ है। अब घटक दलों के द्वारा लड़ी जानेवाली सीटों के नामों का इंतजार है। बता दें कि 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा का चुनाव दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे फेज की वोटिंग 11 नवंबर को होगी। दोनों चरणों के नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। नामांकन की प्रक्रिया चल ही है।

## प्रधानमंत्री एनडीए कार्यकर्ताओं से 15 को करेंगे संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत बिहार के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बात करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले उनके सुझाव सुनेंगे। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान एक लंबे समय से चलने वाला इंटरैक्टिव आउटरीच अभियान है जिसका उद्देश्य स्थानीय या बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पार्टी के संबंधों को मजबूत करना है। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि हमारे समर्पित कार्यकर्ता बिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट गए हैं। ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करने से हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं से सीधे बातचीत करने का अवसर मिलेगा। पीएम ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए



कहा कि आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर सीधे चर्चा भी करूंगा। पीएम मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के तहत चुने गए कुछ कार्यकर्ताओं के सुझावों पर वह सीधे उनके साथ चर्चा भी करेंगे। इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को सीधे नेतृत्व से जोड़ना और चुनावी रणनीति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के चण्डी थाना क्षेत्र के कोयल विगहा पहाड़पुर जाने वाली सड़क रास्ते में रविवार की सुबह एक महिला की गोली मार हत्या कर दी गई। गोली सिर में लगी है। मृतका के बेटे ने कहा है कि पांच लाख रुपए के लिए मां का मर्डर हुआ है। ये जीविका समूह से जुड़ी थी। इन्होंने जीविका की सीएम रेखा देवी को रुपए दिए थे। उन्होंने ही मां का मर्डर किया है। मृतका की पहचान वेना थाना क्षेत्र के गंगा बीघा गांव की रहने वाली रामप्रवेश यादव की पत्नी सरिता देवी के रूप में की गई है।

### जन सुराज की दूसरी सूची आज जारी होगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जन सुराज पार्टी विधानसभा चुनाव के अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची सोमवार को जारी करेगी। नेहरू पथ स्थित शेखपुरा हाउस में दिन के साढ़े ग्यारह बजे सूची जारी की जाएगी। मालूम हो कि इससे पहले नौ अक्तूबर को जन सुराज के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी, जिसमें 51 के नाम थे।

### पत्नी ने वनकर्मी पति को भेजवाया जेल

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम चंपारण में एक वनकर्मी बीवी और गर्लफ्रेंड के बीच बुरा फंसा। प्रेमिका के साथ मौज करने वाले युवक को बीवी ने जेल भेजवा दिया। मामला सहोदरा थाना क्षेत्र के देवनगर गांव का है। वन विभाग के रेंजर के अधीन कार्यरत वनरक्षी मंटु कुमार पर बीवी और बच्चे को छोड़कर अवैध तरीके से दूसरी शादी करने और पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में उसकी गिरफ्तारी की गई है।

### भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली भाजपा कार्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी आदि मौजूद रहे। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कैंडिडेट्स के नामों पर मुहर लग गई है। माना जा रहा है कि सोमवार को पटना में एनडीए की प्रेस कॉन्फ्रेंस हैं, जिसमें सीट और कैंडिडेट्स के नामों की लिस्ट जारी हो सकती है।

### भीषण आग से तीन घर राख

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुमारखंड प्रखंड के शिवनगर जमुआहा गांव में शनिवार की देर रात भीषण अगलगी में 3 परिवारों का घर जलकर राख हो गया। जिसमें कपड़े, बर्तन, अनाज, मोबाइल, पंखा, मोटर, गोदरेज, ट्रंक और नगद रुपए सहित घर का सारा सामान खाक हो गया। घटना में लगभग 8 लाख रुपए से अधिक की क्षति बताई जा रही है।

## मोतिहारी में रेलवे ट्रैक पर मिला प्रेमी जोड़े का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले के कुंअरपुर चिंतावनपुर रेलवे हाल्ट के पास रविवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक-युवती का शव मिला है। ट्रैक के बीच में दोनों के सिर मिले हैं जबकि किनारे धड़ पड़े हुए थे। स्थानीय लोगों की माने तो दोनों का प्रेम संबंध था। युवक और युवती ने ट्रेन से कटकर सुसाइड किया है। महिला शादीशुदा बताई जा रही है। प्लेटफॉर्म पर लड़की का बैग और चप्पल मिला है जबकि लड़के का चप्पल उसके शव के पास पड़ी हुई थी। जिस हालत में शव मिले हैं, उससे लोग अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों एक साथ हाथ पकड़ कर ट्रेन के सामने छलांग लगाए हैं। बैग से लड़की का आधार कार्ड बरामद हुआ है। लड़की 21 साल की शोभा कुमारी है जो कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पिपरा खेल गांव की रहने वाली है। वहीं लड़के की पहचान अभी नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की सूचना के बाद रेलवे पुलिस और पिपरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन सीमा विवाद पर शव 2 घंटे तक ट्रैक पर पड़ा रहा। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों के एंगल से जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शोभा कुमारी शादीशुदा थी और 4-5 दिन पहले एक युवक के साथ घर छोड़कर निकली थी।

## दूसरे चरण में आज से 20 जिलों में होगा नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज सोमवार को अधिसूचना जारी करेगा। इसके तहत सोमवार से दूसरे चरण के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। यह नोटिफिकेशन बिहार राज्यपाल की ओर से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 15(2) के तहत जारी किया जायेगा। बिहार के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित करने के लिए यह अधिसूचना महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की है। चुनाव आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिए हैं। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फ तीन वाहन और प्रस्तावक समेत अधिकतम पांच व्यक्ति ही जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने फैसला लिया है कि पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए राज्यभर में लगभग 8.50 लाख अधिकारियों की तैनाती की है। आयोग के अनुसार, इन अधिकारियों में 4.53 लाख मतदान कर्मी, 2.50 लाख पुलिसकर्मी, 28,000 से अधिक मतगणना कर्मी, और 18,000 माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल हैं। इस बार बिहार में पहली बार सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, चुनाव पर निगरानी रखने के लिए 38 पुलिस पर्यवेक्षक और 67 व्यय पर्यवेक्षक की भी नियुक्ति की गई है। ये पर्यवेक्षक संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से नियमित संवाद कर चुनाव प्रक्रिया में किसी भी समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को इस दौरान 20 जिलों में वोटिंग होगी। इस चरण में सूबे के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर (भभुआ) जिले में वोट डाले जाएंगे।

## प्रशांत किशोर के खिलाफ प्राथमिकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव की गहमागहमी तेज हो चुकी है और ऐसे माहौल में चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर के लिए एक नई मुसीबत सामने आ गई है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर आदर्श आचार संहिता तोड़ने का आरोप लगा है, जिसके चलते उन पर कानूनी कार्रवाई की गई है। प्रशांत किशोर के खिलाफ यह केस वैशाली ज़िले के राघोपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। राघोपुर के सीओ दीपक कुमार, की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। प्राथमिकी में प्रशांत किशोर के साथ-साथ जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष और कुछ अज्ञात कार्यकर्ताओं का नाम भी शामिल है।

## नवादा व रजौली के राजद विधायकों ने दिया इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को बड़ा झटका दिया है। राजद विधायक संगीता कुमारी, भरत बिंद, चेतन आनंद के बाद अब दो और विधायकों ने भी अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को सौंप दिया है। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) से विधायक प्रकाश वीर ने अपना इस्तीफा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से यह लोग राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। इन दोनों विधायकों की मौजूदगी ने तब और भी ज्यादा सियासी सरगर्मी बढ़ा दी जब वह गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के मंच पर दिखाई दिए। मंच साझा करने के साथ ही इन दोनों नेताओं के राजद से नाता तोड़ने की अटकलों





पर मुहर लग गई थी। इधर इस्तीफा देने के बाद प्रकाश वीर ने बताया कि मैंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। तेजस्वी यादव एक बार नवादा यात्रा पर आए थे लेकिन उन्होंने हमें आमंत्रित नहीं किया, इसलिए हम नहीं गए। वहां भीड़ में किसी ने चिल्लाकर कहा, 'तेजस्वी भैया, प्रकाश वीर को हटाओ'। इससे मेरी आत्म-सम्मान को ठेस पहुंची। अब राजद में लौटने का कोई सवाल ही नहीं है। पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव की पत्नी और नवादा सदर से राजद विधायक विभा देवी ने कहा कि तेजस्वी और उनके कुछ करीबी नेताओं द्वारा उनके और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए गए। उनके सम्मानित परिवार की छवि को खराब करने की कोशिश की गई। विभा देवी ने कहा कि वह राजनीति में अपना सम्मान बेचकर नहीं आई हैं। उन्होंने कभी घूस नहीं ली और न ही भ्रष्टाचार किया। विभा देवी ने आरोप लगाया कि जब सरकार बनाने-बिगाड़ने का खेल चल रहा था तब तेजस्वी के साथ रहने वाले उनके कुछ करीबी नेताओं ने उनसे भारी धनराशि की मांग की थी। वह यह रकम नहीं दे सकीं। इसके बावजूद उन्होंने और विधायक प्रकाश वीर ने पार्टी नहीं छोड़ी जबकि कई नेताओं ने उन्हें पाला बदलने का प्रलोभन दिया था। उन्होंने कहा कि यही उनकी गलती थी कि वह तेजस्वी को गलत काम के लिए पैसा नहीं दे सकीं।

## सीट बंटवारे में भारी पड़ गए चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लंबे समय की मशक्कत के बाद रविवार शाम को सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया। भाजपा-जेडीयू बराबर-बराबर यानी कि 101 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी जबकि चिराग पासवान की एलजेपी (आर) को 29 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें दी गई हैं। पिछले कई दिनों से सीटों के बंटवारे को लेकर पटना से दिल्ली तक, एनडीए के घटक दलों में माथापच्ची चल रही थी। इस पूरे बंटवारे से साफ है कि खुद को पीएम मोदी का 'हनुमान' बताने वाले चिराग पासवान अन्य सभी दलों पर भारी पड़ गए। चिराग पासवान ने बीजेपी लीडरशिप से अपनी पार्टी के लिए शुरुआत में 40 सीटों की मांग की थी, जिसके बाद वे 30 सीटों पर अड़ गए थे। बीजेपी नेतृत्व को आखिरकार 29 सीटें देने पर मजबूर होना पड़ा। इसका खामियाजा बीजेपी, जेडीयू, हम और उपेंद्र कुशवाहा को उठाना पड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने अकेले विधानसभा चुनाव लड़ा था जिससे एनडीए गठबंधन को भारी नुकसान हुआ। जेडीयू को कई सीटों पर चिराग की वजह से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार भाजपा नेतृत्व किसी भी तरह से चिराग को दूर जाने नहीं देना चाहता था। बीजेपी ने पहले उन्हें 26 सीटों का ऑफर दिया और साथ ही भविष्य में राज्यसभा सीट और एमएलसी सीट भी देने के लिए कहा गया लेकिन चिराग किसी भी हाल में 30 से कम सीटें नहीं चाह रहे थे।

## कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों पर फैसला आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार को नई दिल्ली में बैठक होगी। इसमें कांग्रेस अपने कोटे की 60 सीटों पर प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दे देगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार सोमवार तक सीट बंटवारे का पेच नहीं सुलझने पर कांग्रेस अपनी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर देगी। चूंकि पहले चरण के नामांकन में अब पांच दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में प्रत्याशियों को तैयारी के लिए भी समय चाहिए। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेने के लिए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, विधानसभा में दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद दल नेता मदन मोहन झा दिल्ली पहुंच चुके हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस अपनी ओर से तय की गई 60 सीटों पर प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दे देगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार समझौता नहीं होने की स्थिति में केंद्रीय चुनाव समिति में कुछ और सीटों पर प्रत्याशी का चयन कर लिया जाएगा। बता दें कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पार्टी पहले ही 74 सीटों पर पैनल तैयार कर चुकी है। सीट बंटवारे में पसंद की सीट नहीं मिलने पर कांग्रेस समानुपातिक सीट घटाने पर अड़ गई है। महागठबंधन में सीट बंटवारे की गुत्थी नहीं सुलझने का यह भी एक बड़ा कारण है। कांग्रेस पहले 55 सीटों के आसपास समझौते के लिए तैयार थी, इसके एवज में पार्टी अपनी पसंद की सीट चाह रही थी। राजद इसके लिए तैयार नहीं हुआ, उल्टे कांग्रेस की परंपरागत सीट पर दावा ठोक दिया। इसमें कहलगांव, राजापाकर, वैशाली प्रमुख हैं। राजद की मांग पर कांग्रेस ने सीमांचल की कुछ और सीटों की मांग कर दी। इसके बाद मामला सुलझने की बजाए उलझ गया। अब बात दिल्ली दरबार में पहुंच गई है। पार्टी का कहना है कि महागठबंधन में घटक दलों की संख्या बढ़ने पर कांग्रेस के साथ ही राजद को भी त्याग करना होगा। महागठबंधन वीआईपी और वामदल भी ज्यादा संख्या चाह रहे हैं। ऐसे में राजद को भी त्याग करना होगा। कांग्रेस वीआईपी को भी ज्यादा सीट देने पर सहमत नहीं है। इस जिच के बीच महागठबंधन समन्वय समिति समन्वयक तेजस्वी यादव के समक्ष कांग्रेस ने नया फार्मूला सुझाया है। इसके अनुसार जितनी फीसदी सीट कांग्रेस छोड़े, उतनी ही सीट राजद को भी छोड़नी होगी। यदि कांग्रेस की ज्यादा संख्या घटती है तो मनपसंद की सीट देनी होगी। बता दें कि राजद ने वर्ष 2020 में 144 सीट और कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

## पहले चरण के 18 जिलों में इवीएम और वीवीपैट आंवटित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव को लेकर 18 जिलों में ईवीएम और वीवीपैट विधानसभावार आवंटित कर दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर पहले चरण के चुनाव से संबंधित जिलों मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की ओर से राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी 121 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया की गई। इसके बाद, विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित ईवीएम और वीवीपैट की जिलाधिकारी और दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर की गई सूची दलों के जिला स्तरीय कार्यालयों में उपलब्ध करा दी गई। इसी सूची के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट को जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों को चुनाव में उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद संबंधित विस क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम में मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षित कर दिया जाएगा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीवारों की सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित ईवीएम व वीवीपैट की सूची उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाएगी।



जानकारी के अनुसार, दूसरे चरण के चुनाव को लेकर शेष 20 जिलों में ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम स्तरीय रैंडमाइजेशन 13 अक्टूबर को होगा। पहले चरण का चुनाव जिन 18 जिलों के 121 विधानसभा क्षेत्रों में होना है उसमें मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसगू राय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर शामिल है। पटना जिले के लिए कुल 5,677 मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट का रैंडमाइजेशन किया गया। कुल 5,677 मतदान केन्द्रों के लिए 5,677 बीयू, 5,677 सीयूव 5,677 वीवीपैट की आवश्यकता है। निर्धारित मानकों के आधार पर 20 प्रतिशत रिजर्व बीयू, 20 प्रतिशत रिजर्व सीयूव 30 प्रतिशत रिजर्व वीवीपैट के आधार पर 6,808 बीयू, 6,808 सीयूव 7,374 वीवीपैट की जरूरत होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने कहा कि फर्स्ट-लेवल चेकिंग (एफएलसी) ओके के आधार पर पटना जिले में 12,886 बीयू, 7,439 सीयूव 8,025 वीवीपैट उपलब्ध है। ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं विधियों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया।

# डिस्पैच सेंटर पर बनाए गए 26 टेबल, पदाधिकारी, कर्मियों की हुई प्रतिनियुक्ति

## मतदान दलों को यहीं से होगा सामग्री का वितरण

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मसौढ़ी विधानसभा में श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। जो आगामी 06.11.2025 को पोलिंग पार्टी को डिस्पैच किया जाना है। जहां मतदान दलों को इवीएम, वीवीपैट, चुनाव सामग्री डिस्पैच, मतदान पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण, पोलिंग पार्टी का, वाहन टैगिंग आदि किया जाना है। यहां 25 टेबल बनाये गये है। टेबुलवार मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मसौढ़ी विधानसभा के 443 मतदान केंद्रों के लिए 25 टेबल बनाए गए हैं जहां हर एक टेबल पर 18 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री वितरण किया जाएगा, वहीं नोडल पदाधिकारी के रूप में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली को बनाया गया है, हर टेबुलवार एक पदाधिकारी के साथ छह कर्मियों की प्रतिनियुक्ति किया गया है। इसके अलावा सात कर्मियों को सुरक्षित रखा गया है। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, समयबद्ध और सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदान सामग्री और पोलिंग पार्टियों का प्रस्थान निर्विघ्न संपन्न हो सके। इसके अलावा डिस्पैच सेंटर पर समय से पूर्व संपूर्ण व्यवस्था तैयार कर ली जाए ताकि किसी स्तर पर कोई असुविधा या देरी न हो। डिस्पैच सेंटर निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदु है, जहाँ से सभी मतदान दल अपने-अपने केंद्रों के लिए प्रस्थान करते हैं। अतः यहां की व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग पार्टी मिलान, सामग्री वितरण, भोजन एवं पेयजल सुविधा, शौचालय व्यवस्था और बैरिकेडिंग

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विधानसभा चुनाव**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव में लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार स्वीप के जरिए गांव से लेकर शहर तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला जा रहा है। ऐसे मे रविवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में मसौढ़ी प्रखंड के सभी बीएलओ को मतदान प्रतिशत बढ़ने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया, जहां मतदाताओं के मतदान में भाग लेने के लिए शत-प्रतिशत भागीदारी पर जोर दिया गया। सभी मतदाताओं को बूथ स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसकी समुचित तैयारी करने के लिए माइक्रो स्तर पर योजना बनाने के निर्देश दिए गए। ताकि कोई मतदाता छूटे नहीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को जल्द से जल्द अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों की बुनियादी सुविधाओं को पूरा कर लेने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस बार मतदान प्रतिशत इसीआई नेट के जरिए पीठासीन पदाधिकारी के ऐप से हर 2 घंटे पर भेजी जाएगी इसको लेकर सभी बीएलओ पदाधिकारी को बताया जा रहा है कि वोटिंग के दिन बूथ पर पीठासीन पदाधिकारी को सहयोग करना होगा। मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, विधि विशेषज्ञ के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट कुमार भास्कर, बीसीओ लाला प्रसाद, अविनाश कुमार के साथ सभी मतदान केदो के बीएलओ, सेक्टर पदाधिकारी शामिल रहे हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन

## डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता साइकिल रैली जिला पदाधिकारी आवास से प्रारंभ होकर काको मोड, अरवल मोड़, अस्पताल मोड, बतीस भवरिया, अंबेडकर चौक होते हुए गांधी मैदान में जाकर समाप्त हुआ। मतदाता जागरूकता साइकिल रैली जहानाबाद जिले उच्च विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के साथ साथ स्काउट एण्ड गाईड के कार्यकर्त्ता शामिल हुए। मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन विभिन्न मतदाता जागरूकता रैली के साथ किया गया। मतदाता जागरूकता साइकिल रैली के उपरांत स्थानीय गांधी मैदान में उप विकास आयुक्त द्वारा मतदाताओं एवं छात्र-छात्राओं तथा स्काउट एंड गाइड के कार्यकर्ताओं को मतदाता शपथ दिलाया गया तथा मतदान में स्वयं शामिल होने के साथ-साथ अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति के साथ-साथ अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम श्री तेज नारायण राय, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, निदेशक, डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सह सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूनम कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी, नोडल पदाधिकारी जिला स्वीप कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती विजेता रंजन, सहायक नोडल पदाधिकारी जिला स्वीप कोषांग सह डी.पी.ओ. सुष्मिता भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# बेटियां बोझ नहीं गर्व और अभिमान हैं

## अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मसौढी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा में छात्राओं के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटियां बोझ नहीं हैं गर्व हैं हम सब का अभिमान हैं। लड़कियां केवल भविष्य की आशा नहीं हैं, बल्कि आज बदलाव लाने की असली शक्ति भी हैं। हर लड़की में समाज और समुदाय को दिशा देने की क्षमता मौजूद है। बस उसे पहचान और अवसर की जरूरत है। दुनिया भर में लड़कियां आज भी कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं जैसे बाल विवाह, शिक्षा से वंचित रहना, भेदभाव और हिंसा। कार्यक्रम में विशेष कर लड़कियों के शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य और सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान जैसे कई मुद्दों पर समाज को जागरूक होने की बात कही गई। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

# सुशासन और विकास की हवा में नहीं जलेगा लालटेन

## एनडीए के अरूण मांझी ने भरी हुंकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** एनडीए से उम्मीदवार बनने पर अरुण मांझी ने रविवार को मसौढ़ी विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक करते हुए हुंकार भरी और कहा कि 2020 में भले ही जदयू चुनाव हार गया था लेकिन इस बार 2020 का बदला 25 में दिखेगा, सुशासन और विकास की हवा में मसौढी में इस बार लालटेन को जलने नहीं देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की मंच का संचालन नगर अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी ने किया। मौके पर जिला जदयू ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महादलित आयोग के सदस्य रूबेल रविदास, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद आलम, विधानसभा प्रभारी संतोष चौधरी उपस्थित रहे। जदयू के टिकट से एनडीए उम्मीदवार बने अरुण मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास कार्यों का हर किसी को लाभ मिला है कोई भी ऐसा घर नहीं होगा जहां पर कोई न कोई योजनाओं का लाभ नहीं ले रहें होगे। हर गांव में सड़क बिजली पानी से लेकर महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री ने काम किया है। विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है, बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जितना रोजगार दिया है जितना काम हो रहा है उस पर आप सभी कार्यकर्ता सीना चौड़ा कर गांव-गांव घुमिये और वोट मांगिये, बहरहाल जदयू ने एक बार फिर से अपने पुराने चेहरे अरुण मांझी को इस बार टिकट दिया है। दरअसल वर्ष 2010 में अरुण मांझी ने जदयू के टिकट से मसौढ़ी विधानसभा में 5000 वोटो से चुनाव जीता था, उसके बाद 2015 में महागठबंधन से रेखा देवी चुनाव लड़ी थी उस वक्त जदयू और राजद साथ में थे, लेकिन 2015 के बाद 2020 में जदयू हार गया था। ऐसे में एक बार फिर से अरुण मांझी को मसौढी विधानसभा की कमान मिली है और कयास लगाया जा रहा है कि इस पर भारी बहुमत से जीत होगी, अरुण मांझी ने हुंकार भरते हुए अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरा है इस बार कोई कीमत पर लालटेन नहीं जलेगी। 2020 का बदला 2025 में दिखेगा। हर पंचायत स्तर पर, बूथ लेवल पर एनडीए समर्थकों की एक कमेटी बनाई जा रही है जातीय समीकरण देखते हुए बूथ स्तर पर पदाधिकारी को नियुक्त किया जा रहा है जिसमें पंचायत स्तर के पदाधिकारी प्रखंडस्तर के पदाधिकारी और नगर मुख्यालय स्तर के पदाधिकारी की कमान दी गई है और लगातार रविवार से ही जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी गई है। एनडीए उम्मीदवार की 15 अक्टूबर को नामांकन की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में मेराज अहमद, कुमारी खुशबूरानी, चंद्रकला देवी, सिम्मी कुमारी, सुदामा शर्मा, अशोक शर्मा, चंद्रबिंदु सिंह, देवेंद्र सिंह, रामाशीष सिंह, चंद्रमोहन पटेल पिंकू मुखिया समेत शामिल रहे हैं।

# मीडिया की शुचिता को बनाए रखना जरूरी : अश्विनी चौबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारिका में शनिवार को वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से डिजिटल भारत 2025 का आयोजन किया गया। प्राइम टाइम रिसर्च मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित डिजिटल भारत समिट 2025 में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, पत्रकारिता समेत विभिन्न क्षेत्र के कई विशिष्ट सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के स्थापना और इसके उद्देश्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी संस्था के कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में देश के जाने माने क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सराहना की और राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल को सम्मानित किया।

**डब्लूजेएआई निभा रहा अहम भूमिका**

मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने समाज में पत्रकारिता के महत्व को बताया और कहा कि डब्लूजेएआई न सिर्फ देश भर के पत्रकारों के हितों में काम कर रहा है बल्कि उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से भी अवगत करा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय में डिजिटल पत्रकारिता ने पूरी दुनिया में एक नई क्रांति ला दी है। सोशल मीडिया के दौर में सत्यता और सुचिता को बनाए रखना चुनौती से भरा काम है और इस जिम्मेदारी को डब्लूजेएआई बखूबी निभा रहा है।

**डिजिटल मीडिया को नया मंच दे रहा डब्लूजेएआई**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डब्लूजेएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने कहा कि संगठन डिजिटल पत्रकारों को न सिर्फ मंच दे रहा है बल्कि वह भारत में डिजिटल मीडिया के लिए एक मजबूत और जवाबदेह व्यवस्था खड़ी कर रहा है। उन्होंने कहा कि डब्लूजेएआई देश का सबसे बड़ा वेब मीडिया संगठन है। कार्यक्रम के दौरान डब्लूजेएआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लीना, राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमित रंजन, राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी मधुप मणि पीकू समेत अन्य अधिकारियों ने अपने विचार रखे वहीं डब्लूजेएआई के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पंकज प्रसून ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता एवं जनसरोकारिता के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल को देश के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सम्मानित किया। इसके साथ ही पत्रकारिता के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लीना, राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमित रंजन, राष्ट्रीय सचिव मधुप मणि 'पिक्कू', राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव अकबर इमाम, चंदन कुमार, विवेक कुमार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पंकज प्रसून, कुणाल भगत, अमित सिंह को सम्मानित किया गया।

**अलग अलग क्षेत्रों में कई हस्तियों को दिया गया सम्मानित**

कार्यक्रम में राजनीति एवं सामाजिक कार्य के लिए प्रख्यात उद्योगपति गौतम राधेश्याम मोरारका, बिहार के भागलपुर के गणित के जाने माने शिक्षक जी डी ज्ञानी, मीडिया संचार एवं मार्केटिंग के प्रमुख एवं पेट्रीडीश मीडिया के संचालक भास्कर झा, प्रभासाक्षी ग्रुप के हिमांशु गुप्ता, पत्रकारिता के लिए राजस्थान के बीकानेर से आए वरिष्ठ पत्रकार सुमित शर्मा, पीआर के रौशन श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** जिले में विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आज जिले के पीरपैंती विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव के साथ सभी मतदान केंद्रों पर सही तरीके से वेब कास्टिंग करवाने, सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित बुनियादी सुविधाएं) उपलब्ध कराने, दुरुस्त पहुंच पथ की व्यवस्था रखने, वोटर्स इन्फोर्मेशन स्लिप का निर्धारित तिथि तक वितरण करवाने, स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की समीक्षा की गई। इसके अलावा सहायक निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन से संबंधित सभी प्रतिवेदन समय पर प्रेषित करने का सभी लोगों को निर्देश दिया गया।

# पद्मश्री डॉ. संजय को 'वेलनेस एक्सीलेंस अवार्ड' से किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**देहरादून।** देश के प्राख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. बी. के. एस. संजय को वेलनेस कॉन 2025 के दौरान 'वेलनेस एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जनस्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में उनके अद्वितीय योगदान के लिए दिया गया। प्रयत्न और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, सफ़ेदाबाद, बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय वेलनेस सम्मेलन में डॉ. संजय ने 'स्वास्थ्य केवल एक संपत्ति नहीं, बल्कि एक संसाधन भी है जिसे सभी को पोषित करना चाहिए' विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वास्थ्य को राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए, ड्यूस मॉडल डी- डाइट (आहार), ई- एक्सरसाइज (व्यायाम), डब्लू- वर्क (कार्य) और एस- स्लीप (नींद) प्रस्तुत किया, जिसे उन्होंने 'स्वास्थ्य संवर्धन सूत्र' बताया। ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. संजय ने स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरुआती पहचान से ही रोकथाम की जा सकने वाले रोगों के राष्ट्रीय बोझ को कम करने के सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने जोर देकर कहाः सामान्य स्वास्थ्य मानकों से किसी भी प्रकार की विचलन हमारे लिए एक चेतावनी संकेत होने चाहिए। उन्होंने प्रत्येक घर में वज़न मापने की मशीन, मापने की फीता, फुल लेंथ शीशा, थर्मामीटर, बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और पल्स ऑक्सीमीटर जैसे आवश्यक स्वास्थ्य जांच उपकरण होने की आवश्यकता पर बल दिया। एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष, डॉ. संजय ने पूरे देश के नीति निर्माताओं से एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य जांच जागरूकता अभियान शुरू करने की अपील करते हुए कहाः ह्लरोकथाम इलाज से बेहतर है। समापन में, उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए सभी नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और शिक्षित नागरिक ही भारत के विकास की असली रीढ़ है।

# विभिन्न मामलों में 11 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ पुलिस ने रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 11 अपराधियों को विभिन्न गांवों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। जिसमें हत्या के प्रयास मामले में संजय कुमार को वीर गांव से गिरफ्तार किया है, वहीं श्रीकांत पासवान, शुभम पासवान को राढा गांव से, राजीव कुमार को अगम कुआं से, धर्मेंद्र कुमार को कादरीगंज के हरला गांव से, टेनी राम, सोनी राम, विश्वनाथ राम, उदय राम को विजयपुरा टोला से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि एक आरोपी हत्या का प्रयास, चार आरोपी एनबीडब्ल्यू समेत विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करते हुए विभिन्न गांव में छापेमारी की गई थी, जिसमें कुल 11 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। सबों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गांव में लगातार छापेमारी चल रही है।

## राहगीर को घेर कर तीन युवकों ने ब्लेड मारकर किया जखमी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अलाउद्दीन चक से पुनपुन स्टेशन रोड जाने वाली रास्ता में शनिवार की शाम को एक राहगीर को तीन युवकों ने घेर कर पहले ब्लेड से जख्मी कर दिया। उसके बाद उसके गले में लॉकेट छीनकर चंपत हो गए। इस मामले में पीड़ित सुरेश साहनी पिता प्रदीप साहनी अलाउद्दीनचक निवासी के पुलिस को सूचना दी गई जहां त्वरित कार्रवाई करते हुए लॉकेट छिनने वाले व्यक्ति नाम विक्रम कुमार एवं उसके दो सहयोगी को गिरफ्तार किया गया एवं लुटे हुए लॉकेट को बरामद कर लिया गया। थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि घटना में शामिल अपराधकर्मियो में बिक्रम कुमार उम्र 25 वर्ष पे शिवजी पासवान, धीरज कुमार 20 वर्ष पे पप्पु राम, मिथिलेस कुमार उम्र 25 वर्ष पे. दिनेश राम सभी अलाउद्दींचाक निवासी है। सबको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, आठ लाख के आभूषण समेत कई सामानों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के विनेका गांव में एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए खिड़की तोड़कर घर में घुसे और तकरीबन आठ लाख के आभूषण बर्तन अन्य कई सामान चुराकर चंपत हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर दलबल के साथ पुलिस की टीम पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित शशिकांत ने बताया कि हमारे पिता गौतम कुमार सिंह उर्फ मुन्ना की दशहरा से पहले तबीयत बिगड़ गई थी जिसे इलाज के लिए पटना गए हुए थे, ऐसे में रविवार को जब घर गया तो देखा की खिड़की टूटी हुई है और पूरा घर का सामान बिखरा हुआ है। पूरे सामान को मिलान किया गया तो तकरीबन आठ लाख रुपए के आभूषण बर्तन के समान गायब थे। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई है पुलिस पहुंची है वहीं थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से घर बंद था चोरी कब हुआ है घर वालों को आईडिया नहीं है लेकिन जानकारी आज मिली है पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं।

## 50 गांजा के पौधे के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। ऐसे में रविवार को कादिरगंज थाना क्षेत्र के हरला गांव में पुलिस ने एक घर में लगाया गये 50 पौधों को जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया की लगातार हरला गांव से सूचना मिल रही थी कि हरला गांव में कई घरों में गांजा के पौधे की खेती कर रहे है।ऐसे में सूचना सत्यापन करते हुए रविवार को छापेमारी की गई है जहां मिथिलेश रविदास के घर में 50 हरे पेड़ पौधे लगे हुए थे जिसे जब्त करते हुए कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई के बाद पूरे गांव में हड़कंप मची हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया की हरला गांव में ऐसी सूचना मिली है कि कई घरों में बड़े पैमाने पर लोग बीच के आंगन में गांजा की खेती कर रहे हैं और उसका व्यापार भी करते हैं जल्द ही वैसे लोगों को चिन्हित कर बड़े पैमान पर कार्रवाई की जाएगी।

# एकता से ही खुलेंगे वैश्य उत्थान के सभी द्वार : डॉ अजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वैश्य समाज में सेवा, सभ्यता, संस्कृति के प्रति अद्भुत समर्पण है, इन सभी का समावेश उसे नेतृत्व करने की असीम क्षमता प्रदान करता है। यही कारण रहा कि वैश्य समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। उक्त बातें वैश्य उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने पटना सिटी चौक स्थित भामाशाह भवन में आयोजित वैश्य चिंतन बैठक सह सम्मान समारोह में कहीं। डॉ अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि एक से बढ़कर एक दिशा देने वाले राजा भी वैश्य समाज में रहे हैं जो सम्पूर्ण समाज का उत्थान किए। भारत के कोई तीर्थ स्थल हो या अन्य कोई भी स्थान हो सामाजिक कार्य में वैश्य आगे बढ़कर अपना योगदान देते हैं। परंतु वैश्य समाज को भी सुरक्षा, व्यवसाय, प्रशासनिक एवं राजनीतिक पद पर रहने का हक है, यह तभी संभव हो पाएगा जब वैश्य एकता में रहेंगे और एकता का अनूठा मिसाल बना है सामूहिक वैश्य देव पूजन। इस पूजन कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सौ पदाधिकारी एवं सदस्यों को आज समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैश्य विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। आगामी कार्यक्रमों के सफल संयोजन हेतु वैश्य उत्थान समिति विस्तारित करते हुए ग्यारह जन को कार्यकारी अध्यक्ष, बीस साथियों को उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, प्रवक्ता का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजन में मुख्य रूप से विकास कुमार मौड़ीवाल, सर्व प्रकाश, नारायण प्रकाश साह, लल्लू शर्मा, डॉ रमेश कुमार गुप्ता, मनीष कांस्यकार, सुनील कुमार चौरसिया, भावना शर्मा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया तथा मुन्ना जायसवाल, पिंटू लाल कसेरा, सुनिता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, पप्पू साह, राहुल चौधरी, बेबी देवी, महेन्द्र कुमार, गणेश कुमार, रमेश प्रसाद चौरसिया, सीताराम शर्मा, अमित चौरसिया, दीपिका कुमारी, साक्षी कुमारी, दीपक बरनवाल, मनोज केशरी, अंकित कुमार, सरोज कुमार, इन्द्रजीत चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, सुजीत कुमार वर्मा, निरंजन कुमार चौधरी, राजवाला चौधरी, सन्नी कुमार, मनीष कुमार, भोला प्रसाद आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत अपर मंडल रेल प्रबंधक का लखीसराय स्टेशन पर यात्रियों से संवाद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 15 अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा एवं एक से 31 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत आज 12 अक्तूबर 2025 को लखीसराय स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राजीव कुमार के द्वारा रेल यात्रियों के बीच अमृत संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान की विस्तृत रूप से चर्चा की और रेल परिसर, स्टेशनों एवं ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु अपील की। इस अवसर पर मंडल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। यह संवाद यात्रियों को स्वच्छता एवं साफ सफाई के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए रेल और स्टेशनों को स्वच्छ रखने में भागीदारी के लिए उन्हें प्रेरित करता है। स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां, यात्रियों से अमृत संवाद सक्रिय रूप से जारी है। आज इन अभियानों के अंतर्गत कई स्टेशनों पर श्रमदान भी किया गया। यह अभियान हमें स्वच्छता एवं साफ सफाई के प्रति जागरूक करने के अलावा हमें इसकी सफलता में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका का भी एहसास दिलाता है। दानापुर मंडल अपने सभी यात्रियों एवं रेलकर्मियों को इसमें अपनी सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करता है।

# मिश्रीलाल यादव गलतबयानी कर लोगों को कर रहे हैं दिग्भ्रमित : रामकृपाल यादव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आज पार्टी के विधायक मिश्रीलाल यादव को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें पार्टी छोड़कर जाना है तो जाएं, लेकिन गलतबयानी करके बिहार के पिछड़े और अति पिछड़े समाज के लोगों को मूर्ख बनाने का काम न करें। उन्होंने कहा कि भाजपा को बिहार की जनता जानती है, तभी आज पार्टी इतनी ऊंचाई पर पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके पार्टी छोड़कर जाने से पार्टी को फर्क नहीं पड़ेगा। जनता पार्टी के साथ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने विधायक मिश्रीलाल यादव को अपना छोटा भाई बताते हुए आगे कहा कि भाजपा ने इन्हें विधायक बनाकर काफी सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि केवल यही नहीं, भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो शोषित, पीड़ित समाज के लोगों को सम्मान देने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने ही अति पिछड़े समाज से आने वाले नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और इतिहास रचने का काम किया। इनके पहले कोई पिछड़े और अति पिछड़े समाज का व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बना था। पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि केवल नरेंद्र मोदी की ही नहीं, मोहन यादव को भी मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया और समाज को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर ही देखिए चिराग पासवान और जीतन राम मांझी आज केंद्रीय मंत्री हैं। इन दोनों दलित समाज से आने वाले बिहार के बेटों को सम्मानित किया गया। निषाद के बेटे को भी कैबिनेट में जगह मिली। मुझे भी मोदी कैबिनेट में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कई ऐसे और लोग हैं। उन्होंने साफ कहा कि मिश्रीलाल यादव गलतबयानी कर रहे हैं और लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

# रेलवे सुरक्षा बल ने 'वेदांता हाफ मैराथन 2025' में 'ऑपरेशन नार्कोस' थीम के साथ की भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 26 कर्मियों का दल जिसमें 5 महिला अधिकारी भी शामिल थीं, ने आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित वेदांता हाफ मैराथन 2025 में भाग लिया। दल का नेतृत्व कमलजोत ब्रार, आईजी (कंस्ट्रक्शन), उत्तरी रेलवे ने किया जबकि पूरी भागीदारी का मार्गदर्शन रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा, आईपीएस द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरपीएफ दल की थीम 'ऑपरेशन नार्कोस: नशा तस्करी के खिलाफ आरपीएफ' रही। यह थीम नशे के खिलाफ चल रहे आरपीएफ के अभियान और युवाओं में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने के प्रयासों को उजागर करती है। बल का उद्देश्य रेलवे नेटवर्क के माध्यम से होने वाली नशा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना और समाज में नशा-मुक्त वातावरण का निर्माण करना है। आरपीएफ की यह भागीदारी उसके कर्मियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक सामाजिक रूप से उत्तरदायी संगठन के रूप में राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सतत प्रयासरत है।

# निवेशकों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के ऊर्जा स्टेडियम में 'मार्च विथ मार्केट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों, युवाओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आइआइएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के वरिष्ठ निदेशक और प्रसिद्ध मार्केट एनालिस्ट संजीव भसीन शामिल हुए। इनके साथ स्पेशल गेस्ट के रूप में निरंजन मूंधड़ा, शंभू सिंह, संदीप सिंह, अभिजीत सिंह एवं कमलेश द्विवेदी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को निवेश की शिक्षा देना और शेयर बाजार से जुड़े मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम की शुरूआत संजीव भसीन के प्रेरक संबोधन से हुई जिसमें उन्होंने कहा कि 'हर व्यक्ति को अपनी निवेश को विभिन्न क्षेत्रों में बांटने की समझ होना जरूरी है। सोना, फिक्स्ड इनकम, रियल एस्टेट और इक्विटी – सबमें संतुलन बनाकर चलना ही समझदारी है। उन्होंने कहा कि भारत में वित्तीय शिक्षा की कमी सबसे बड़ी चुनौती है और इसका असर आम लोगों की बचत और निवेश क्षमता पर पड़ता है। भसीन ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ लोगों को शेयर बाजार में निवेश के लिए प्रेरित करना नहीं है, बल्कि उन्हें यह सिखाना है कि कहां, कब और कितना निवेश करें। पैसा तभी बढ़ता है जब उसे सही जगह लगाया जाए। हम चाहते हैं कि हर घर में वित्तीय साक्षरता बढ़े और लोग समझदारी से अपनी संपत्ति का प्रबंधन करें। कार्यक्रम में महिला निवेशकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के आयोजक सूरज सिंह ने कहा कि हर भारतीय नारी की यही सोच होती है कि घर का बजट कैसे चले, बचत कैसे बढ़े और भविष्य सुरक्षित कैसे हो। कोविड के बाद यह बात साफ हुई कि घर बैठे-बैठे भी निवेश किया जा सकता है। स्टॉक मार्केट अब सिर्फ बड़े लोगों की चीज नहीं रही, यह हर घर की बात बन चुकी है। उन्होंने महिलाओं को निवेश के क्षेत्र में आगे आने की प्रेरणा दी और कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सशक्तिकरण की असली कुंजी है।

# जनता की सरकार, जनता के दम पर : महादेव राउत मंडल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकतांत्रिक जनता दल के प्रदेश संयोजक महादेव राउत 'मंडल जी' ने कहा कि बिहार में अब वही राजनीति चलेगी जो जनता की आवाज से जन्म लेगी, न कि पूंजीपतियों के धनबल से। उन्होंने कहा कर्पूरी ठाकुर की सादगी, शरद यादव की समाजवादी दृष्टि, कांशीराम की जागृति और बाबा साहब अंबेडकर के संवैधानिक मूल्य हमारे आंदोलन की चार मजबूत नींव हैं। हमें ऐसी सरकार चाहिए जो जनता के प्रति मजबूर हो, न कि धनबल के दम पर मजबूत। महादेव जी ने कहा कि लोकतांत्रिक जनता दल धनबल और वोट-खरीदी की राजनीति के खिलाफ जनजागरण चला रही है जो प्रत्याशी करोड़ों रुपये खर्च कर वोट खरीदेगा, वह जनता को नहीं बल्कि लोकतंत्र को बेचता है। अब बिहार में ईमानदारी और जनसेवा की राजनीति को जगह देनी होगी। उन्होंने बताया कि एलजेडी ने 243 विधानसभा सीटों पर जनसुझाव, प्रत्याशी आवेदन और चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ऐसे उम्मीदवारों की तलाश में है जो समाजसेवी, स्वच्छ छवि वाले और जनता के मुद्दों से जुड़े हों। शिकायत या सुझाव के लिए संपर्क नंबर जारी किया गया है। महादेव राउत ने कहा नीतीश, भाजपा, राजद और जनसुरज की तिकड़ी से जनता ऊब चुकी है। नया रास्ता तीसरे मोर्चे से होकर जाता है। एआईएमआईएम, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी और लोक शक्ति पार्टी के साथ विचार-विमर्श हो चुका है।

# गणतांत्रिक समाज पार्टी ने फूंकी चुनावी बिगुल

## सामाजिक न्याय की लड़ाई में हर दल के प्रत्याशी होंगे पराजित : मुकुल आनंद




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक नया समीकरण बनते हुए गणतांत्रिक समाज पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बड़ी घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने रविवार को पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस बार हमारी लड़ाई सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनसेवा की है। हमने ठान लिया है कि बिहार के हर विधानसभा क्षेत्र में सच्चे समाजसेवक और जनता के बीच काम करने वाले लोगों को विधान सभा तक पहुंचाया जाएगा। जनता के समर्थन से हम सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को हराएंगे और एक नई राजनीतिक संस्कृति की शुरूआत करेंगे। मुकुल आनंद ने बताया कि गणतांत्रिक समाज पार्टी अन्य कई दलों के साथ गठबंधन बनाकर बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस गठबंधन में राष्ट्रीय रिपब्लिकन पार्टी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि कुल 243 सीटों में से 140 सीटें अतिपिछड़ा वर्ग के कर्मठ और ईमानदार प्रत्याशियों को दी जाएंगी। यह फैसला सामाजिक संतुलन और सच्चे प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर लिया गया है। राष्ट्रीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामनंदन ठाकुर ने बताया कि उनकी पार्टी ने भी बिहार की कई सीटों पर अपने प्रत्याशियों का चयन कर लिया है जिनकी सूची जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। संयुक्त गठबंधन की ओर से जिन प्रत्याशियों को टिकट कंफर्म किया गया है, उनमें मोहन कुमार, दिलशान, गोपाल शर्मा, अनुज शर्मा, डॉ. संजीव पोद्दार, डॉ. शिव शंकर शर्मा, श्रवण कुमार, रंजीत शर्मा, संतोष कुमार, कवि राज कवि, सुंदर लाल शर्मा, भीम राम जी, कुंजबिहारी शर्मा, मुकेश पासवान, राजकुमार, विमल ठाकुर, शिप्पु कुमार आदि प्रमुख नाम शामिल हैं। मुकुल आनंद ने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति को स्वच्छ और जनोन्मुख बनाना है। हमने समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और अतिपिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने का संकल्प लिया है। गणतांत्रिक समाज पार्टी बिहार में एक नई राजनीतिक क्रांति की शुरूआत करेगी।

# पूर्व सांसद ने किया मानपुर में मैथ गुरुकुल शिक्षण संस्थान का भव्य शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मानपुर(गयाजी)।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित मैथ गुरुकुल शिक्षण संस्थान का भव्य शुभारंभ आज मानपुर जगजीवन कॉलेज के पास किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ पूर्व सांसद विजय मांझी, मानपुर संस्कृत विद्यालय के स्थानाधीश सुदर्शनाचार्य जी महाराज एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पंकज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सभी अतिथियों को संस्थान के संचालक रौशन कुमार द्वारा तुलसी पौधा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान से जुड़े सभी शिक्षक पहले से सरकारी सेवाओं में रह चुके हैं और स्वयं प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर चुके हैं। ऐसे में वे छात्रों की कठिनाइयों को भली-भांति समझते हुए उन्हें सफलता की राह पर प्रभावी मार्गदर्शन देंगे। पूर्व सांसद विजय मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान के संचालक रौशन कुमार शिक्षा और समाज दोनों के प्रति सजग, अनुभवी एवं जुझारू व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने कहा कि मैथ गुरुकुल न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देगा बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अनुशासन भी विकसित करेगा।

# सूचना का अधिकार, जीवन का अधिकार : अभय दुबे




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम डॉ. मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर 2005 को पारित हुआ था। यह कानून भारत के नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बना। इसने आम जनता को सरकारी तंत्र से जवाब मांगने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की ताकत दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से लाखों नागरिकों ने अपने हक-जैसे राशन, पेंशन, मजदूरी, छात्रवृत्ति और योजनाओं का लाभ हासिल किया। परंतु पिछले दशक में विशेषकर मोदी-नीतीश सरकार के दौरान इस कानून की आत्मा को कुचलने की संगठित कोशिश हुई है। यूपीए सरकार ने अपने अधिकार-आधारित एजेंडा के तहत मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा कानून (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) जैसे जनकल्याणकारी कानून लागू किए। इसी क्रम में 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' भारतीय लोकतंत्र की आत्मा बना–जिसने सत्ता को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया। धारा 25 के अनुसार आयोग को हर वर्ष अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करनी चाहिए, लेकिन 2017-18 के बाद कोई वार्षिक रिपोर्ट जारी नहीं हुई है – यानी पिछले सात वर्षों से बिहार में पारदर्शिता ठप है। सतर्क नागरिक संगठन की रिपोर्ट 2023-24 बताती है – बिहार में 25,101 से अधिक अपीलें और शिकायतें लंबित हैं। आयोग ने 11,807 अपीलें और शिकायतें वापस कीं जबकि उसी अवधि में 10,548 ही दर्ज हुई थीं। एक अपील या शिकायत को निपटाने में औसतन 5 वर्ष का समय लग रहा है। स्पष्ट है कि बिहार सरकार ने आरटीआई को पंगु बना दिया है – पारदर्शिता अब सत्ता के डर से दबी हुई है। 2019 के संशोधनों ने सूचना आयोगों की स्वायत्तता समाप्त कर दी, केंद्र को आयुक्तों का कार्यकाल और वेतन तय करने का अधिकार दिया गया जिससे आयोग सरकार के अधीन हो गए।

# 37 वां महालक्ष्मी स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महालक्ष्मी के स्मरण मात्र से मानव धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। महालक्ष्मी धन, समृद्धि तथा प्रचुरता की देवी मानी जाती है। अपने भक्तों को सौभाग्य और सफलता का आशीर्वाद देती है-ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भगवती महालक्ष्मी स्मृति अन्तजार्लीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण के निरन्तर 37वें शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। अपने उद्घाटन भाषण में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने सभी का कल्याण करनेवाली, सिद्धि, बुद्धि और मोक्ष देनेवाली है। दीपावली के शुभावसर पर महालक्ष्मी की स्मृति में संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का आयोजन अत्यावश्यक है। पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता उग्र नारायण झा ने कहा कि संस्कृत भाषा में अपने विचारों को व्यक्त करना गर्व का विषय है। इस अवसर पर विशिष्टातिथि डॉ अनिल चौबे, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की वरीय सहायक आचार्या डॉ बिधु बाला, संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, डॉ रागनी कुमारी, दिल्ली प्रांत के सह संयोजक मनीष कुमार, झारखंड प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ महेश केवट, बिहार प्रांत के प्रचार सचिव मुरली धर शुक्ल, विहार संस्कृत संजीवन समाज की कार्यालय सचिव श्रद्धा कुमारी, मध्य प्रदेश प्रान्त की सह संयोजिका तारा विश्वकर्मा आदि वक्ताओं ने भी संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। मधु कुमारी एवं दिल्ली से आयुष रंजन भी उपस्थित थे।

# जीबीएम कॉलेज जाने के रास्ते में अवैध निर्माण से रास्ता अवरूद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय, जो ठीक सिविल लाइन्स थाना के बगल में है, के एकमात्र आने जाने के रास्ते में अवैध निर्माण द्वारा रास्ता अवरूद्ध किया जा रहा है। घर के बाहर निकालने के विरोध में नगर आयुक्त, लोक जनशिकायत में पिछले सप्ताह में मोहल्लेवासियों ने आवेदन के माध्यम से अवगत कराया। महाविद्यालय ने भी थाना और अनुमंडल पदाधिकारी को शुक्रवार को आवेदन दिया।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में पांच सौ मरीजों ने कराई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर राधा रानी ग्रुप, पटना के सौजन्य से किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सहाय गोयल ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमें प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन एवं डॉ स्पर्श गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल एवं डॉ प्रवीण, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, होमियोपैथ के डॉ कन्हैया अग्रवाल, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर सहित कुल 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को देखा।

# सीयूएसबी के लीगल एड क्लिनिक ने किया ओरिएंटेशन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** न्यायिक सेवा भावना को बढ़ावा देने में छात्रों की भागीदारी अहम होती है। विधि के नए विद्यार्थियों में इसी संदेश का संचार करने हेतु दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के लीगल एड क्लिनिक ने एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के सान्निध्य एवं संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक सहायता के उद्देश्यों के अनुरूप समाजोन्मुख शिक्षा को सशक्त बनाना और विद्यार्थियों में न्यायिक सेवा भावना को प्रोत्साहित करना था। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन एसएलजी के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के नेतृत्व में लीगल एड क्लिनिक के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने किया। स्वागत भाषण में प्रो. अशोक कुमार, डीन, एसएलजी ने कहा कि लीगल एड क्लिनिक ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज में विधिक जागरूकता फैलाई है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से संबंधित गतिविधियों का उल्लेख करते हुए छात्रों को विधिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। लीगल एड क्लिनिक के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और क्लिनिक की आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

# नामांकन स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बिहार विधानसभा निर्वाचन-2025 के तहत नवादा जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक निर्वाची पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नामांकन के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की कठिनाई या असुविधा न हो तथा निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाये।



दिनांक 13 से 20 अक्टूबर तक सभी निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय कक्ष में सुबह के 11 बजे से दोपहर के 3 बजे तक अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन प्रपत्र संबंधित कार्यालय से ही सुरक्षित जमा राशि देकर प्राप्त किए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी नामांकन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे कार्यालय के अंदर और बाहर लगाए जाएं, ताकि संपूर्ण नामांकन प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग स्पष्ट रूप से हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरा एवं डिजिटल घड़ियों का समय समान रहे तथा कार्यालय के अंदर और बाहर दो-दो डिजिटल घड़ियां लगाई जाएं। साथ ही, माइक सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक घोषणाएँ आसानी से की जा सकें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उन्होंने कहा कि कैमरों से प्राप्त फुटेज को सुरक्षित रखा जाए, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके।निरीक्षण के जिला पदाधिकारी ने नामांकन स्थल की साफ-सफाई, हेल्पडेस्क की सक्रियता, प्रपत्रों की उपलब्धता, नाजिर रसीद की स्थिति तथा घड़ी के समय का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नामांकन पत्र, फॉर्म 26 (एफिडेविट) तथा अभ्यर्थी को देय अन्य आवश्यक दस्तावेजों की व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ और सुव्यवस्थित रखा जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही परिसर और आरओ कक्ष में वाहनों और व्यक्तियों का प्रवेश भी आयोग के निदेश के अनुसार ही निदेशित होगा। पूरे नामांकन अवधि में दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक परिसर में विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे जिसके लिए संयुक्त आदेश भी निर्गत कर दिया गया है ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है, जो अभ्यर्थियों, उनके प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को सूचना, सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हेल्पडेस्क का उद्देश्य नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम एवं त्रुटिरहित बनाना है। यह हेल्पडेस्क अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों, भरने योग्य प्रपत्रों, समयसीमा और प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की जानकारी देता है। हेल्पडेस्क फॉर्म 02 बी (नामांकन पत्र) भरने की पूरी प्रक्रिया भी समझाता है। उन्होंने सभी निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि हेल्पडेस्क को पूर्ण रूप से सक्रिय और संवेदनशील रखा जाए, प्रशिक्षित कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा सभी आवश्यक प्रपत्र, दिशा-निर्देश, पुस्तिका और चेकलिस्ट उपलब्ध रहे।

इसके अतिरिक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आज रजौली चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) एवं एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) द्वारा बनाए गए जांच केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा की। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूर्व ब्रीफिंग के साथ ड्यूटी पर लगाया जाए। जब्ती के विरुद्ध की जाने वाले अपील से संबंधित जानकारी भी एसएसटी चेकपोस्ट पर प्रदर्शित की जाये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नवादा जिला प्रशासन विधानसभा चुनाव-2025 की संपूर्ण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर समुचित समन्वय के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के पालन को सख्ती से सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मेजर जनरल ने किया ऑल इंडिया राजगीर ट्रैक 2025 का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** प्राचीन नगरी राजगीर में आयोजित ऑल इंडिया राजगीर ट्रैक–2025 का समापन समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिहार एवं झारखंड निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल ए.एस. बजाज ने कैंप का निरीक्षण किया। उनके साथ गया ग्रुप मुख्यालय के कर्नल नंदा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत क्लोजिंग एड्रेस से हुई, जिसे कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने संबोधित किया। समापन अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी पदाधिकारियों और कैडेटों को प्रतीक चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कैंप में देशभर के कैडेटों ने अपनी संस्कृति, लोकनृत्य, गीत और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अनेकता में एकता की भावना को साकार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीआरपीएफ कमांडेंट करुणा राय उपस्थित रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निदेशालयों को भी पुरस्कृत किया गया। वॉलीबॉल में बिहार एवं झारखंड निदेशालय विजेता रहा, टग ऑफ वार में उत्तर प्रदेश निदेशालय ने बाजी मारी,जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम निदेशालय को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल बाहरी ने अपने संबोधन में कैंप के अनुभव साझा किए और सभी कैडेटों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कैंप संचालन में एनसीसी पदाधिकारी मधुकांत, अरुण तिवारी, प्रीति कुमारी, सूबेदार मेजर ललित टीका, सूबेदार रूपेश गुरुंग, सत्येंद्र सिंह, राजकुमार और भीम बुद्ध का विशेष योगदान रहा। समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी पदाधिकारी मधुकांत ने किया। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की विविधता में एकता और अद्वितीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। मुख्य अतिथियों ने सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## एक नजर

### 350 लोगों पर की गई निरोधात्मक कार्रवाई

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र में 350 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। विधानसभा चुनाव को लेकर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। जिन लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई हुई है, उनमें से कई ने बंधपत्र भरा है।

### सेवा निरन्तरता का लाभ नहीं मिलने से शिक्षकों में निराशा

**पकरीबरावां।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि विशिष्ट शिक्षकों को सेवा निरंतरता का लाभ नहीं मिलने से शिक्षकों में निराशा है। उन्होंने कहा कि कमेटी का गठन किया है। कमेटी ने क्या निर्णय लिया इसे प्रकट नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। प्रधान शिक्षकों को विद्यालय में योगदान देने के लगभग तीन माह होने वाला है, पर उन्हें वेतन नहीं मिला है।

### अलग-अलग गांवों से दो वारंटी गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो विभिन्न गांवों में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी कर सिमरिया के पप्पू सिंह एवं सिंदुआरा के सुखदेव महतो को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया कि वारंटियों एवं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बालक को किया गया विधि निरुद्ध

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने एक बालक को विधि निरुद्ध किया है। थाना क्षेत्र के चमन मोहल्ले का वह रहने वाला है। मारपीट के एक मामले में उसे विधि निरुद्ध किया गया है।

### गुप्त सुचना के आधार पर शराब बरामद

**नारदीगंज (नवादा)।** गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद टीम ने रविवार की सुबह नारदीगंज थाना अंतर्गत पंडपा गांव में चंद्र किशोर उर्फ झालो के घर पर छापामारी कर घर में छुपा कर रखे गए विभिन्न अंग्रेजी शराब ब्रांडः इंपिरियल ब्लू, रॉयल स्टैग प्रीमियम डीलक्स व्हिस्की, ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल चैलेंज और मैकडॉवेल नंबर एक जैसा ब्रांड पाया गया। कुल मात्रा 57 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। उसके साथ चंद्र किशोर उर्फ झालो उम्र करीब 59 वर्ष पिता सुरेश प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शराब विक्रेता द्वारा बताया कि हिसुआ का विक्रम कुमार उसे शराब पहुंचा दिया करता था। जिस कमरे से शराब की बरामदगी हुई है। उसको बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 62 के अंतर्गत सील बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार शराब विक्रेता के अलावा विक्रम कुमार के विरुद्ध भी छानबीन के उपरांत अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी दल का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध दीपक कुमार ने किया। सहयोग में सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध सुबोध कुमार निषेध, मद्य निषेध सिपाही आरती कुमारी ने किया। इस गांव से छापामारी कर लौट रहे उत्पाद टीम को रास्ते में कहुआरा गांव के समीप (थाना नारदीगंज) एक स्कूटी चला रहे व्यक्ति के संबंध में संदेह होने पर उसे जब जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया तो वह व्यक्ति सड़क पर स्कूटी छोड़कर खेत में नीचे उतरकर भागने लगा। टीम के द्वारा खदेड़ कर पकड़ने की कोशिश की गई पर वह कीचड़ और जमा बरसाती पानी में कूद कर भागने में सफल रहा। स्कूटी की विधिवत तलाशी लेने पर स्कूटी के सीट के नीचे बाक्स में दो बोतल विदेशी शराब दोनों 750 एमएल का ब्रांड इंपिरियल ब्लू कुल मात्रा 1.5 लीटर बरामद हुआ और स्कूटी को जब्त कर लिया गया। अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नामांकन से पूर्व नामांकन कक्ष, डिस्पैच सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

**रजौली।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम रवि प्रकाश ने रविवार को रजौली विधानसभा मुख्यालय पहुंच नामांकन स्थल, डिस्पैच स्थल और बिहार-झारखंड सीमावर्ती स्थित समेकित जांच चौकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रजौली इंटर विद्यालय में बने इवीएम डिस्पैच सेंटर में मौजूद सुविधाओं और काउंटर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन कक्ष का जायजा लिया और सुरक्षा इंतजामों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा, चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर चुनाव को लेकर बनाए गए चेक नाका पर मौजूद मजिस्ट्रेट व पुलिस बलों, उत्पाद बलों एवं परिवहन विभाग का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने जांच चौकी पर लगे सीसीटीवी की भी जांच की एवं पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड की ओर से आनेवाली सभी छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दें।बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होगा, पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। नवादा में दूसरे चरण में मतदान होना है।जिला प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीएम ने कहा कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, सीओ मो. गुफरान मजहरी, उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता, उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### 'छोड़ो घर का सारा काम, पहले चलो करें मतदान'

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए अलग- अलग तरीकों से जागरूक किया जा रहा है। रविवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय दत्तरौल उर्दू के बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखें तख्तियां लेकर गली, मोहल्लों में जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। प्रधानध्यापक मो. महताब अली के नेतृत्व में बच्चों ने छोड़ो घर का सारा काम पहले चलो करें मतदान, लोकतंत्र को मजबूत बनाना है मतदान करने जरूर जाना है आदि नारे लगाए। प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने चेतना सत्र में बच्चों को अपने माता- पिता एवं परिवार के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। प्राथमिक विद्यालय उसरी में विद्यालय के बच्चों रोहित, अजंता, अनिता, सविता, शालू, करिश्मा आदि ने हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

# मद्यनिषेध विभाग की टीम ने छापेमारी कर शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विधानसभा चुनाव को लेकर नालंदा जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मद्यनिषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को की गई छापेमारी में विभाग ने लगभग 35 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मध्यनिषेध थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार को सूचना मिली थी कि थाना बिहार क्षेत्र के सकुनत कलां मोहल्ले में दो युवक शराब की होम डिलीवरी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर गठित टीम जिसमें एसआई श्वेता सिन्हा, एएसआई अश्विनी पासवान, प्रियंका कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुभाष कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



छापामारी के दौरान पुलिस ने एक मुर्गे की दुकान के पास मोटरसाइकिल से शराब लेकर जा रहे दो युवकों को धर दबोचा। पूछताछ में उनकी पहचान पंकज कुमार (नवादा) और अमित कुमार (नालंदा) के रूप में हुई। तलाशी में रॉयल स्टैग व्हिस्की की बोतल और मोबाइल बरामद हुए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे शराब की डिलीवरी खंडक मोहल्ला स्थित किराए के कमरे से करते थे। वहां छापेमारी में कुल 34.795 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। दोनों के खिलाफ मध्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि चुनाव को देखते हुए कार्रवाई और सघन की जाएगी तथा आम लोगों से अवैध शराब की सूचना देने की अपील की गई है।

## ओवर ब्रिज पर बंद पड़े लाइट से बढ़ रही दुर्घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** ओवर ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट बंद होने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बीते शनिवार की रात्रि बाईपास के समीप ओवर ब्रिज के नीचे एक बछड़े की मौत हो गई,जब वह ओवर ब्रिज के नीचे बैठा हुआ था और एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे कुचल दिया। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए बहुत दुःखद है और वे इस समस्या का समाधान चाहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवर ब्रिज पर लगा स्ट्रीट लाइट विगत तीन-चार महीनों से लगातार बंद है। दर्जनों बार टोल फ्री नंबर 1033 पर शिकायत करने के बाद भी लाइट नहीं जलाई गई। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। बजरंगदल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा, सह संयोजक संदीप वर्मा, समाजसेवी पिंकू लाल,पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, सुधीर यादव, पिंटू यादव, लक्की कुमार, दीपक कुमार ने बताया कि ओवर ब्रिज पर लगा स्ट्रीट लाइट बंद रहता है,जिसके कारण हमेशा सड़क दुर्घटनाएं घटित होते रहती है।

# महिला की गोली मार हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार की सुबह नालंदा जिले में एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान वेना थाना क्षेत्र के गंगा बीघा गांव निवासी रामप्रवेश यादव की पत्नी सरिता देवी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। उनका शव चंडी थाना क्षेत्र के कोयल विगहा–पहाड़पुर मार्ग किनारे पुल के पास पानी में फेंका हुआ मिला। घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ के सदर अस्पताल भेज दिया गया।

ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना दी, जिसके बाद परिवार ने पहुंचकर पहचान की। हिलसा एएसपी शैलजा ने बताया कि महिला के सिर में गोली लगी है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि प्रारंभिक जांच में मामला पैसों के लेनदेन के विवाद में हत्या का प्रतीत हो रहा है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पेड़ की टहनी काटते समय व्यक्ति की गिरकर मौत

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के बाराबिगहा गांव में एक हादसे में 62 वर्षीय मदन राम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मदन राम (पिता – वासदेव राम) अपने खेत में बोरिंग के पास स्थित गुलर के पेड़ की टहनी काट रहे थे, तभी वे संतुलन खोकर बोरिंग के कमरे की छत पर गिर पड़े। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए बिहारशरीफ ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नूरसराय पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। डीएसपी सदर-2 बिहारशरीफ तथा नूरसराय अंचल के पुलिस निरीक्षक ने भी स्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है।

# मतदान कर्मियों को दिया गया इवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नालंदा जिले में मतदान की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम एवं वीवीपैट के संचालन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को मशीन की प्रत्येक प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए प्रशिक्षण के दौरान 100-100 मत डालकर मॉक पोल कराया गया। इसके बाद इवीएम से प्राप्त परिणामों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से कराया गया, ताकि मतदान कर्मियों को वास्तविक मतदान



दिवस जैसी स्थिति का अनुभव हो सके। जिला प्रशासन के अनुसार, अब तक सभी पीठासीन पदाधिकारियों को इवीएम और वीवीपैट के संचालन का सफल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और प्रभावी रूप से संपन्न हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभ्यास चुनाव दिवस पर मतदान प्रक्रिया को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## जीविका दीदियों का मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**नवादा।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नवादा जिले के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित जीविका दीदियों को 11 नवंबर 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक वोट लोकतंत्र की मजबूती की नींव है। जीविका दीदियों से अपील की गई कि वे गांव-गांव जाकर मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें।

# अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, 590 लीटर शराब बरामद

## ड्रोन की मदद से उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** उत्पाद थाना पकरीबरावां की टीम ने रविवार को कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा जंगल में ड्रोन की सहायता से विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान चार अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। छापामारी के क्रम में टीम ने मौके से 590 लीटर तैयार महुआ शराब तथा लगभग 1400 किलोग्राम किंवित (फर्मेंटेड) जावा महुआ का घोल बरामद किया,जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं इस दरम्यान भट्ठी संचालकों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान का नेतृत्व रामेश्वर टुडू,निरीक्षक मद्य निषेध-सह-थानाध्यक्ष,उत्पाद थाना पकरीबरावां ने किया,जबकि सहयोग में पंकज उदास,सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध एवं विभागीय टीम शामिल रही। प्रशासन के



अनुसार यह अभियान आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र मद्य निषेध कानून के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु चलाया जा रहा है।

# घरों को रोशन करने को चाक की रफ्तार हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली को महज कुछ ही गिनती के दिन बचा है।दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों का चाक तेजी से चलने लगा है। उन्हें अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है,जिससे उनकी रोजी-रोटी बेहतर ढंग से चल सकेगी।

**पूरा परिवार जुटा दीपक और बर्तन बनाने में**

कुम्हारों का पूरा परिवार मिट्टी के दीपक बनाने में लगा है।नगर पंचायत क्षेत्र के कुम्हारटोली में स्थित कुम्हारों के चार-पांच घरों में मिट्टी का सामान तैयार किया जा रहा है।कुम्हार अनिल





पंडित,सुरेन्द्र पंडित,विजय पंडित आदि ने बताया कि मिट्टी के दीपक बनाने में मेहनत लगती है। रोज 100 से 200 दीपक बना रहे हैं। साथ ही बताया कि मिट्टी के बर्तन व दीए की खरीदारी में हर साल कमी से कुम्हार चिंतित हैं। इसके बाद भी कुम्हारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ेगी।इन कुम्हारों के घरों में मिट्टी के दीपक,मटकी आदि बनाने माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है,तो किसी के हाथ चाक पर बर्तनों को आकार दे रहे हैं। मिट्टी के बर्तन व दीये की बिक्री होती है, तब कुम्हार परिवार दिवाली मनाया है।

# मूर्ति के नाम पर हो रहा था शराब का परिवहन

## हैंड स्कैनर से खुली पोल, बस की छत से विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार–झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर कलकत्ता से बिहारशरीफ जा रही एक बस से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। छत पर लदे कार्टूनों में गणेश जी की मूर्ति बताकर शराब की खेप को ले जाया जा रहा था। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान कलकत्ता से बिहारशरीफ जा रही राजा डीलक्स बस को रोका। बस की छत पर रखे गए छह कार्टूनों को हैंड स्कैनर से जांचने पर उनमें विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब पाई गई। कुल 63 लीटर शराब बरामद की गई है। इस मामले में बस के चालक, कंडक्टर और खलासी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जब बस स्टाफ से छत पर रखे कार्टूनों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनमें गणेश जी की मूर्तियां रखी हैं। संदेह होने पर स्कैनर से जांच की गई, जिससे शराब की तस्करी का खुलासा हुआ। शराब को इस तरह पैक किया गया था, जैसे कोई कीमती वस्तु ट्रांसपोर्ट की जा रही हो।

# छठ घाट का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** नगर पंचायत के नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर एवं पुरानी पुल के समीप बने सीढ़ी व छठ घाट का निरीक्षण रविवार को प्रभारी ईओ सह सीओ मो. गुफरान मजहरी ने किया।इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी,स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित सिंह, सफाई पर्यवेक्षक चुनचुन कुमार एवं छठ पूजा समिति के उपाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद प्रभारी ईओ ने छठ घाट की संपूर्ण साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि छठ घाट के आसपास छठवर्तियों के लिए कपड़ा बदलने के लिए अस्थाई



रूम पर्याप्त मात्रा में बनाया जाएगा।साथ ही चलन्त शौचालय का व्यवस्था भी किया जाएगा। साथ ही रास्ते में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सही ढंग से किया जाएगा।वहीं समिति के उपाध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि विगत कई वर्षों से रजौली बाजार के नाले का पानी छठ घाट में जाने से पानी दूषित हो रहा है।जबकि लोक आस्था का महापर्व छठ हमारी संस्कृति हमारी पहचान है और बिहार का महान पर्व है। इसलिए छठ के दौरान प्रशासनिक तैयारियां बेहतरीन हो,ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।साथ ही निरीक्षण करने आए पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को छठ घाट के मुख्य द्वार पर लगे जिओ प्राइवेट कंपनी लिमिटेड के ट्रांसफार्मर रहने पर होनेवाली कठिनाईयों से अवगत कराया गया।यह सब समस्या को देखते हुए प्रभारी ईओ सह सीओ मो गुफरान मजहरी ने बताया कि जल्द ही नाला का निर्माण किया जाएगा और जिओ कंपनी के ट्रांसफार्मर को दूसरे जगह लगाया जाएगा।जबकि ट्रांसफार्मर से छठ घाट का मुख्य रास्ता बाधित रहने के कारण लोगों में भारी रोष है। इस दौरान जानकारी दी गई कि छठ घाट की सफाई 17 अक्टूबर से की जाएगी। इस मौके पर मौजूद सूर्य मंदिर कमेटी के सदस्य टिंकू सिंह, मुकेश दास, नगर पंचायत के आदित्य सिंह, प्रदुमन कुमार एवं विकास गिरी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस का चार साल के लिए ठेका**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित हैं। **i) निविदा संख्या एवं दिनांक:** e-tender Notice No. MC-06-OPEN-2025-26 दिनांक: 09/10/2025 **ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस का चार साल के लिए ठेका। **कार्य समापन अवधि** – 4 वर्ष । **iii) कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 25,04,69,453.20 (पच्चीस करोड़ चार लाख उनहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपये और बीस पैसे) मात्र। **iv) बयाना राशि:** रु. 14,02,400.00 (चौदह लाख दो हजार चार सौ रुपये) मात्र। **v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** तारीख 30/10/2025 को 17:00 बजे **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 31/10/2025 को 12:00 बजे **vi) प्री–बिड मीटिंग दिनांक एवं समय 15.10.2025–10:30 बजे: प्री–बिड मीटिंग स्थान:** सीनियर सी.डी.ओ./धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद **vii) वेबसाईट विवरण:** https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1140/डीएचएन/टी/25–26/44

# राजस्व कर्मचारी को डीएम ने किया निलंबित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बोधगया अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी रितेश कुमार के विरूद्ध दाखिल खारिज वादों के निष्पादन में फिफो का उल्लंघन करने के कारण जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। परिवादी के आवेदन पत्र के आलोक में बिहार भूमि पोर्टल से प्राप्त विवरणी के अवलोकन से पता चला कि रितेश कुमार, राजस्व कर्मचारी द्वारा फिफो का उल्लंघन करते हुए 129 बार फिफो को स्कीप किया गया है जो विभागीय निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा दाखिल खारिज आवेदनों को निष्पादन करने के क्रम में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से अनुपालन करने हेतु निदेश भी प्राप्त है। रितेश कुमार, राजस्व कर्मचारी द्वारा दाखिल खारिज निष्पादन के क्रम में 129 बार उल्लंघन किया गया। पूर्व में भी जिला पदाधिकारी गया द्वारा परिमार्जन प्लस का 355 आवेदन लंबित रखने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। इनके द्वारा स्पष्टीकरण का जबाब नहीं दिया गया जो इनके स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्ट आचरण को परिलक्षित करता है। इनके विरूद्ध लगाये गये आरापों की गंभीर और व्यापक प्रकृति के कारण इसकी जांच जिला निगरानी समिति से किये जाने का निर्देश दिया गया है। राजस्व कर्मचारी रितेश के विरूद्ध लगाये गये आरोपों की प्रकृति अत्यंत गंभीर है जिसकी गहन जांच की आवश्यकता है। इसलिए जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने तत्काल रितेश कुमार, राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अंचल (नीमचक बथानी) में किया गया है।

# महाबोधि ट्रेन में सांप होने की अफवाह, परेशान रहे रेल कर्मी, नहीं मिला सांप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** नई दिल्ली से आई महाबोधि एक्सप्रेस 12398 शनिवार को गया जंक्शन पर पहुंची। इस बीच सूचना मिली कि ट्रेन के एक कोच में सांप देखा गया है जिसके बाद रेल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। इस बात की भनक लगते ही वासिंग पिट लाइन परिसर के पास मौजूद कर्मचारी भी हैरान हो गए। ट्रेन के कोच में सांप की सूचना मिलने के बाद जांच शुरू की गई, लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी कोई सांप किसी को नजर नहीं आया। वहीं सावधानी के तौर पर पूरे कोच फॉगिंग कराई गई। इसके बाद रेल प्रशासन ने तय किया कि जोखिम लेना ठीक नहीं है। ऐसे में खतरे से बचने के लिए जिस कोच में सांप रहने की सूचना मिली, उस कोच को ट्रेन से अलग कर नया कोच जोड़ा गया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन के यात्रियों ने कानपुर स्टेशन के पास चलती ट्रेन में कोच में सांप दिखने की सूचना दी थी। ट्रेन के गया पहुंचते ही इसकी जांच शुरू कराई गई, लेकिन सांप कहीं भी नजर नहीं आया, वही इस दौरान 2:00 बजे गया से खुलने वाली महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन करीब 1 घंटे लेट से 3:00 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना हुई।

# विजयाराजे सिंधिया ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों से नहीं किया समझौता : डा. मनीष पंकज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** दिवंगत राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि राजमाता सिंधिया जी भारतीय राजनीति की एक ऐसी अद्वितीय शख्सियत थीं जिन्होंने न केवल जनसेवा को अपना जीवन उद्देश्य बनाया, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और संगठनात्मक मजबूती में अपना अमूल्य योगदान दिया। वह भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य के रूप में सदैव सक्रिय रहीं और अपने राजनीतिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि राजमाता सिंधिया जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि समाजसेवा और राजनीति का वास्तविक अर्थ त्याग, समर्पण और जनकल्याण की भावना से जुड़ा होता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों से कभी समझौता नहीं किया। उनके नेतृत्व, सादगी और कर्मठता ने नारी शक्ति को नई पहचान दी। वे न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहीं। उन्होंने आगे कहा कि राजमाता सिंधिया जी ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनगिनत यात्राएं कीं और अपने जीवन के अंतिम क्षण तक पार्टी और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहीं। उनके कार्यों और विचारों से आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। हम सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

## जंगल से 200 लीटर देशी शराब एवं वाहन बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर रविवार को एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अभिताभ के दिशानिर्देश पर 29 वीं बटालियन की ए समवाय भलुआही, जिला औरंगाबाद (बिहार) के उप निरीक्षक (सामान्य) ओम प्रकाश के नेतृत्व में एसएसबी एवं जिला पुलिस- औरंगाबाद, पुलिस थाना ढिबरा के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान देशी शराब 200 लीटर एवं मारुती आल्टो (वाहन) के साथ ग्राम बरवासोई के जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया। बरामद देशी शराब एवं वाहन को थाना- ढिबरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार) को विधिक कारवाई हेतु सौंप दिया गया।

# गोवर्धन प्रसाद सदय की जयंती पर कवि गोष्ठी एवं सम्मान समारोह

## गोवर्धन प्रसाद सदय स्मृति सम्मान से सम्मानित हुई डॉ रश्मि प्रियदर्शनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** जगजीवन कॉलेज, गया जी के सभागार हॉल में साहित्य महापरिषद गया जी के बैनर तले मगही एवं हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार रहे गोवर्धन प्रसाद सदय जी की 100वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्मृति सम्मान समारोह, काव्य संध्या, विचार गोष्ठी एवं सहयात्री पत्रिका का लोकार्पण किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ राम सिहासन सिंह ने की। उपस्थित लोगों ने साहित्यकार गोवर्धन प्रसाद सदय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके स्वर्णिम अवदानों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वर्ष का गोवर्धन प्रसाद सदय स्मृति सम्मान शब्दवीणा की राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष, कवयित्री प्रो (डॉ) कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी को प्रदान किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र प्रदान किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रो उपेंद्रनाथ वर्मा, मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रंजीत कुमार वर्मा, साहित्य महा परिषद के अध्यक्ष डॉ रामसिंहासन सिंह, प्रो शिरोमणि सिंह,डॉ उमाशंकर सिंह एवं डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने संयुक्त रूप से गोवर्धन प्रसाद सदय विशेषांक 'सहयात्री' (त्रैमासिक पत्रिका) एवं डॉ राम सिहासन सिंह द्वारा लिखित साहित्य और मानवीय चेतना नामक पुस्तक का शानदार लोकार्पण किया। ए एम कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ उमाशंकर सिंह ने सदय जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आधुनिक युग के लिए ऋषि तुल्य थे। उनके महाकाव्य राम आख्यान में काव्य की सांस्कृतिक दृष्टि से भारतीय जीवन मूल्यों का संकेंद्रण निहित हैं। राम मर्यादा हैं, सीता शुद्धता का प्रतीक हैं। लक्ष्मण संयम का, भरत भातृत्व भाव का एवं हनुमान निष्ठा का। इन प्रतीकों के माध्यम से सदय जी का काव्य नव मानव के नैतिक पुनर्जागरण की वाणी बन चुका हैं। यदि वाल्मीकि एक धर्म के प्रणेता हैं और तुलसी का राम भक्ति का अधिष्ठाता है तो सदय जी का राम आधुनिक युग के नैतिक चेतन का।उन्होंने आगे कहा कि सदय जी ने राम को जनमानस से जोड़कर नैतिकता का विकास किया। सदय जी का महाकाव्य साधना, श्रद्धा और सृजन का त्रिवेणी संगम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रो उपेंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि उनका व्यक्तित्व आकर्षक था।

# पुलिस पर हमले के आरोप में गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के बसंत बाग मोहल्ला में पुलिस पर हुए हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए शेरघाटी थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पुलिस टीम को इलाके में शराब कारोबार से संबंधित गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस दल ने छापेमारी की कार्रवाई की थी। छापेमारी के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस दल पर हमला कर दिया जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने नामजद और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। शनिवार देर रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर बसंत बाग इलाके में छापेमारी की गई और आरोपी मनीष कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस की विशेष टीम संभावित ठिकानों पर नजर रखे हुए है। अभिषेक कुमार ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस पर हमला एक गंभीर अपराध है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और अपराधियों की गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें, ताकि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रखा जा सके।

## गुरुजी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** नरोमा हॉस्पिटल के संस्थापक, शिक्षाविद, समाजसेवी स्व प्रोफेसर राम नरेश प्रसाद यादव के तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सात परीक्षा केंद्रों पर यह वार्षिक प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता परीक्षा में गया और औरंगाबाद जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से दो हजार से ज्यादा छात्र-छात्रा शामिल हुए। यह प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े इलाकों से छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करना और सम्मानित कर उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है। गोदिहा, लोहारा (औरंगाबाद) इस्माइलपुर, गुरारू, परैया, टिकारी, मानपुर ( गयाजी) के विभिन्न केन्द्रों पर यह परीक्षा ली गई।

# विधानसभा चुनाव को लेकर कोंच पुलिस की छापेमारी, कई गिरफ्तार, शराब बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने रविवार को कई जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कांड संख्या 6/24 के प्राथमिकी अभियुक्त उत्तम कुमार और साधु शर्मा उर्फ सर्वोत्तम कुमार (दोनों ग्राम नेवधी निवासी) को पुलिस पर हमला और आर्म्स एक्ट के मामले में एसआई सरोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया। वहीं कांड संख्या 489/25 के तहत शराब कारोबार में संलिप्त सोनी देवी को गेंद बिगहा गांव से दो लीटर महुआ देशी शराब के साथ एसआई अभिषेक कुमार ने पुलिस बल के साथ पकड़ा। इसी टीम ने महुआ बिगहा गांव से विकास कुमार को आठ लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## डोभी में रामलीला महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** गयाजी जिला के डोभी नव निर्मित नगर पंचायत डोभी अंतर्गत सेवईचक में विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रचारक मंडली विंध्याचल प्रज्ञागराज (उ.प्र.) की रामलीला मंडली ने किया मंचन। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का अद्भुत मंचन देखा। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा। महोत्सव का संचालन पंडित विनोद मिश्रा और लवलेश कुमार के द्वारा किया गया इनके सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में सांस्कृतिक एकता, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं।

# शेरघाटी में आर्म्स सत्यापन अभियान जारी, 33 हथियारों का सत्यापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शेरघाटी थाना परिसर में रविवार को आर्म्स सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 33 लाइसेंसी हथियारों का विधिवत सत्यापन किया गया। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलेभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में लाइसेंसी हथियारों की जांच, दस्तावेजों का सत्यापन और उनकी भौतिक स्थिति की जांच की जा रही है। प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिनके हथियारों का सत्यापन नहीं हुआ है, वे शीघ्र थाना में आकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। देर करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या हथियारों के दुरुपयोग को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

# स्लोगन लेखन, वाद- विवाद, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर +2 अशोक उच्च विद्यालय परैया गया जी के प्रांगण में छात्राओं के बीच स्लोगन लेखन, वाद- विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।ज़िला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस रश्मि वर्मा की अध्यक्षता में श्रीमती जयवंती सिन्हा डीपीएम, आरती कुमारी, सुशांत आनंद, विशाल कुमार वर्मा महिला एवं बाल विकाश निगम गया, विद्यालय के हेड मास्टर नुमान अहमद सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।निबंध लेखन जो कि बाल विवाह के दुष्प्रभाव विषय पर में प्रथम पुरस्कार गुड़िया कुमारी, द्वितीय ममता कुमारी, तृतीय रौशनी कुमारी को दिया गया।पेंटिंग प्रतियोगिता जो कि मतदान जागरूकता विषय पर में प्रथम वर्षा कुमारी द्वितीय अनुप्रिया कुमारी तृतीय सुरभि कुमारी को दिया गया।भाषण प्रतियोगिता में गुड़िया कुमारी को पुरस्कृत किया गया।ग्रुप रंगोली प्रतियोगिता में अनीश रानी, रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी, अनुपम कुमारी एवं रिया कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

# सड़क-पुल समस्या पर ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के टिकारी प्रखंड की सिमुआरा पंचायत के गुलरियाचक गांव के ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने यह फैसला सड़क, पुल और सिंचाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण किया है। इस मुद्दे पर शनिवार को गांव में प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय महिलाओं ने कीचड़ और पानी भरे रास्तों पर चलकर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों के अनुसार गांव की लगभग दो सौ मीटर लंबी सड़क जर्जर हालत में है। इसके अतिरिक्त नहर पर बनी कच्ची सड़क बारिश के मौसम में कीचड़ से भर जाती है जिससे पैदल आवागमन भी अत्यंत कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने गुलरियाचक को जगधर के पास टिकारी केसपा सड़क से जोड़ने वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण कर सुगम मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सांसद और विधायक से कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। प्रदर्शन में संजय, सुनील, अनिकेत, उर्मिला, संगीता सहित कई ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो वे इस बार के विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

## आंती में 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक होगी रासलीला, तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के आंती पंचायत में श्री छठ पूजा समिति एवं आदित्य युवा क्लब के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रासलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आगामी 19 अक्टूबर (रविवार) से 28 अक्टूबर (मंगलवार) तक आयोजित किया जाएगा। रासलीला के साथ-साथ श्रद्धालुओं और दर्शकों के मनोरंजन के लिए झूला, ब्रेक डांस, नाव ड्रेन, टावर झूला आदि का भी प्रबंध किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को आंती स्थित सती स्थान मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, स्थल सजावट, सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई पर विशेष चर्चा की गई।

# दरियापुर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी (गयाजी)।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उठाया एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। इसी अभियान के तहत दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर के समीप दरियापुर गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा, एनएसएस संयोजक प्रो. बुधेन्द्र सिंह, उप-कुलसचिव प्रतिश कुमार दास, कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. अनिल कुमार (एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी), के साथ प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं छात्र शामिल हुए। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी की टीम के साथ इस जन भागीदारी अभियान में नरोमा अस्पताल की मेडिकल टीम शामिल थी जिसमें मुख्य रुप से डॉ. संजय कुमार (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रियंका कुमारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. सिदार्थ रामानुजम (फिजिशियन), डॉ. नितिन राज (फिजियोथेरेपिस्ट) एवं डॉ. राजेश कुमार (दंत रोग विशेषज्ञ) मौजूद रहे। मेडिकल टीम के द्वारा दरियापुर गांव के ग्रामीणों का गहन चिकित्सीय परीक्षण किया गया एवं इसके पश्चात उन्हें मुफ्त में जरूरत की दवाइयां और साथ में स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श भी दी गई। स्वास्थ शिविर में लगभग 300 ग्रामीणों का स्वास्थ जांच किया गया एवं उन्हें आवश्यक दवाइयां भी दी गई। हेल्थ चेकअप कैंप के साथ दरियापुर गांव में इस दौरान डॉ. रिंकी (सहायक प्राध्यापिका, टीचर एजुकेशन) के नेतृत्व में दान उत्सव, गरीबों की मदद करने संबंधित, एवं ऑनलाइन स्किल से जुड़े अन्य कार्यों का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक ने ग्रामीणों को ऑनलाइन स्किल जैसे कि पेटीएम का उपयोग करना, रील बनाना, युवाओं को अपने बुजुर्गों के साथ समय बिताना, गरीब लोगों के बीच उनके जरूरत के हिसाब से कुछ दान करना, गांव में स्वच्छता अभियान चलाना तथा शिक्षा से वंचित बच्चों के बीच कलम, कॉपी एवं किताब इत्यादि बाँटना सिखाया। डॉ. अनिल कुमार (एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी) ने नरोमा अस्पताल की मेडिकल टीम को विश्वविद्यालय स्थित जीवक स्वास्थ्य केंद्र का भी भ्रमण करवाया। कार्यक्रम में मंच संचालन सुहानी एवं धन्यवाद ज्ञापन का कार्य इतिहास विभाग के शोधार्थी अमृत राज ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतीश कुमार, अंकित, संदीप, मनीष के अलावा तमाम एनएसएस स्वयंसेवकों एवं समस्त की अहम भूमिका रही।

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी जारी, 4 सीटों के लिए नामांकन आज से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए समाहरणालय परिसर में 4 विधानसभा क्षेत्रों - बेलागंज, गया टाउन, वजीरगंज और बोधगया- के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में उम्मीदवारों और उनके समर्थकों के आने की संभावना है जिसके मद्देनजर आदर्श आचार संहिता और यातायात नियंत्रण के लिए एक विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इस ट्रैफिक प्लान के तहत 13 अक्टूबर 2025 से नामांकन अवधि तक कई रास्ते पर गाड़ी का प्रवेश सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। इनमें काशीनाथ मोड़ से डी.एम. गोलंबर, कोयरीबाड़ी मोड़ और दिग्घी तालाब (मंदिर) तीनमुहानी से डी.एम. गोलंबर, पीरमंसूर मोड़ से समाहरणालय (डी.एम. गोलंबर) और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट के पास सब्जी मंडी की ओर से आने वाले रास्ते शामिल हैं। आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट रहेगी। वाहनों के लिए ऑप्शनल रास्ता भी निर्धारित किए गए हैं। काशीनाथ मोड़ से आने वाले वाहन बाटा मोड़ से दाहिने टेकारी रोड जी.बी. रोड (जेपीएन अस्पताल) होते हुए जाएंगे। कोयरीबाड़ी मोड़ और दिग्घी तालाब (मंदिर) से आने वाले वाहन ईएमआई हॉल, गांधी मैदान, चर्च गेट (ए.पी.आर.) मोड़ होते हुए गुजरेंगे। पीरमंसूर मोड़ से आने वाले वाहन बांई ओर मुड़कर पितामहेश्वर, कोयरीबाड़ी मोड़ होते हुए जा सकेंगे। नामांकन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था जिला स्कूल, गया में की गई है। यह ट्रैफिक प्लान 13 अक्टूबर 2025 से नामांकन काम की अवधि तक प्रभावी रहेगा। बता दें कि गया की सभी 10 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगी।

अभ्यर्थियों का नामांकन के लिए सभी विधानसभा के लिए अलग-अलग नामांकन, नॉमिनेशन केंद्र बनाए गए हैं। गया टाउन विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय सदर, वजीरगंज विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय सदर, बेलागंज विधानसभा के लिए डीआरडीए कार्यालय, गया, बोधगया विधानसभा के लिए समाहरणालय परिषर स्थित अपर समाहर्ता राजस्व के चैम्बर में, टिकारी विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय टिकारी, गुरुआ विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय टिकारी, अतरी विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय नीमचक बथानी (खिजरसराय), शेरघाटी विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय शेरघाटी, बाराचट्टी विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय शेरघाटी, इमामगंज विधानसभा के लिए अनुमण्डल कार्यालय शेरघाटी।

# लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 123वीं जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** मध्य विद्यालय दखिनगांव में शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व राजनेता लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 123वीं जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने जय प्रकाश नारायण की जीवनी, गीत, संगीत और नारे के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी।समारोह की शुरूआत जय प्रकाश नारायण के जीवन परिचय के साथ हुई जिसमें छात्रों ने उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, समाजवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और संपूर्ण क्रांति के आह्वान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्रों ने जय प्रकाश नारायण के जीवन से प्रेरित गीत और संगीत प्रस्तुत किए जिससे समारोह का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। समारोह के दौरान छात्रों ने जय प्रकाश नारायण के नारे जयप्रकाश नारायण जिंदाबाद और संपूर्ण क्रांति जिंदाबाद के साथ-साथ उनके विचारों को भी साझा किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार ने कहा कि जय प्रकाश नारायण की जयंती हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को याद करने का अवसर प्रदान करती है। समारोह के अंत में छात्रों ने जय प्रकाश नारायण की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने जय प्रकाश नारायण के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षक प्रभाकर कुमार, ज्योत्सना शाही, मधु, निक्की कुमारी सहित विद्यालय की सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

संपादकीय

# तेजस्वी यादव का मास्टर स्ट्रोक?

बिहार में राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद पहला बड़ा धमाका किया है। उनकी इस घोषणा पर कई व्यावहारिक प्रश्न चिन्ह होने के बावजूद कुछ लोग इसे मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं। गुरूवार को पटना में एक पत्रकारवार्ता में तेजस्वी ने ऐलान किया कि अगर राज्य में राजदनीत महागठबंधन की सरकार बनी तो हर उस घर में एक सरकारी नौकरी दी जाएगी, जहां किसी के पास सरकारी नौकरी नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि यह महज चुनावी जुमला नहीं, बल्कि कानूनी रूप से बाध्यकारी 'प्रण' बताया। यह एक ऐसा वादा है जो पूरे राज्य की राजनीति में भूचाल ला सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब परिवर्तन चाहती है। राज्य में महागठबंधन की सरकार बनते ही शपथ ग्रहण के 20 दिनों के भीतर एक नया अधिनियम (कानून) पारित किया जाएगा, जो हर परिवार को एक सरकारी नौकरी का अधिकार देगा। यह कानून विशेष रूप से उन परिवारों पर लागू होगा, जहां पहले से कोई सरकारी नौकरी नहीं है। तेजस्वी ने दावा किया कि 20 महीनों के अंदर बिहार में ऐसा कोई परिवार नहीं बचेगा, जिसके पास सरकारी नौकरी न हो। अपनी घोषणा और दावों के बचाव में तेजस्वी ने कहा कि बहुत लोगों का सवाल होगा कि कैसे देंगे? हमने सारा डेटा निकाला है और सभी सर्वे करा लिए हैं और मेरा प्रण है कि जो हो सकता है वही हम करेंगे। हम सभी परिवारों की सूची तैयार कर नौकरी का नवजागरण लाएंगे। सामाजिक न्याय के बाद अब आर्थिक न्याय का समय है। उन्होंने याद दिलाया कि 2020 के विधानसभा चुनाव के समय हमने 10 लाख नौकरियों का वादा किया था, जिस पर नीतीश कुमार ने तंज कसा था कि 'पैसा क्या अपने बाप के घर से लाओगे'। तेजस्वी ने कहा कि हम वादे पूरे करने वाले हैं, जुमलेबाजी नहीं करते। मेरा कर्म बिहार है, मेरा धर्म बिहारी। आज राज्य में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। तेजस्वी ने यह दावा भी किया कि जब महागठबंधन सत्ता में था तो हमने 5 लाख लोगों को नौकरियां दी थीं। खास बात यह है कि ये अहम घोषणा तेजस्वी ने अकेले ही की। उनके साथ महागठबंधन का कोई साथी नहीं था। जिस ढंग से तेजस्वी यह ऐलान कर रहे थे, उससे लगता है कि वो मान बैठे हैं कि बिहार में अगले सीएम की शपथ उन्हें ही लेना है। रहा सवाल इस घोषणा की व्यावहारिकता तो बिहार में करीब ढाई करोड़ परिवार ऐसे हैं, जहां से कोई भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं है। अब सवाल यह है कि अगर तेजस्वी के कहेनुसार सभी परिवारों को सरकारी नौकरी दी जाए तो करीब ढाई करोड़ यानी बिहार के हर पांचवे व्यक्ति को सरकारी नौकरी देनी होगी। यह संख्या समूचे देश के सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या से भी ज्यादा है। और इसके लिए पैसा कहां से आएगा, यह तेजस्वी ही जानें। और इतने सरकारी नौकर करेंगे क्या? वैसे भी बिहार की माली हालत पहले ही पतली है। अगर उसकी तुलना मप्र से करें तो बिहार की आबादी मप्र से डेढ़ गुना है, लेकिन उसका वार्षिक बजट से भी कम है। दूसरे, अभी तो नीतीश सरकार को एनडीए में होने के कारण केन्द्र सरकार से काफी मदद मिल रही है, लेकिन महागठबंधन की सरकार बनी तो इसमें भी कमी आएगी। तो क्या तेजस्वी बजट का सारा पैसा सरकारी कर्मचारियों को तनख्वाह में बांट देंगे? जाहिर है कि यह घोषणा हवाई ज्यादा है। लेकिन क्या बिहार की जनता और खासकर युवा इस पर रीझ कर महागठबंधन को जिता देंगे, क्या सरकारी नौकरी का लालच बिहार की जातिवादी राजनीति पर भारी पड़ेगा? इसके जवाब चुनाव नतीजों में ही मिलेंगे।

# जन सैलाब क्या बसपा के ताकत की पुनर्वापसी है?

**बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम द्वारा कमाई हुई उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्होंने बरसो तक बहुजन समाज को उनके हक और अधिकार के लिए सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए एक अहम भूमिका अदा किया की। इस रैली के ज़रिए यही बहुजन समाज फिर से मान्यवर कांशीराम के विचारों को फिर से जिंदा करने जा रहा है, मान्यवर कांशीराम के एक-एक विचार पूरे समाज के वोट बैंक को एक सूत्र में पिरोने का काम करते थे। कांशीराम जी समाज को इकट्ठा करने के लिए अक्सर कहा करते थे- एक झाड़ू की ताकत तब तक है, जब तक वह एक सूत्र में बंधी होती है, जिस दिन वह झाड़ू बिखर जाती, वह खुद कचरा बन जाती है, इसलिए झाड़ू की तरह संगठित रहिए कचरा न बने।**

**डॉ. ललित कुमार**

मान्यवर साहब काशीराम जी के 19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की यह रैली मायावती के एक आह्वान पर आने वाला जन सैलाब है, जिसने कहीं न कहीं पक्ष और विपक्ष खेमे में एक हलचल पैदा कर दी है। बीएसपी के इतिहास में इस रैली को अब तक की सबसे बड़ी रैली के तौर से देखा जा रहा है, वह भी ऐसे समय में जब बसपा सत्ता और राजनीतिक रूप से भी बहुत पिछड़ती हुई नज़र जा रही हैं। यह जन सैलाब बिना शोर शराब, जिसके लिए मीडिया में न कहीं कोई विज्ञापन, न कोई प्रचार हुआ। इसका सीधा संबंध बसपा रैली में आने वाले हर उस पार्टी समर्थक है, जो साहब कांशीराम जी की 19वीं पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए लखनऊ पहुंचा।

बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम द्वारा कमाई हुई उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्होंने बरसो तक बहुजन समाज को उनके हक और अधिकार के लिए सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए एक अहम भूमिका अदा किया की। इस रैली के ज़रिए यही बहुजन समाज फिर से मान्यवर कांशीराम के विचारों को फिर से जिंदा करने जा रहा है, मान्यवर कांशीराम के एक-एक विचार पूरे समाज के वोट बैंक को एक सूत्र में पिरोने का काम करते थे। कांशीराम जी समाज को इकट्ठा करने के लिए अक्सर कहा करते थे- एक झाड़ू की ताकत तब तक है, जब तक वह एक सूत्र में बंधी होती है, जिस दिन वह झाड़ू बिखर जाती, वह खुद कचरा बन जाती है, इसलिए झाड़ू की तरह संगठित रहिए कचरा न बने।

बसपा का पुराना कैडर, जो लंबे समय से बसपा से छिटका हुआ था। वह अब कहीं न कहीं फिर से पार्टी की छत्र-छाया में अपने आप को सुरक्षित महसूस करने के लिए उतावला है। कांशीराम जी के19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ की सड़कों पर जो जन सैलाब उमड़ा, उसे दिहा दिखा दिया कि यह भीड़ पैसे देकर नहीं लायी गयी है, बल्कि वह खुद के खर्चे से चलकर लखनऊ पहुंचे है। जिसने



बहुजन समाज की ताकत का फिर से एहसास कर दिया है। मान्यवर साहब कांशीराम जब भी लखनऊ में इस तरह की रैलिया किया करते थे। उस दौर में भी खूब जन सैलाब उमड़ता था। हालांकि उस दौर में मीडिया के ज्यादा संसाधन न होने के बावजूद कांशीराम के एक आवाहन पर रैली में जन सैलाब उमड़ पड़ता था।

अगर बहुजन समाज पार्टी के करीब पिछले 13 सालों पर नज़र डाले, तो बसपा का राजनीतिक ग्राफ धीरे-धीरे शिखर से शून्य तक जा पहुंचा है। या यूं कहे कि पार्टी इस वक्त सूखे का दंश झेल रही हैं। बसपा वर्ष 2012 के बाद से हर चुनाव में एकाएक अपना राजनीतिक जनाधार खोती जा रही है। उनका खुद का वोट बैंक भी झिटक कर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के खेमा जाता हुआ दिख रहा है। 15 मार्च 2020 को यूपी में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (असपा) के गठन के बाद से बीएसपी का वोटर अब कहीं न कहीं इस ओर झुकता हुआ नजर आने लगा है, जिससे बीएसपी की चिंता बढ़न लाजमी है। बहुजन समाज पार्टी अब ऐसे मुहाने पर खड़ी है, जहां उसके लिए दूर-दूर तक कोई आशा की किरण दिखती हुई नज़र नहीं आ रही हैं, या यूँ कहे बीएसपी इस वक्त अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। यूपी की सियासत में लंबे समय तक बसपा ने चार बार प्रदेश की कमान संभाली। मुख्यमंत्री के तौर पर मायावती ने बहुजन समाज की आवाज बनकर उनको सम्मान दिलाने का काम किया, लेकिन पार्टी का 2012 से ढलान में चले जाना, सोचने पर मजबूर देता है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? कांशीराम के विचारों की राजनीतिक जमीन इतनी जल्दी धूमिल हो जाएगी। मान्यवर कांशीराम ने पार्टी के ज़रिए जो विचार समाज को दिए वह अब अमर हो गये। राजनीतिक विश्लेषकों का अब यहां तक मानना है कि बीएसपी मुखिया मायावती की वह चमक भी अब धूमिल होने लगी है, जिनके सितारे कभी यूपी की सियासत में चमक बिखेरते थे। हर विपक्ष पार्टी के लिए मायावती उस वक्त नासूर बन चुकी थी।

आंबेडकरवादी चिंतक डॉ. सुनील कुमार सुमन इस रैली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहते है कि बहुजन समाज पार्टी का एक बड़ा मास्टर स्टॉक हैं। बहुजन समाज पार्टी के लिए इस तरह का स्वतः स्फूर्त जन सैलाब कोई नई बात नहीं है। जब कभी बसपा की रैली आयोजित होती है, वंचित जनता का बेहिसाब हुजूम ऐसे ही उमड़ता रहा है। यह भारत के किसी पार्टी को नसीब नहीं। न किसी नेता को यह उपलब्धि हासिल है। सबको पता है कि रैलियों में पैसे पर लोग जुटाए जाते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी रैलियाँ 'प्रायोजित' होती हैं। लेकिन बसपा की रैलियों में सुदूर गाँव-देहात से लोग अपने निजी प्रयासों से वैचारिक-राजनीतिक ऊर्जा लिए हुए पहुँचते हैं। ज़ाहिर है यह सब अम्बेडकरवाद की देन है। मान्यवर कांशीराम साहेब की कमाई है।

यह उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में बहन जी के रूप में एक दलित महिला के चार बार मुख्यमंत्री बनने का प्रताप है। लेकिन दुखद पक्ष यह है कि वैचारिक प्रभाव से उभरी यह राजनीतिक चेतना साहेब के असमय चले जाने से कुंद पड़ती गई। वरना देश में आज किसकी मजाल थी एक बुद्धिस्ट समाज के न्यायाधीश पर जूते उछाल दे। आज की यह भीड़ शोषित-पीड़ित आवाम की अपने नेता व पार्टी के लिए सच्ची प्रतिबद्धता है, जज़्बा है, समर्पण है। लेकिन इस वर्ग के नेता अपने लोगों के लिए इतने प्रतिबद्ध अब रह गए हैं। मुख्य सवाल अब यही है। लोग अभी भी नेतृत्वकर्ता की ईमानदारी, समर्पण और दूरदर्शिता की प्रतीक्षा में हैं। जरूरत है कि बहुजन वैचारिकी की विरासत को आगे ले जाया जाए और महापुरुषों के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार काम किया जाए, क्योंकि महज भावनाओं से न ताक़त बनेगी, न समाज आगे बढ़ेगा और न कभी सत्ता हासिल होगी। क्योंकि अभी नहीं तो कभी नहीं।

यूपी की सियासत अब किसी ओर अपना रुख बदलेगी यह कहना अभी बड़ा मुश्किल है। कयास अब यह भी लगाए जाने लगे हैं कि पार्टी के वो सभी पुराने चेहरे फिर से बसपा में शामिल सकते हैं, तो क्या यह मान लिया जाए कि बसपा अब एक नई मोड पर फील्डिंग करने जा रही है? आने वाले चुनाव में अभी दो साल बाकी हैं। ऐसे में बीएसपी को फिर से एक अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। अपने वोटर को मजबूत करने के लिए बसपा अभी से गाँव, शहर, गली-मोहल्ले में पार्टी कैडरों को एक्टिव करे, ताकि चुनाव तक आते-आते उनका वोटर कहीं छिटक न जाए। मान्यवर साहब ने इसी बहुजन समाज को इकठ्ठा करने के लिए, हजारों किमी की साइकिल यात्रा करके एक सूत्र में बांधकर रखा था, तो क्या 19 साल बाद अब फिर बहुजन समाज कांशीराम के विचार को फिर से जिन्दा करने जा रहा है? या यूँ कहें यही जन सैलाब वर्ष 2027 की स्क्रिप्ट लिखेगा?

## अध्यात्म

### दान देने वाले इंसान के धन पर नहीं, उसकी भावनाएं पर ध्यान देना चाहिए



दान से समाज में समानता का भाव आता है। जो लोग दान करते हैं, उनके मन में त्याग करने की और मोह छोड़ने भावना जागती है। शास्त्रों दान को सबसे पुण्य कर्मों में से एक माना है। जो लोग दान करते हैं, उनके धन पर नहीं, बल्कि उनकी भावनाओं पर ध्यान देना चाहिए।

पुराने समय में एक संत को धनी और गरीब, सभी लोग दान दिया करते थे। धनी लोग बहुत ज्यादा धन दान में देते थे और गरीब बहुत कम दान देते थे, लेकिन संत धनी लोगों की अपेक्षा गरीब लोगों को ज्यादा मान-सम्मान देते थे। एक दिन संत गांव में भिक्षा मांग रहे थे, तभी एक गरीब ने देखा कि संत नंगे पैर चल रहे हैं तो उसने तुरंत कपड़े से बने जूते खरीदकर संत को दे दिए। संत ने उसका प्रेम देखकर वह जूते पहन लिए। काफी समय बाद उनका एक धनी शिष्य संत के लिए नए जूते लेकर पहुंचा तो संत ने कहा कि कपड़े के ये जूते मुझे एक गरीब व्यक्ति ने अपनी मेहनत और ईमानदारी की कमाई से खरीदकर दिए हैं, जब तक ये फट नहीं जाते, मैं दूसरे जूते नहीं पहन सकता। एक दिन संत के आश्रम में भंडारे का आयोजन हुआ। दूर-दूर से लोग आश्रम में भोजन करने पहुंचे थे। तब संत के कुछ शिष्य एक बूढ़ी गरीब औरत को धक्के मारकर बाहर निकाल रहे थे। संत ने देखा तो उस बूढ़ी महिला को बुलवा लिया। महिला संत के पास पहुंची तो उसने अपने पास से दो रुपए निकाले और संत के हाथ में रख दिए।

उस महिला ने कहा कि मैं भी इस भंडारे में दान देना चाहती थी, लेकिन ये लोग मुझे भगा रहे थे। संत ने उस पैसे से नमक खरीदा और भंडारे के खाने में मिला दिया। संत ने शिष्यों को समझाया कि दान देने वाले के धन पर नहीं, उसकी भावनाओं पर ध्यान देना चाहिए। जो लोग अपनी मेहनत और ईमानदारी से कमाए गए पैसों का दान करते हैं, उसका मूल्य काफी अधिक होता है। इस बूढ़ी महिला के खून-पसीने की कमाई हमारे भंडारे में लगेगी तो ये खाना भगवान का प्रसाद बन जाएगा।

# उम्मीद की रोशनी या हरे ईंधन का छलावा?

**ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर वैश्विक परिदृश्य फिलहाल विरोधाभासी है। एक ओर विकसित देश निवेश घटा रहे हैं, दूसरी ओर विकासशील देश – विशेषकर भारत – इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं। फिर भी, कुछ बुनियादी सावधानियाँ बरतना अनिवार्य है। जल उपयोग पर सख्त निगरानी होनी चाहिए, ताकि हाइड्रोजन उत्पादन नए पर्यावरण संकट का कारण न बने। सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोपरि हो, क्योंकि एक दुर्घटना पूरे क्षेत्र की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है। साथ ही, इलेक्ट्रोलाइज़र जैसे उपकरणों का स्वदेशी निर्माण बढ़ाया जाए, ताकि तकनीकी निर्भरता कम हो और लागत नियंत्रित रहे। ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य केवल आर्थिक गणनाओं पर नहीं, बल्कि पर्यावरणीय विवेक और तकनीकी नवाचार पर निर्भर करता है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

दुनिया जिस तीव्रता से जलवायु संकट की ओर बढ़ रही है, उसके बीच 'ग्रीन हाइड्रोजन' को एक ऐसे ईंधन के रूप में देखा गया जो भविष्य की ऊर्जा-व्यवस्था को नया स्वरूप दे सकता है – ऐसा स्रोत जो न तो प्रदूषण फैलाता है, न ही सीमित भंडारों पर निर्भर है। लेकिन जैसे-जैसे योजनाएँ धरातल पर आईं, यह सपना कठिन और महँगा साबित होने लगा। जो हाइड्रोजन पर्यावरण को बचाने का प्रतीक माना जा रहा था, वही अब तकनीकी जटिलताओं, भारी लागत और अनिश्चित नीतियों के बोझ तले हांफता दिख रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर जिस उत्साह की लहर उठी थी, वह अब थोड़ी ठंडी पड़ गई है। कई दिग्गज कंपनियाँ अपने प्रस्तावित प्रोजेक्टों से पीछे हटने लगी हैं।

रायटर्स की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्रिटिश पेट्रोलियम ने ऑस्ट्रेलिया की 55 अरब डॉलर की विशाल परियोजना को रोक दिया, फोर्टेस्क्यू मेटल्स ग्रुप ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयोग स्थगित कर दिए, और शेल जैसी ऊर्जा कंपनियाँ निवेश घटाने लगीं। इसका सबसे बड़ा कारण यही बताया गया कि उत्पादन लागत अभी भी बाजार के अनुकूल नहीं है। इससे न केवल 2030 के वैश्विक उत्सर्जन लक्ष्यों पर असर पड़ेगा, बल्कि ऊर्जा संक्रमण की गति भी धीमी पड़ जाएगी। ग्रीन हाइड्रोजन का सबसे बड़ा अवरोध इसकी लागत है। एक किलो ग्रीन हाइड्रोजन तैयार करने की कीमत 3.5 से 6 डॉलर के बीच आती है, जबकि परंपरागत ग्रे हाइड्रोजन केवल डेढ़ डॉलर प्रति किलो में उपलब्ध है। यही आर्थिक अंतर इसके विस्तार की राह में सबसे बड़ी रुकावट बना हुआ है।

ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की प्रक्रिया सुनने में जितनी वैज्ञानिक लगती है, व्यवहार में उतनी ही जटिल है। इसमें पानी को इलेक्ट्रोलाइसिस द्वारा हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित किया जाता है, और इस प्रक्रिया के लिए भारी मात्रा में बिजली चाहिए। यदि यह बिजली सौर या पवन स्रोतों से न मिले, तो पूरा उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है। इसके अलावा, प्रत्येक किलो हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए लगभग दस से तीस लीटर तक स्वच्छ जल चाहिए, जो जल-संकट झेल रहे देशों के लिए नई चुनौती है। तैयार हाइड्रोजन का भंडारण और परिवहन भी आसान नहीं, क्योंकि यह अत्यंत हल्की और ज्वलनशील गैस है, जिसे ऊँचे दबाव या अत्यधिक ठंडे तापमान पर सुरक्षित रखना पड़ता है। यानी तकनीक के हर चरण में खतरे और खर्च दोनों मौजूद हैं।

इन तमाम अड़चनों के बावजूद ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य पूरी तरह अंधकारमय नहीं है। दुनिया के कई देश अब भी इसे ऊर्जा-क्रांति की दिशा में पहला ठोस कदम मान रहे हैं। तकनीकी प्रगति और सरकारी प्रोत्साहनों से इसकी आर्थिकता में सुधार की संभावनाएँ हैं। ग्लोबल न्यूज वायर की रिपोर्ट बताती है कि 2030 तक उत्पादन लागत में 60-



80 प्रतिशत तक की कमी संभव है। यदि यह घटकर 1-2 डॉलर प्रति किलोग्राम तक पहुँचती है, तो यह बाजार में जीवाश्म ईंधनों से प्रतिस्पर्धा कर सकेगी।

भारत के लिए यह चुनौती ही नहीं, अवसर भी है। देश अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग एक चौथाई हिस्सा आयातित पेट्रोलियम उत्पादों से पूरा करता है। यदि ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़े, तो इससे न केवल ऊर्जा-आयात पर निर्भरता घटेगी बल्कि औद्योगिक क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी। इसी लक्ष्य के तहत भारत सरकार ने 2023 में 'राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य 2030 तक पाँच मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल करना और भारत को इस क्षेत्र का वैश्विक केंद्र बनाना है।

देश में इस दिशा में शुरुआती प्रयोग पहले ही शुरू हो चुके हैं। लेह में एनटीपीसी ने विश्व की सबसे ऊँचाई पर हाइड्रोजन बसें चलाकर इतिहास रचा है। दिल्ली और फरीदाबाद में हाइड्रोजन बसों का ट्रायल सफल रहा है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनी हाइड्रोजन ट्रेन ने अपनी पहली परीक्षण यात्रा पूरी की है। इंडियन ऑयल और टोयोटा की 'मिराई' कार सड़कों पर उतर चुकी है। ये पहलें भले सीमित स्तर पर हों, लेकिन ये भारत की ऊर्जा नीति में दिशा परिवर्तन का संकेत देती हैं।

निजी क्षेत्र की कंपनियां रिलायंस, अदानी, टाटा पावर और एल एंड टी जैसी कंपनियाँ अरबों रुपये का निवेश घोषित कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश में शुरू होने वाली 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना देश की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन इकाई होगी, जहाँ पूरी प्रक्रिया सौर और पवन ऊर्जा से संचालित होगी। इस परियोजना का उद्देश्य केवल घरेलू मांग पूरी करना नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए भारत को तैयार करना है।

ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर वैश्विक परिदृश्य फिलहाल विरोधाभासी है। एक ओर विकसित देश निवेश घटा रहे हैं, दूसरी ओर विकासशील देश – विशेषकर भारत – इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं। फिर भी, कुछ बुनियादी सावधानियाँ बरतना अनिवार्य हैं। जल उपयोग पर सख्त निगरानी होनी चाहिए, ताकि हाइड्रोजन उत्पादन नए पर्यावरण संकट का कारण न बने। सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोपरि हो, क्योंकि एक दुर्घटना पूरे क्षेत्र की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है। साथ ही, इलेक्ट्रोलाइज़र जैसे उपकरणों का स्वदेशी निर्माण बढ़ाया जाए, ताकि तकनीकी निर्भरता कम हो और लागत नियंत्रित रहे।

ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य केवल आर्थिक गणनाओं पर नहीं, बल्कि पर्यावरणीय विवेक और तकनीकी नवाचार पर निर्भर करता है। यह दुनिया को जीवाश्म ईंधनों से दूर ले जाने की वह संभावना है जो समय के साथ साकार हो सकती है।

ग्रीन हाइड्रोजन का सफर फिलहाल कठिन और महँगा जरूर है, लेकिन यह असंभव नहीं। यह सिर्फ एक तकनीकी या औद्योगिक विकल्प नहीं, बल्कि मानवता के स्वच्छ भविष्य की अनिवार्यता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यवसाय में विस्तार होने से मन अत्यन्त उत्साहित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**मिथुन**
व्यापार में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ प्राप्त होगा। नये राजनीतिक सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ेगा।

**कर्क**
अपनी कार्यप्रणाली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में रणनीति बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी। मामलों का निराकरण हो सकता है।

**सिंह**
नयी परियोजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह आपके काफी काम आयेगी।

**कन्या**
आपका मन आनन्दित रहेगा। कारोबारियों को मशीनरी आदि को लेकर समस्या होगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ मिलेगा। परिवार के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। करियर में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। समाज में आपको लोग काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे।

**वृश्चिक**
विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। नौकरी के लिये इन्टरव्यू देने वालों को सफलता मिल सकती है।

**धनु**
वैवाहिक जीवन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा आ सकती है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय शुभ है। पुराने निवेश से धन लाभ होगा।

**मकर**
अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। जीवनसाथी से आपको उचित सलाह मिलेगी। करियर में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ**
जिस अवसर को ढूँढ रहे थे, वह आपको आज प्राप्त हो सकता है। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पायेंगे। फाइनेन्स को लेकर समस्या दूर होगी। जरूरतमन्दों की मदद करने से पीछे न हटें।

# बखरी अनुमंडल का 31वां स्थापना दिवस मना

## संघर्षों के बाद मिला है अनुमंडल का दर्जा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** अनुमंडल का 31वां स्थापना दिवस रविवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। बखरी विकास समिति के तत्वावधान में शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने केक काट कर सब डिवीजन के वर्षगांठ को सेलिब्रेट करते हुए संघर्ष के यादों को भी साझा किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि बखरी अनुमंडल संघर्षों की जीवंत गाथा है। आज की नौजवान पीढ़ी को यह जानने की आवश्यकता है कि कितने संघर्षों के बाद हमें अनुमंडल का दर्जा मिला है। बखरी आंदोलनों की भूमि है। हमें हमारा हक आंदोलनों के द्वारा ही हासिल करना पड़ता है,यह यहां का इतिहास है। अनुमंडल आंदोलन के संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि नब्बे के दशक में छात्र संगठनों द्वारा शुरू किया गया संघर्ष बाद में प्रचंड जनांदोलन में तब्दील हो गया था। बोले यही वह आंदोलन था, जिसमें नेता पीछे और जनता आगे आ गयी थी। यह जनता की ताकत थी, जिसमें बखरी की आम अवाम ने सत्ता का हेलिकप्टर बखरी में उतरने पर मजबूर कर दिया था। कहा, अनुमंडल आंदोलन में यहां के लोगो ने पुलिस की लाठियां खायी, मुकदमे झेले, जेल की यात्राएं की। जिन सपनों को लेकर बखरी की जनता ने अनुमंडल के लिए संघर्ष किया था वह आज भी अधूरी है। बखरी अनुमंडल का अपग्रेडेशन समय की मांग है। उन्होंने नौजवानों को आह्वान करते हुए कहा कि बखरी को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे प्रयास में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें। अनुमंडल आंदोलन में जेल गये कांग्रेस नेता कमलेश कुमार कंचन ने कहा कि सब डिवीजन बनने के बाद बखरी का विकास तो हुआ। मगर जेल, आधी अधूरी न्यायिक सुविधा, व्यवहार न्यायालय भवन, अनुमंडल स्तरीय अनेक विभागों के कार्यालय और अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। शिक्षक प्रेम किशन मन्नू के अनुसार, बखरी को सब डिवीजन बनाना यह जनाकांक्षा थी। जिसे पूरा करने में तरुणों ने अपनी तरूणाई खपायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बखरी विकास समिति के सचिव राजकिशोर राज ने कहा कि बखरी अनुमंडल को विकसित बनाने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। मौके पर, अनुमंडल आंदोलन में जेल व मुकदमा झेलने वाले मनोहर केसरी, कमलेश कंचन, अशोक राम, सिधेश आर्य, राजकिशोर साहु (एसपिया),वरुण गुप्ता, अशोक आर्य, कृष्ण कुमार टंकोरिया व संजीव अग्रवाल के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# भयमुक्त चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से पुलिस लगातार फ्लैग मार्च कर रही है। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। साथ ही मादक पदार्थ के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है। जबकि 107 सहित सीसीए 3, 129 बीएनएसएल की कार्रवाई के साथ लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर जुर्माने की राशि भी वसूली जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को शख्ती से पालन कराया जा रहा है। क्षेत्र के सभी बूथों पर सतर्कता बढ़ा दी गयी है। लगातार विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है ताकि मतदाता बिना किसी भय के निष्पक्ष होकर मतदान कर सके। फ्लैग मार्च के दौरान बल के द्वारा ग्रामीणों से शांति एवं सद्भाव बनाये रखने की भी अपील की जा रही है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि चुनावी माहौल में अफवाह फैलाने वाले या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाये जाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। शनिवार को बल के द्वारा पोखरिया पंचायत के विभिन्न वार्डों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव के मद्दे नजर 129 बीएनएसएल की कार्रवाई के तहत 23 लोगों पर कार्रवाई की गयी है। जबकि 753 व्यक्ति पर 107 लगाया गया है। कुल 13 व्यक्ति पर सीसीए 3 के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव बरीय अधिकारी को भेजा गया है।

# आज से होगा नामांकन, तैयारी पूरी

**विधानसभा चुनाव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में दूसरे चरण में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 13 अक्टूबर से आरंभ नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के कहलगांव, पीरपैंती, भागलपुर, नाथनगर, सुल्तानगंज, बिहपुर और गोपालपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए सोमवार से उक्त विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यालय में कार्य अवधि में प्रत्याशियों से नाम निर्देशन पत्र लिया जाएगा। इस संबंध में भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी विकास कुमार, सुल्तानगंज क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी अपेक्षा मोदी सहित सभी सातों निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा रविवार को अपने नाम निर्देशन पत्र कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई और तैयारी की समीक्षा की गई।

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें इसका कोई मोल, छोड़कर सारे काम, पहले चलों करें मतदान, एक वोट से होता है जीत हार, वोट नहीं हो मेरा बेकार आदि स्लोगन से मतदाता जागरूकता भ्रमण मार्ग गूंज उठा। मौका था अनमोल जीविका महिला ग्राम संगठन समसा एवं संस्कार जीविका महिला ग्राम संगठन रजाकपुर द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथग्रहण समारोह के तहत पोषक क्षेत्र के भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करने का। सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार एवं रोहित कुमार ने कहा कि स्वच्छ मतदान के बदौलत ही स्वच्छ लोकतंत्र की स्थापना संभव है। मतदाता के द्वारा डाले गए वोट के सहारे ही अपना प्रतिनिधि का चयन किया जाता है। इसके लिए 6 नवम्बर को होने वाले विधानसभा मतदान हेतु प्रत्येक मतदाताओं से पोलिंग बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उपस्थित जीविका दीदियों को इस चुनाव में आस्था रखते हुए खुद वोट डालने तथा आसपास के वोटर को वोटिंग करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। मौके पर बीके रिंकू कुमारी, सीएनआरपी श्वेता कुमारी, मनीषा कुमारी, संगीता कुमारी, काजल कुमारी सहित कई जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया।

# हिन्दूत्व भारत का जीवन दर्शन : विजय शाही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** रविवार को प्रज्ञा प्रवाह जिला इकाई के तत्वावधान में पेंशनर समाज सभागार जिला परिवहन कार्यालय कैंपस में हिंदुत्व विषय पर मासिक व्याख्यानमाला दिन के 1 बजे से आयोजित की गयी। मासिक व्याख्यानमाला विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मासिक व्याख्यानमाला में आए हुए अतिथियों का एवं उपस्थित विद्वत जनों का स्वागत जिला सह संयोजक अशोक प्रसाद सिंह ने किया। मासिक व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के प्रान्त संयोजक, उत्तर बिहार विजय शाही ने कहा कि हिंदू और हिंदुत्व को लेकर जो भ्रम उत्पन्न किया जा रहा है। वो वर्तमान भारत के पराक्रम को प्रभावित करने कर षड्यंत्र है। हिंदुत्व तो हिंदू का जीवन दर्शन है, आध्यात्मिक अनुष्ठान है प्रत्येक जीव में ईश्वर देखने कि प्रवृति है। वसुधैव कुटुंबकम का विचार है, सर्वभुत हिते रतः का सन्देश है। हिंदुत्व किसी एक किताब के आधार पर विकसित जीवन पद्धति नही वरन हजारों वर्षो के अनुभव सैकड़ो ऋषियों के आध्यत्मिक सुझाव एवं दृष्टि से संचालित है। मासिक व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए विभाग सह संयोजक राजेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता ने कहा की प्रज्ञा प्रवाह एक वैचारिक भारतीय वैचारिक संगठन है। जो सांस्तिक विरासत के जीवन मूल्यों के आधार पर राष्ट्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में युगानुकूल भारतीयता में विश्वास रखने वाले वैचारिक व्यक्तियों का प्रबुद्ध लोगों सांगठनिक तंत्र है। मासिक व्याख्यानमाला को डा. जर्मन सिंह, आचार्य सीताराम शास्त्री, हेमंत कुमार, प्रिंस कुमार, गौरी कुमारी, अखिलेश कुमार, डा. कैलाश प्रसाद पोद्दार, कौशल किशोर प्रसाद सिंह, राम शंकर सिंह, हरे राम मिश्र आदि ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। मासिक व्याख्यानमाला में विषय प्रवेश जिला महिला आयाम प्रमुख गौरी कुमारी, मुख्य अतिथि प्रोफेसर रिंकी कुमारी व्याख्याता महिला महाविद्यालय समस्तीपुर, मुख्य वक्ता विजय शाही प्रान्त संयोजक उत्तर बिहार, विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र सिंह विभाग संयोजक, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विभाग सह संयोजक थे। मासिक व्याख्यानमाला की अध्यक्षता प्रज्ञा प्रवाह के जिला अध्यक्ष शिवचन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। संचालन जिला संयोजक नन्द किशोर सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार प्रमुख युवा आयाम ने किया।

## नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने नावकोठी से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी डंडारी थाने के सिसौनी के आनंदी पासवान का पुत्र शंभू पासवान है। वह शराब के नशे में नावकोठी में उत्पात कर रहा था। इसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

## एक नजर

### बिषहरी स्थान अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा विषहरी स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर सीओ तथा थानाध्यक्ष से की है। ग्रामीण कन्हैया सिंह ने बताया कि खाता संख्या 126 खेसरा संख्या 760 के तहत उक्त मंदिर के लिए 10 धूर जमीन रजिस्ट्री कराई गई है। ग्रामीण योगेन्द्र सहनी द्वारा मंदिर की जमीन को अतिक्रमित कर ली गई है। ग्रामीण द्वारा उन्हें उक्त जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया तो वह उक्त लोगों के साथ बदसलूकी किया। झूठा मुकदमा में फंसाने की धमकी भी दी गई। हम लोग न्याय पसंद तथा शांति प्रिय हैं। उक्त मंदिर की अतिक्रमित जमीन को अतिक्रमण से मुक्त चाहते हैं। आवेदन देने वाले में मनोज कुमार झा, राम नरेश सिंह, प्रवीण कुमार, मुरारी सिंह, विजय कुमार सिंह आदि हैं।

### दो एनबीडब्लू वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के अलग-अलग गांव से समकालीन अभियान में छापामारी कर दो एन बी डब्लू वारंटी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी पहसारा पूर्वी पंचायत के गम्हरिया के लड्डू लाल यादव का पुत्र दिनकर यादव तथा महेशवाड़ा के अंतर्यामी झा के पुत्र निरंजन झा है। दोनों न्यायालय में लंबे समय से अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे। लगातार अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसमें एसएचओ राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, विपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बखतपुर गांव वार्ड संख्या एक निवासी नारायण महतो के 42 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार महतों को दो लीटर देशी महुआ शराब के साथ वीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना में कार्यरत सअनि नंदकिशोर यादव ने दो सौ एम एल के दस पाउच के साथ बखतपुर पेट्रोलपंप के सामने कटघडा दुकान के पास से गिरफ्तार कर के थाना लाया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया।

### गायत्री परिवार की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को नावकोठी में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड संयोजक पुरूषोत्तम जायसवाल ने की। हर्षवर्धन कुमार ने बताया कि दिसम्बर माह में के एल हाईस्कूल मटिहानी में 251 कुंडीय गायत्री यज्ञ तथा संस्कार महोत्सव का आयोजन होना है। इस यज्ञ के वातावरण निर्माण हेतु शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश का 13 अक्टूबर को प्रखंड के विभिन्न पंचायत में इस कलश का क्षेत्र में भ्रमण कराने का रूट चार्क का अनुरूप मार्ग कीआरती की जाएगी। इस संदर्भ में रूट चार्ट निर्माण कर इसे पूरी तरह शक्ति कलश भ्रमण कराने तथा अन्य तैयारी पर सहमति बनी।

# पूर्व विधायक ने किया जनसम्पर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** वीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत में पूर्व विधायक अमिता भूषण ने घर घर जाकर लोगों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रीमती भूषण का पंचायत के कई स्थानों पर लोगों ने स्वागत भी किया। पंचायत के सैकड़ों स्थानीय लोग नारा और झंडा लहराते हुए साथ चल रहे थे। श्रीमती भूषण ने उपस्थित स्थानीय लोगों को सरकार बनने पर रोजगार मुहैया कराने का भरोसा दिलाया।इस दौरान स्थानीय लोगों ने पंचायत में विकास योजनाओं की दयनीय स्थिति से भी अवगत कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि नौला हमेशा से प्रगतिशील समाज का प्रतिबिंब रहा है जो हमेशा जाती धर्म से ऊपर उठकर विकास की राजनीति के साथ खड़ा रहा है। हमने अपने कार्यकाल में जो विकास का प्रयास किया था उसे आगे भी जारी रखूँगी। आज वर्तमान जनप्रतिनिधि जिन योजनाओं और सड़कों के निर्माण का ढिंढोरा पीट रहे हैं उन योजनाओं की स्वीकृति भी हमारे कार्यकाल में हुई थी। आज उनके पास कोई ऐसी विकास की योजना गिनाने को नहीं मिल रही जिसके लिए उन्होंने इन पांच सालों में प्रयास किया हो। पंचायती राज, जिला परिषद केंद्र और राज्य की नियमित योजना से अपना रिपोर्ट कार्ड लोगों को दिखा रहे हैं। भ्रमण के दौरान श्रीमती भूषण ने गारा, बदिया, मखबा, और नौला के लगभग सभी वार्ड के लोगों से मिली। साथ में प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी, पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह, पंचायत अध्यक्ष शंभू साह, राममूर्ति सिंह, चंदन कुशवाहा, सत्यम कुमार, अमित कुमार साह, नीतेश झा, आनंद प्रेम आदि उपस्थित थे।

# आईटी सेल में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्यूरिटी एंड आईटी एपलिकेशन सेल में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किए गए प्रो एप का उपयोग पीठासीन पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्र पर मतदान की विभिन्न स्थितियों की रियल टाइम प्रविष्टि के लिए किया जाना अनिवार्य है। इन प्रविष्टियों में मतदान दल का आगमन, मॉक पोल की स्थिति, मतदान प्रारंभ, दिन भर का वोटर टर्न आउट, और मतदान की समाप्ति शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान, प्रतिभागियों को ऐप के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत डेटा प्रविष्टि करने के महत्व और प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्रो एप के फील्ड टेस्टिंग, लोड टेस्टिंग, और ड्रेस रिहर्सल की निर्धारित समय-सारणी की भी जानकारी दी गई, जिसका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है।साथ ही उपस्थित सभी कर्मियों को एली ट्रेसेस के बारे में भी जानकारी दी गई। इस वेबसाइट के माध्यम से ईवीएम मूवमेंट की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित कर्मियों को निदेश दिया है कि सभी कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक और त्रुटिहीन तरीके से संपन्न किया जा सके।

# चुनाव को लेकर 2400 सेक्टर पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में शनिवार को जिले के 2400 सेक्टर पदाधिकारियों एवं पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया।नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग ने बताया कि जिले में बी.पी. प्लस टू हाई स्कूल एवं एम.आर.जेडी कलेज, बेगूसराय में कुल 22,264 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना निर्धारित है। अब तक लगभग 12,000 कार्मिकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिकों को मतदान कार्य की बारीकियों, ईवीएम-वीवीपैट संचालन, एवं आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की जानकारी देना है ताकि मतदान प्रक्रिया को सुचारू निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# कांग्रेस ने हमेशा किया बाबा साहेब का अपमान : लाल सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले जिला कार्यालय पर प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य एवं बुलंदशहर के सांसद एवं मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. भोला सिंह उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने आज अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का अपमान किया है और उनके विचारों को कभी आत्मसात नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय और समानता की बात की, तब कांग्रेस ने उनके साथ सौतेला व्यवहार किया। श्री आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज बाबा साहेब के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने न तो उन्हें संविधान सभा में सहज अवसर दिया, न ही उनके योगदान का उचित सम्मान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सम्मान केवल भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही सच्चे अर्थों में हुआ है – जब उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं और स्मारक स्थापित किए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे एन.डी.ए. उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुलंदशहर के सांसद डॉ भोला सिंह ने कहा कि कांग्रेस को दलित समाज से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उसने बाबा साहेब के सिद्धांतों और विचारधारा को वर्षों तक दबाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है और सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं समान अवसरों की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति मोर्चा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। श्री आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु अनेक योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री लोकसभा प्रभारी श्री उपेंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा,प्रदेश महामंत्री संजय राम, कुंवर विजय पासवान, रणधीर दास तांती, राहुल पासवान, नरेश कुमार राम, मुन्ना राम, मुकेश महासेठ, सपना भारती सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित

# विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन आज से, तैयारी पूरी

## 11 बजे से शुरू होगा नामांकन, अधिकारियों ने नामांकन स्थल का लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के द्वितीय चरण अंतर्गत 13 अक्टूबर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होते ही जिला में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी। इस क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अररिया अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार द्वारा अररिया एवं फारबिसगंज में नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा भीड़ आगमन से संबंधित तैयारी, बैरिकेडिंग, मूलभूत सुविधा, निर्वाची पदाधिकारी कक्ष सहित सभी तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक तैयारी के निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिये। उन्होंने बताया है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से शुरू हो जायेगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप अररिया जिला के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन स्थलों का निर्धारण कर दिया गया है तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की दृष्टि से सभी स्तर पर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को ससमय अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी व जिम्मेदारी से निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिये गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन अवधि में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। समाहरणालय परिसर सहित दोनों अनुमंडलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सभी मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वारों पर ड्रॉप गेट तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय से 100 मीटर की परिधि को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है, ताकि इस क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या वाहन की आवाजाही न हो।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर गश्ती व्यवस्था बनाए रखें, स्थिति पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की अशांति या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करें।

विधानसभावार नामांकन स्थल और निर्वाची पदाधिकारी :-

**जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन स्थल एवं निर्वाची पदाधिकारियों का निम्नवत है-**

46-नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी - भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज, नामांकन स्थल- भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज का कार्यालय कक्ष।

47-रानीगंज (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, नामांकन स्थल-भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया का कार्यालय कक्ष।

48-फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, नामांकन स्थल- अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज का कार्यालय कक्ष।

49-अररिया विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, नामांकन स्थल- अनुमंडल पदाधिकारी अररिया का कार्यालय कक्ष।

50-जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी- अपर समाहर्ता अररिया, नामांकन स्थल- अपर समाहर्ता अररिया का कार्यालय कक्ष

51-सिकटी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-उप विकास आयुक्त अररिया, नामांकन स्थल-उप विकास आयुक्त अररिया का कार्यालय कक्ष

**प्रवेश एवं वाहन संबंधी दिशा-निर्देश**

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी अभ्यर्थी के साथ आने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या तीन तक सीमित रखी गई है। साथ ही नामांकन के समय कार्यालय कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रतिदिन कार्यालय अवधि में नामांकन के लिए समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक का समय निर्धारित है। 3:00 बजे अपराह्न तक निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर जाने वाले सभी अभ्यर्थियों का नामांकन उसी दिन लिया जायेगा। नामांकन की अवधि 13.10.2025 से 20.10.2025 तक निर्धारित है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीयर नदी में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड क्षेत्र के बेला जीतपुर गांव में रविवार को एक 11 वर्षीय बालक के तीयर नदी में डूबने से मौत हो गई.जानकारी देते पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल यादव ने बताया कि बेला निवासी बृजेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र प्रीतम कुमार दिन के 11 बजे के करीब तीयर नदी में स्नान करने गया था जहां डूबने से उसकी मौत हो गई.घटना की जानकारी मिलते ही जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सदल बल घटनास्थल पहुंचे. संवाद प्रेषण तक शव को नदी से नहीं निकाला जा सका था.वहीं ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद सीओ आनंद कुमार बादल सहित अंचल कर्मियों के मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।



### 20 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद से हीं पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रतिबंधित शराब निर्माण, संग्रहण की जानकारी होते हीं पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर के बसवरिया एवं अंबेडकर नगर में छापामारी कर 20 लीटर देशी विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बतायास कि नगर थाना के दारोगा प्रदीप कुमार शनिवार की शाम समकालीन अभियान में सागर पोखरा चौक पर थे। तभी उन्हें अंबेडकर नगर में एक व्यक्ति के द्वारा शराब बेचे जाने की सूचना मिली। दारोगा वहां छापामारी करने गए तो पुलिस को देख एक व्यक्ति गैलन लेकर भागने लगा। पुलिस टीम उसे पकड़ गैलन की जांच की तो उससे 15 लीटर देसी शराब बरामद की गई। तब पुलिस शराब जब्त कर धंधेबाज अमरनाथ राम को गिरफ्तार कर ली। वहां से लौटने के दौरान बसवरिया पीपल चौक पर छापेमारी की गई। जहां पुलिस राजकुमार के घर से प्लास्टिक के बोरी में छुपा कर रखे गए 15 बोतल (5.625 लीटर) अंग्रेजी शराब जब्त की। राजकुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर शराब के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एमडीएम प्रभारी से स्पष्टीकरण की मांग

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मध्य विद्यालय पुरैनिया हरिहर राम टोला में मध्याह्न भोजन खाने से 27 बच्चे बीमार के मामले में मामला तूल पकड़रता नजर आ रहा है। इधर इस मामले में एमडीएम प्रभारी जाहीद इकबाल के द्वारा जिला को घंटो देर से घटना की सूचना देने एंव लापरवाही बरतने के मामले में जिला द्वारा एमडीएम प्रभारी जाहीद इकबाल से जबाब तलब किया गया है। वहीं बीईओ नीरज कुमार ने बताया कि इधर बच्चों की उल्टी दस्त के बाद एचएम अशोक कुमार राम समेत स्कूल प्रशासन द्वारा मोबाइल को स्विच ऑफ कर बच्चों को बीमार हालत में छोड स्कूल से फरार होने के मामले में एचएम से सष्टीकरण करते हुए मामलें की सुक्ष्मता से जांच की जा रही है। जांचोपरांत गडबडी पाये जाने पर एचएम के खिलाफ कारवाई तय है। विदित हो की विगत दो दिन पूर्व विद्यालय में मध्यान भोजन में अंडा खाने के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने लगी जहां मैनाटांड अस्पताल में भर्ती करा इलाज कराया गया।

### चुनाव को लेकर 350 पर निरोधात्मक कार्रवाई

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के लगभग 350 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि क्रिमिनल परेड रजिस्टर में 25 चिन्हित पहले से आदतन अपराधियों को प्रतिदिन हाजिरी बनाए जा रहा है। फरार वारंटो के घर पकड़ एवं जेल से छूट कर आए अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि छठ एवं दीपावली जैसे महा पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बैक एव एटिएम पर सघनता से जांच की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की और कहा कि छठ दीपावली अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी मनाए। शराब से दूर रहे। अगर शराब बिक्री या पीते हुए पकड़े गए तो दीपावली एवं छठ का रंग आपके परिवार के लिए फीका पड़ जाएगा। किसी के बहकावे में ना आए और कोई परेशानी हो तो पुलिस या 112 को तुरंत सूचना दें हम आपके साथ हैं।

### नरकटियागंज व सिकटा विधानसभा के लिए लगेंगे छह सौ वाहन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन को करीब छह सौ वाहनों की आवश्यकता है। नरकटियागंज एवं सिकटा विधानसभा के लिए तीन तीन सौ वाहनो की आवश्यकता है। इन्हीं वाहनों से मतदान कर्मी सामग्री लेकर बूथों के लिए रवाना होंगे। नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दोनों विधानसभा में चुनाव के लिए तीन-तीन सौ वाहनों की जरूरत है। इसमें बोलेरो, पिकअप, मिनी बस समेत अन्य वाहनों की आवश्यकता है। जिला वाहन कोषांग से सभी वाहन मालिकों को समय रहते नोटिस भेजा जाएगा। जिसके बाद सभी वाहन मालिक अपने अपने वाहनों को पांच से छह नवम्बर तक जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों के पड़ाव स्थल के लिए चीनी मिल के यार्ड को चयनित किया गया है। यहीं से वाहन लेकर चुनाव के एक दिन पहले पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

### आठ लाख अठासी हजार नेपाली नोट पकड़ा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरपुर थाना क्षेत्र के सैनिक रोड के समीप से एक हुंडी कारोबारी को पुलिस ने धर-दबोचा, हरपुर थाना को सुचना मिली थी कि प्रत्येक दिन की भांति आज भी नेपाली नोट के कारोबारी रुपए लेकर नेपाल प्रवेश करने वाले हैं इसको लेकर हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने वरीय अधिकारियों को सूचना देकर कार्रवाई की पहल की , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई और वह तत्क्षण पकड़ा गया, पकड़े गए उन्नीस वर्षीय युवक श्यामपुर बाजार निवासी राकेश कुमार के पुत्र रजत कुमार के रूप में पहचान किया गया है इनके पास से आठ लाख अठासी हजार चार सौ नेपाली नोट के साथ एक मोबाइल पकड़ा गया, गठित टीम में अंचल निरीक्षक रंजय कुमार,् स्त्र ा पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार,पुअनि प्रभात कुमार छौडादानो,उतम कुमार हरपुर, धर्म नाथ कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल तैनात थे।

### भाभी के प्यार में पति पर पत्नी की हत्या का आरोप

छपरा/गोपालगंजनवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सारण जिले की सीमा पर स्थित गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सिरसा दीघवा दुबौली गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी पति अपनी भाभी के प्रेम में पड़ गया था, जिसके चलते उसने पत्नी की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बैकुंठपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं गांव में इस घटना को लेकर दहशत और सनसनी का माहौल है। मृतका के परिजनों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और न्याय की मांग की है।

### विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी मो. शहनवाज रजा के तबादले पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही नये कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार के आगमन पर स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के चेयरमैन सोहन महतो व उपमुख्य पार्षद नमिता सिंह ने फूलमाला व अंगवस्त्र देकर नये कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार का स्वागत किया। वहीं तबादला हुए मो. शहनवाज रजा को अंगवस्त्र और उपहार प्रदान कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में नगर पार्षदों, नगर कर्मियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### एआईएमआईएम ने गोपालगंज से अनस सलाम व सिवान सदर से मोहम्मद कैफ बंटी को दिया टिकट

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दो प्रमुख सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सारण प्रमंडल के पार्टी ने गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र से अनस सलाम को उम्मीदवार बनाया है। अनस सलाम, मीम पार्टी के पूर्व सचिव एवं दिवंगत असलम मुखिया उर्फ अब्दुल सलाम के पुत्र हैं।

# जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में आज से शुरू होगा नामांकन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनावी प्रक्रिया के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जायेगी। अधिसूचना जारी होते हीं जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन सुबह 11 बजे दोपहर 3 बजे तक होगी। 21 अक्टूबर को सभी नामांकन पत्रो की जांच की जाएगी। नामजदगी का पर्चा दाखिल किये अभ्यर्थी 23 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। जिला मुख्यालय में पांच विधानसभा के प्रत्याशी, तो बगहा एवं रामनगर (सुरक्षित) के अभ्यर्थी बगहा अनुमंडलीय और नरकटियागंज एवं



सिकटा विधानसभा के प्रत्याशियों का नामांकन नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में होगा। बेतिया में नामांकन को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव में बेतिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय कक्ष, नौतन के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता बेतिया के कार्यालय कक्ष, चनपटिया के लिए उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष , लौरिया के लिए अपर समाहर्ता विभागीय जांच का कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की व्यवस्था की गयी है। वहीं सिकटा एवं नरकटियागंज का नामांकन नरकटियागंज में तथा बगहा व रामनगर का नामांकन बगहा अनुमंडल में संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को 11 बजे से लेकर 3 बजे तक सभी नामांकन पत्रों का जांच किया जाएगा और 23 अक्टूबर को 3 बजे तक नाम वापसी होने के पश्चात योग्य उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के पालन, निर्बाध यातायात संचालन, विधि व्यवस्था, शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सात स्थानों पर बैरियर लगाया गया है। उक्त स्थानों पर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं नामांकन के लिए पुरी तैयारी कर ली गयी है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक सौ वर्ष पूरा होने पर हुआ पथ संचलन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा शनिवार के दिन संघ के एक सौ वर्ष होने के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन के साथ पथ संचलन किया गया, स्थानीय श्यामपुर बाजार के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक आदापुर प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए हुए थे,पहले प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि करते हुए शस्त्र पूजन किया, उसके बाद बौध्दिक में शस्त्र पूजन सम्बंधित एवं हेडगेवार, गुरु गोलवलकर की जिवनी पर प्रकाश डाला गया, सैंकड़ों की तादाद में पहुंचे स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश थे साथ में विभिन्न दलों में भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल भी उपस्थित थे जिन्होंने भारत माता की तस्वीर, हेडगेवार और गुरु गोलवलकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि की , राम-जानकी मन्दिर से



स्वयं सेवकों की जत्था बगल की गली होकर पुरानी सेन्ट्रल बैंक रोड़ होते हुए चिक पटी, स्टेशन चौक, मेन रोड होते हुए बाजार के दो नम्बर रोड से निकल कर संघ स्थान पर पहुंचा, जहां कार्यालय को समापन की गई, उपस्थित जिला प्रचारक, विकास कुमार,सुमन गिरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय,लाल बाबू सिंह, अनिल कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, संजय वर्णवाल, नारायण अग्रवाल सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## नामांकन के दौरान बैरिकेडिंग के भीतर वाहनों के प्रवेश पर रोक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नरकटियागंज व सिकटा विधानसभा के लिए आज से नामांकन किया जाएगा। नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में नामांकन से संबंधित कोषांग की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ने नामांकन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और हेल्प डेस्क काउंटर के संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि नामांकन कोषांग 03 नरकटियागंज एवं 09 सिकटा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवारों को नामांकन प्रक्रिया में मदद करने के लिए बनाया गया है। नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना, उम्मीदवारों के लिए हेल्प डेस्क का संचालन करना और आवश्यक नामांकन प्रारूप उपलब्ध कराना इस कोषांग के प्रमुख कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन को लेकर अनुमंडल के मुख्य द्वार एवं कृषि कार्यालय भवन के समीप बैरिकेटिंग किया गया है। बैरिकेटिंग के भीतर वाहनों का प्रवेश बन्द रहेगा। बैठक में बीडीओ सूरज कुमार सिंह, रजिस्ट्रार राम कृष्ण कुमार, सीओ सुधांशु शेखर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संपन्न कराने का निर्देश, एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्यसुमन की अध्यक्षता में शनिवार की शाम मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस सभागार, में किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) पुलिस उपाधीक्षक (ट्रैफिक) पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) एवं सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं सभी थानाध्यक्ष सम्मिलित हुए। इस अपराध गोष्ठी में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने हेतु थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियों पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम)पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) एवं सभी अंचल पुलिस निरीक्षकों को कांडों के पर्यवेक्षण में पूर्व की अपेक्षा और तेजी लाने, सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती दल को ज्यादा क्षेत्र भ्रमण करने कानिर्देश दिया। एसपी ने रात्रि गश्ती दल को ज्यादा क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश देते हुए रात्री गश्ती में और चौकसी



बरतने का निर्देश दिया। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुए विशेष चौकसी एवं सतत वाहन जॉच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिला में वाहन चोरी के मामलों में उद्भेदन जल्द से जल्द करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही जिला के सभी थानाध्यक्षो को शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु अभियान को तेज करने, सूचना का अधिकार, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सर्विलांस प्रोसीडिंग, माननीय प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदन एवं जनशिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदन को त्वरित गति से जॉच करने का निर्देश दिया गया। जिला में विभिन्न कांडों में संलिप्त अपराधियों जिनका वारंट निर्गत है उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त सभी थानाध्यक्षों को यह भी आदेश दिया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों के आमजनों के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे।

# दो दिवसीय श्री हनुमान आराधना के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का हुआ समापन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री हनुमान आराधना मंडल प्रयाग के 25 वें अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन का समापन रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बाराजयराम निवासी ओमप्रकाश उपाध्याय उर्फ पूजा उपाध्याय के आवास पर हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन में नेपाल, अयोध्या, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिम चंपारण सहित पूर्वी चंपारण जिले की समस्त



शाखाओं के पार्षद व अधिकारी उपस्थित हुए। जिले के कार्यकारी सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। 12 आवृति हनुमान चालीसा के सस्वर पाठ उपरांत भजन कीर्तन, समीक्षा एवं कथा का आयोजन हुआ। श्री सुंदरकांड का सस्वर पाठ आयोजित हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जिलों, नेपाल एवं अयोध्या से आए मानस व्यास ने सस्वर पाठ किया। पाठ समाप्ति पर समीक्षा, श्रीराम कथा आदि का आयोजन किया गया। अयोध्या से आए श्री रामदास मानस मधुकर ने कहा कि मानस में अयोध्या पुरी, जनकपुरी और लंका पुरी नामक तीन वाटिका है। भगवान तीनों जगह आए है। कहा कि अयोध्या पुरी नामक प्रमोद वाटिका में अनुनय-विनय पर भक्तिवश आए हैं, जनकपुरी में स्वत प्रेमवश आए हैं और लंका पुरी में जबरदस्ती गए हैं। स्वामी अरविंदाचार्य ने कहा कि मानस में सुंदरकांड का नाम सुंदर इसलिए पड़ा कि उस कांड में सबकुछ सुंदर ही सुन्दर है। मौके पर संस्था के केंद्रीय समिति सदस्य श्याम नारायण सिंह, उमेश प्रसाद, के.के मिश्र, विंदेश्वर प्रसाद बिंदु, नवल किशोर महतो, जयप्रकाश सिंह, अभिमन्यु पांडेय, सियाराम सिन्हा, बिंदा सिंह, सुभाष चौबे, गीता ठाकुर, शंभू कुंअर, अवधेश मिश्र, महेंद्र सिंह, अमरनाथ मिश्र, रघुनाथ प्रसाद, लालबाबू ठाकुर, विजय झा, कृष्णदेव तिवारी, अवधेश ठाकुर, वीरेंद्र पांडे, राजेन्द्र राउत, संतोष तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल, श्रीकांत सिंह निराला, ब्रजमोहन सिंह सहित नेपाल, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिम चंपारण, अयोध्या आदि जगहों के सैकड़ों हनुमत पार्षद व अधिकारी उपस्थित थे।

## स्ट्रांग रूम की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को 03 नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कृषि बाजार स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान आरओ ने अधिकारियो को स्ट्रांग रूम आदि की तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिया। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि स्ट्रांग रूम को 15 अक्टूबर तक तैयार किया जाना है। जिसको लेकर तैयारियो का जायजा लिया गया है। 13 अक्टूबर को ईवीएम का पहला रेण्डमाईजेशन होगा। उसके पश्चात जिला से 22 या 23 अक्टूबर को ईवीएम प्राप्त करेंगे। उक्त ईवीएम को विधानसभा के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि गोदाम संख्या छह में



03 नरकटियागंज एवं 09 सिकटा विधानसभा सात में स्ट्रांग रूम बनाया जा रहा है। आरओ ने बताया कि नवम्बर के पहले सप्ताह में ईवीएम की कमीशनिंग की जाएगी। एक नवम्बर से चार नवम्बर तक ईवीएम के कमीशनिंग को पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सिकटा विधानसभा के आरओ सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन, एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार, सीओ सुधांशु शेखर, जेएसएस अनिल कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## छपरा में बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, नवजात शिशुओं को पांच लाख रुपए तक बेचने का खुलासा

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले की पुलिस ने बच्चा चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह गिरोह नवजात शिशुओं की चोरी कर उन्हें पांच लाख रुपये तक में बेच देता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरि किशोर प्रसाद, सोनू गिरी व नीरज पासवान के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि हरि किशोर प्रसाद अपने भाई उपेंद्र सिंह के साथ मिलकर मां दुर्गा नर्सिंग होम नामक एक अवैध नर्सिंग होम संचालित करता था, जहां से नवजात शिशुओं की चोरी कर उनकी



बिक्री की जाती थी। इसी गिरोह से जुड़े सोनू गिरी ने नीरज पासवान के माध्यम से एक नवजात को पांच लाख रुपये में बेच दिया था। नीरज पासवान ने उस शिशु को अपने घर में छिपाकर रखा था। पुलिस ने विशेष टीम बनाकर छापेमारी की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी किया गया नवजात शिशु सुरक्षित बरामद कर लिया गया है।

## राजनीति के संत थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण, लोकतंत्र की विकृतियों को दूर करने के लिए उनके विचारों पर अमल जरूरी : कुलपति

**के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय में अपने कुलदेवता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जयप्रकाश अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में अधिषद कक्ष में 'जयप्रकाश नारायण : व्यक्तित्व, कृतित्व एवं विरासत' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने की। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में लोकनायक की संपूर्ण क्रांति की अवधारणा को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से परिभाषित करते हुए कहा कि जेपी की विचारधारा न पूरी तरह समाजवादी थी, न सर्वोदयी और न गांधीवादी - बल्कि उनकी अपनी मौलिक लोकनीति थी। उन्होंने कहा कि लोकनीति वही होती है जो सर्वहारा और



सार्वभौमिक विचार-विमर्श से निर्मित हो। कुलपति ने कहा कि शासन दिखना नहीं चाहिए, बल्कि उसका आभास होना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र की विकृतियों को दूर करने के लिए जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक डॉ. राकेश कुमार ने लोकनायक के जीवन के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद जयप्रकाश नारायण ने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लिया था। उन्होंने हजारीबाग जेल से भागकर नेपाल में आजाद दस्ता की स्थापना की और भारत छोड़ो आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत में चुनाव सुधार, स्थानीयता और सेवा कार्यों पर जोर देने वाले लोकनायक वास्तव में राजनीति के संत थे। मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय की राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा प्रसाद ने कहा कि जेपी का जीवन साहस, संघर्ष और मानवतावादी सोच का प्रतीक था। उन्होंने अमेरिका में केमिकल इंजीनियरिंग छोड़कर समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर किया और समाज को शोषणमुक्त बनाने की दिशा में आजीवन प्रयासरत रहे।

## महादेव साह हाईस्कूल के तीन छात्रों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

### विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, दो रजत सहित कुल छह पदक जीते

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तीन छात्रों ने मोतिहारी शहर के गांधी मैदान में चल रहे जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत सहित छह पदक जीतकर विद्यालय और प्रखंड का नाम जिले में रोशन किया है। अंडर-19 वर्ग में बारहवीं कक्षा के छात्र ओमवीर कुमार ने 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। जबकि कक्षा ग्यारहवीं के छात्र विजेश कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक तथा 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक व 4 गुणा 400 मीटर की रिले दौड़ में द्वितीय स्थान लाकर रजत पदक जीता। वही इसी वर्ग में सन्नी कुमार ने 4 गुणा 400 मीटर की रिले दौड़ में



द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक तथा 4 गुणा 100 में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन छात्रों में ओमवीर कुमार जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता अब वे राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार हैं। शिक्षक आर.के रवि ने तीनों बच्चों सहित उनके माता-पिता को बधाई दी जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद से हमारा शारीरिक मानसिक विकास तो होता ही है साथ ही बच्चे व्यवहार कुशल भी बनते हैं। खेलों से ही जीवन में अनुशासन है, जिससे हम समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। हमारा प्रयास है कि हम शैक्षणिक के साथ साथ बच्चों में कौशल विकास भी कर सके। वही उन्होंने शिक्षक श्री रवि को साधुवाद देते हुए कहा कि इन्होंने खेल के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट खिलाड़ी को तैयार किया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली एसएच- 96 पर आमडाढी गांव के समीप शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल व्यक्ति को सड़क किनारे गिरा देख कर तत्काल एकमा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर तत्काल एकमा पुलिस मौके पर पहुंची और उसे लेकर एटमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच में मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के रीठ गांव निवासी चन्द्रमा यादव के पुत्र लगभग 40 वर्षीय त्रिभुवन यादव के रूप में हुई।

# जहानाबाद का एक परिवार जहां है डॉक्टर्स की फैक्ट्री

## एक साधारण दंपति ने समाज को दिया आधा दर्जन चिकित्सकों का तोहफा, 23 सदस्यों वाला संयुक्त परिवार इलाके में बनी मिशाल



डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के काको बाजार की गलियों से जब होकर कोई गुजरता है तो लोग आपस में बात करते हुए कहते हैं कि देखो यही वह घर है, जहां पूरा डॉक्टर परिवार रहता है। साधारण पृष्ठभूमि का परिवार आज पूरे इलाके में मिसाल बन चुका है। जहां एक, दो नहीं बल्कि आधा दर्जन डॉक्टर अलग-अलग क्षेत्र में अपनी सेवा से पहचान रखते हैं। सबसे खास बात यह भी है कि आधुनिकता और भौतिकतावादीता के इस युग में कुल 23 सदस्यों वाले संयुक्त परिवार के सदस्यों के बीच आपसी समन्वय, प्रेम और सहयोग की भावना के कारण लोग इन्हें आदर्श मानते हैं। इस परिवार में दो बेटे और दो बहुएं एमबीबीएस डॉक्टर हैं, वही एक बेटी भी बीडीएस यानी दंत चिकित्सक के रूप में कार्यरत है।

**साधारण से दंपति ने अपने बच्चों में बचपन में ही बोए थे शिक्षा और संस्कार के बीज**

कहा जाता है कि वृक्ष वही मजबूत होता है जिसकी जड़ें मजबूत होती है। ठीक इसी प्रकार एक साधारण से परिवार में जन्मे इन प्रतिभावान बच्चों ने समाज के लिए एक मिशाल कायम कर दी है। इस परिवार के मुखिया विनोद कुमार जो यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, वहीं इनकी धर्मपत्नी कांति कुमारी सरकारी विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुई हैं। साधारण परिवार में जन्मे दंपति ने सरकारी सेवा में रहते हुए भी अपने बच्चों को सही शिक्षा और परवरिश दी। उन्होंने अपने बच्चों को ही पूंजी और जीवन का कमाई का आधार माना, यही कारण है कि आज उनके बच्चे सफल होकर समाज में मिसाल कायम कर रहे हैं।

**संयुक्त परिवार की महक**

वर्तमान समाज में जहां परिवार छोटा होते जा रहा है। संयुक्त परिवार का अस्तित्व समाप्त हो रहा है तथा गांव में भी संयुक्त परिवार टूटने लगे हैं लेकिन यह परिवार अपने आप में संयुक्त परिवार की परंपरा की खुशबू समेटे हुए है। माता-पिता के साथ पांच बेटे, एक बेटी, पांच बहुएं और उनके बच्चों को मिलाकर कुल 23 सदस्य एक साथ एक छत के नीचे रहते हैं। जब कोई पर्व- त्योहार आता है तो इस घर का दृश्य ऐसा मनोरम होता है कि लोग देखते रह जाते हैं। इस परिवार के सदस्यों के बीच के अनुशासन और एकजुटता को देखकर आसपास के लोग भी दंग और हैरत में पड़ जाते हैं।

**बच्चे समाज के लिए बने प्रेरणा स्रोत**

विनोद कुमार के पांच बेटों में से चार बेटे स्वास्थ्य क्षेत्र में है, जिनमें दो बेटे डॉक्टर हैं साथ ही उनके दो बहुएं भी डॉक्टर हैं। इलाके के लोग गर्व के साथ इन्हें अपने क्षेत्र का डॉक्टर बेटा बताता है। देखा जाए तो परिवार के कई सदस्य समाज की सेहत संवारने में लगे हैं।

**बहुएं और बेटी ने भी बढ़ाई शान**

इस परिवार की पांच बहुएं भी कम नहीं हैं। सभी पढ़ी-लिखी और संस्कारी होने के साथ-साथ घर की जिम्मेदारी संभालने में भी माहिर। बच्चों की पढ़ाई से लेकर परिवार की एकता को कायम रखने में इन सब का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वहीं बेटी ने भी शिक्षा के साथ संस्कार की मिसाल पेश किया है। उसने दंत चिकित्सा में बीडीएस की पढ़ाई की है। इस परिवार के सबसे बड़े लड़के निशिकांत दवा कंपनी से जुड़े हुए हैं, वहीं डॉक्टर शशिकांत पीएमसीएच अस्पताल में आर्थोपेडिक विभाग में एसोसिएट प्रोफ़ेसर हैं। उनकी पत्नी डॉक्टर अनुपम कुमारी बिरला आईवीएफ सेंटर में हेड हैं। वहीं एक अन्य लड़के रजनीकांत एसएफसीआई में गोदाम मैनेजर हैं, जबकि डॉक्टर चंद्रकांत पीएमसीएच में प्लास्टिक एंड जनरल सर्जन के पद पर कार्यरत हैं। इस परिवार की बहुओं में डॉक्टर जयंती सिन्हा गुरु गोविंद सिंह अस्पताल पटना साहिब में सीएमओ हैं,वही रविकांत वासुदेव आरोग्य हॉस्पिटल के मैनेजमेंट हेड हैं। परिवार के अन्य सदस्य डॉक्टर दीपशिखा आरके मिशन पटना में डेंटल सर्जन हैं तथा लकी यूनियन बैंक आफ इंडिया में लिपिक के पद पर हैं। एक अन्य बेटे अंकित कश्यप एनएचएआई में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

# चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का समापन

**ताइक्वांडो, रग्बी, शतरंज, वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं और क्रिकेट ट्रायल आयोजित**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। 9 दिसंबर से शुरू हुई चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन ताइक्वांडो, रग्बी, शतरंज और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही क्रिकेट ट्रायल भी ली गई। खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देशों के आलोक में जारी वार्षिक खेल कैलेंडर के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चयनित विजेता खिलाड़ी एवं टीमें अब गया प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी, जहां वे प्रमंडल के अन्य जिलों की विजेता टीमों से मुकाबला करेंगी। प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता के लिए तिथियां और रोस्टर शीघ्र जारी किए जाएंगे। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में जिले भर के 2200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, जहानाबाद ने सभी विजेता खिलाड़ियों और टीमों को बधाई दी और जो प्रतिभागी विजेता नहीं बन सके, उनके प्रयासों और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने बच्चों को उत्साहपूर्वक खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

# डीएम व एसपी ने डिस्पैच सेंटरों का किया निरीक्षण

## निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और शत–प्रतिशत तैयारी का दिया निर्देश





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर निर्वाचन तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने रविवार को जहानाबाद जिले के 217 घोसी एवं 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सर्वप्रथम 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर—प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, मखदुमपुर का निरीक्षण किया। इसके बाद 217 घोसी विधानसभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर—उच्च विद्यालय, घोसी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाची निबंधक पदाधिकारियों को पोलिंग पार्टियों को निर्धारित समय पर रवाना करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने चिन्हित स्थलों पर बैरिकेटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिस्पैच सेंटर पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का निर्देश दिया। पोलिंग एजेंटों को मतदान सामग्री, ईवीएम एवं वीवीपैट उपलब्ध कराते समय पूर्ण पारदर्शिता बरतने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही डिस्पैच सेंटरों पर पेयजल, शौचालय की नियमित सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ निर्वाची निबंधक पदाधिकारी, 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के सह–अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाची निबंधक पदाधिकारी–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में महत्वपूर्ण बातों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)**। पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय अवस्थित जीआइपी पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान टर्म 1 का परीक्षा फल भी अभिभावको वितरित किया गया। बैठक में बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं की गई। जिसमें बच्चों में हो रहे सामाजिक गिरावट तथा मोबाइल फोन का ज्यादातर इस्तेमाल जैसे कई समस्याएं रखी गई। विद्यालय निदेशक रंजीत रंजन ने बताया कि आजकल बच्चे ज्यादातर मोबाइल और फ्रेंडशिप के कारण पढ़ाई से दूर होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन क्लास में किसी भी प्रकार का मैसेज बच्चों के लिए नहीं अभिभावकों के लिए होता है। इसलिए बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए।

# डीएम–एसपी ने मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर मतदान केंद्रों पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने रविवार को 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र संख्या 171 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, देवकुली; मतदान केन्द्र संख्या 204 मध्य विद्यालय, मखदुमपुर (पश्चिम भाग); 205 मध्य विद्यालय, मखदुमपुर (पूर्वी भाग); 206 मध्य विद्यालय, मखदुमपुर (उत्तर भाग); 208 उर्दू प्राथमिक विद्यालय, मखदुमपुर (उत्तर भाग); 209 उर्दू प्राथमिक विद्यालय, मखदुमपुर (मध्य भाग); 210 उर्दू प्राथमिक विद्यालय, मखदुमपुर (दक्षिण भाग) तथा 211 मुस्लिम सामुदायिक भवन, मखदुमपुर में न्यूनतम आधारभूत सुविधाओं की जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय, देवकुली को छोड़कर सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली आदि की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। देवकुली विद्यालय के पहुंच मार्गों में से एक में जलजमाव की समस्या मिली, जिसे देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, मखदुमपुर को मार्ग की अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ निर्वाची निबंधक पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निर्वाची निबंधक पदाधिकारी–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी मखदुमपुर, अंचल अधिकारी मखदुमपुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों का दल जैविक सब्जी उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण हेतु नालंदा रवाना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। रविवार को आत्मा जहानाबाद के द्वारा राज्य के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण मद के अंतर्गत जहानाबाद जिला के 20 किसानों को जैविक सब्जी उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु रैन्बो ऍग्रो पार्क, ग्राम-नेहुसा, प्रखण्ड-हरनौत, जिला-नालंदा भेजा गया। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा- संभावना के द्वारा किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर वाहन बस के माध्यम से रवाना किया गया। मौके पर दोनों उप परियोजना निदेशक आत्मा- अनुप्रिति माला एवं राकेश कुमार उपस्थित थे। परियोजना निदेशक आत्मा के द्वारा बताया गया कि यह पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 12अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक निर्धारित है, जिसमे किसानों को जैविक सब्जी उत्पादन तकनीक पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जैविक सब्जी का बाजार मूल्य अन्य सब्जियों के मुकाबले अधिक होता है। इसका स्वाद उत्तम होता है एवं जैविक विधि से उपजाई गई सब्जियां अधिक दिनों तक टिकाऊ रहती है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। जैविक विधि से सब्जी उत्पादन करने से पर्यावरण एवं मिट्टी संरक्षित रहती है। मौके पर आत्मा के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी-निकिता कौशल के अलावा प्रशिक्षण हेतु जाने वाले किसानों में नीरज कुमार, भोला केवट, सुरेन्द्र प्रसाद, सुबोध यादव, वासुदेव पासवान, पंकज कुमार, जगदीश सिंह आदि उपस्थित थे।

# गांव पहुंचा सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बोकनारी कला गांव में सीआरपीएफ जवान अनमोल कुमार का पार्थिक शरीर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृत जवान के शव को देख पुरा गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं पुलिस के जवानों ने अंतिम सलामी दिया। इसके पूर्व गांव के नवयुवकों द्वारा भारत माता की जय, अनमोल कुमार अमर रहे के जयघोष लगाए जा रहे थे। वही जवान के पुत्र को सीआरपीएफ के अधिकारियों ने भारत माता का झंडा दिया एवं शव को अंतिम सलामी दी गयी। मृतक जवान के बड़े भाई पूर्व मुखिया रामनिवास राय ने बताया कि अनमोल महाराष्ट्र के पुणे में पदस्थापित थे।

# वृक्ष के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना असंभव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 228वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम एवं पर्यवेक्षण गृह जहानाबाद में रह रहे बालकों के बीच प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक विजेता रंजन ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उदार उपहार की तरह हैं। वे जीवन के लिए प्राण वायु ऑक्सीजन देने और प्रकृति को संतुलित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। बहुत से जानवर एवं पशु पक्षी पेड़ों पर अपना घर बनाकर रहते हैं। तेजी से हो रहे वनों की कटाई हमारे देश में पर्यावरण के लिए एक बड़ी समस्या उत्पन्न कर रहा है। वन संपदा के क्षय के कारण वन जीव प्राणियों के अनुकूलन और जैव पारिस्थितिकी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।जहाँ हम बहुत सारे पेड़ काटते हैं , इससे वन जीव प्राणीयों की प्रजातियां विलुप्त हो रही है। साथ ही इससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी वैश्विक समस्याएं पैदा हो रही हैं। आज बहुत सारे पौधे और जानवरों की प्रजातियां हमेशा के लिए लुप्त हो रहे हैं।अब समय आ गया है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाये और उनकी सुरक्षा करें। हमें अपने ग्रह पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। क्योंकि वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस दौरान प्रेरणाप्रद और अभिप्रेरक कार्यक्रम में बालकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गायत्री मंत्र के जप के द्वारा हम अपने प्रारब्ध को काट सकते हैं एवं अच्छे मार्ग पर चलकर के अच्छा इंसान बन सकते हैं। इस अवसर पर पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक शशि भूषण कुमार, जैनेन्द्र कुमार भारती, हरेंद्र लाल,निर्भय कुमार, पंकज कुमार एवं गायत्री परिवार के रंगेश कुमार, हरि जी, शिशुपाल सिंह, राकेश कुमार, अजीत कुमार एवं विनोद कुमार उपस्थित थे।

# 180 बूथों पर 1,40,731 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**कुटुंबा विधानसभा में हैं 80,165 मतदाता**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन भी तैयारी चल रही है। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के 15 पंचायत एवं नगर पंचायत में 180 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नबीनगर विधानसभा के 180 मतदान केंद्रों पर 1,40,731 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बता दें कि नबीनगर में महिला मतदाता की संख्या 65,967 एवं पुरुष मतदाता 74,761 है। वहीं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन है। वहीं कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में नबीनगर प्रखंड के 10 पंचायत में 101 मतदान केंद्र है। 101 मतदान केंद्रों पर 80,165 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 37,660 एवं पुरुष मतदाताओं की संख्या 42,604 है। थर्ड जेंडर एक मतदाता हैं। वहीं नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में 118 भवन में 180 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 66 भवन में एक मतदान केंद्र, आठ भवन में तीन मतदान केंद्र और एक भवन में चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुटुंबा विधानसभा में 65 भवन में 101 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 37 भवन में एक मतदान केंद्र, 21 भवन में दो मतदान केंद्र, छह भवन में तीन मतदान केंद्र और एक भवन में चार मतदान केंद्र हैं जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# बाजितपुर गांव के वार्ड 7 में अधूरी पड़ी है नाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। गोह प्रखंड के अमारी पंचायत के तहत बाजितपुर वार्ड नं- 7 में नाली और सड़क का आधा अधूरा निर्माण कार्य किया गया है। नाली का निर्माण अधूरा किए जाने से लोगों की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। लोगों को आवागमन में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को आवाजाही करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाली में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण लोगों के लिए घर तक अपना वाहन ले जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चार पहिया वाहनों को अपने घर से दूर ही रखना पड़ रहा है। इससे वाहन चोरी होने की आशंका बनी रहती है। नाली का निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि आमलोगों की समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधि उदासीन बने हैं। उदासीनता के कारण आधा-अधूरा निर्माण कार्य को पूरा करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यह कार्य अप्रैल माह में प्रारंभ हुआ था परंतु अब तक पूरा नहीं हो सका है। इधर बारिश होने से ग्रामीणों को डायरिया का प्रकोप सताने लगी है। ग्रामीण सुजीत विश्वकर्मा, सुरेश यादव, अरविद विश्वकर्मा ने कहा कि अगर नाली का निर्माण नहीं किया गया तो हम सभी उग्र होकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# 'बूथ जीतो चुनाव जीतो' की तर्ज पर काम कर रहे एनडीए कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कासमा रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में नगर मंडल की पंचायत स्तरीय बैठक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया। आए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सबसे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये वंदे मातरम का नारा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी अनीता सिंह, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह मौजूद रहे।अतिथियों को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में कई लाभकारी योजनाएं चल रही हैं, जो गरीब,लाचार,असहाय के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। जनता में भी खुशी देखी जा रही है। बैठक में बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी बूथ अध्यक्ष एवं एनडीए कार्यकर्ता अपने-अपने गांव मोहल्ले में एनडीए सरकार के उपलब्धियों को गिनायें और ग्रामीणों को चल रही योजनाओं से अवगत करायें। मतदान के दिन मुस्तैदी के साथ ग्रामीणों को घर से ले जाकर वोट दिलवाएं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री गुड़िया सिंह, जिला मंत्री शोभा सिंह,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शैल कुमारी,महामंत्री शिवनारायण साव, भाजपा यूवा मोर्चा अध्यक्ष आलोक चौरसिया,अशोक प्रसाद, अरुण कुमार, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार, मुन्ना प्रसाद, संतोष कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# वर्षों से जर्जर अवस्था में है देव-कंचनपुर पथ

**जर्जर सड़क से आवागमन करने में होती है परेशानी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। देव-कंचनपुर पथ इन दिनों जर्जर अवस्था में है। चांदपुर से केताकी मोड़ तक करीब एक किमी में सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं। जब बारिश होती है तो गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की रात्रि में साइकिल से या पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। बाइक से चलने पर या टेंपो में बैठकर यात्रा करने पर बगल से किसी कार के गुजरने पर गड्ढे का पानी कपड़े पर पड़ जाता है जिससे शरीर का रंग बदरंग हो जाता है। दरअसल यह पथ देव से कंचनपुर तक जाती है। इसी पथ से गोपालपुर मोड़ से केताकी तक एक दूसरी सड़क जाती है। दोनों सड़क मौजूदा समय में जर्जर हो गया है। चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। वर्षा के दिनों में सड़क पूरी तरह से झील में तब्दील हो जाती है। यह सड़क कई गांवों की लाइफ लाइन है। इसी सड़क से केताकी और कंचनपुर इलाके के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन करते हैं। बीमार पड़ने पर देव अस्पताल इसी सड़क से पहुंचते हैं। सटवट गांव के ग्रामीण बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण होना जरूरी है। अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रति गंभीर होने की जरूरत है।

# शहर में यात्री शेड नहीं होने से नागरिकों को होती है परेशानी

## अधिकारियों का यात्री 'शेड के निर्माण के प्रति नहीं है ध्यान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में किसी भी चौक-चौराहे पर यात्री शेड नहीं है। जिसके अभाव में नागरिक इन दिनों सड़क किनारे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करते हैं। शहर के रमेश चौक, सदर अस्पताल, सब्जी मंडी, कारगिल चौक, जामा मस्जिद, सिन्हा कालेज मोड़, फारम, ओवरब्रिज से प्रतिदिन इ-रिक्शा व ऑटो से बैठकर यात्री विभिन्न स्थानों तक आवागमन करते हैं। अभी बारिश के दिनों में इन सभी यात्रियों को खुले में ही काफी देर तक खड़े रहने की मजबूरी बनी हुई है। यहां तक की गर्मी व ठंड के समय में भी यात्री शेड के अभाव में लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी में धूप में सड़क पर खड़े रहना पड़ता है। वहीं बारिश के दिनों भी यात्रियों को आसपास के दुकानों के शेड में शरण लेनी पड़ती है। जब कभी तो लोग सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं ऐसे में लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान यात्री शेड बनाने की ओर नहीं जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन डेली सर्विस के तौर पर चलाए जाते हैं। लगभग पांच हजार से ज्यादा नियमित यात्री ऑटो रिक्शा, साइकिल रिक्शा, इ रिक्शा, मैजिक और अन्य वाहनों से शहरी क्षेत्र में पांच से आठ किलोमीटर के बीच यात्रा करते हैं। रमेश चौक, ओवरब्रिज, फारम के समीप यात्री ऑटो रिक्शा के इंतजार में खड़े रहते हैं। यात्री शेड नहीं होने के कारण बुजर्गों और दिव्यांगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इन्हें सड़क किनारे खड़े होकर वाहन आने का इंतजार करना पड़ता है। यदि समय से वाहन न मिले तो उन्हें सड़क पर

# मतदाता जागरूकता को लेकर स्काउट गाइड ने निकाली रैली




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य रविवार को बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हुए उच्च विद्यालय, अंबा के प्रांगण में संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व अंबा थानाध्यक्ष व स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने भाग लिया और लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नारे लगाकर नागरिकों से आगामी 11 नंबर 2025 को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में कहा कि "लोकतंत्र की पहचान, मतदान हमारा अभिमान ।

# हमारा उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान : एसडीएम

## सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, बढ़ाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को डिहरी अनुमंडल कार्यालय परिसर से एसडीएम निलेश कुमार एएसपी अतुलेश झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशाल रैली अनुमंडल कार्यालय से निकल कर डिहरी शहर में भ्रमण की। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देशानुसार एवं एसडीएम निलेश कुमार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शहरी व ग्रामीण के नेतृत्व में समेकित बाल विकास



सेवा के माध्यम से आयोजित किया गया। रैली के अंतर्गत आने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' जैसे नारे लगाते हुए आम जनता से आगामी 11 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान सेविकाओं ने लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि प्रत्येक नागरिक का एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। रैली में ग्रामीण इलाकों की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों से भी मतदान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। एसडीएम निलेश कुमार ने बताया कि 'हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो और रोहतास जिला मतदाता सहभागिता के मामले में राज्य में अव्वल रहे। मौके पर शहरी सीडीपीओ संगीता कुमारी, ग्रामीण सीडीपीओ रीता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका पार्वती देवी, मनिशा श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी, कुशुम कुमारी, कामिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, आंगनबाड़ी संध्या कुमारी सहायिका सहित प्रशान्त कुमार, अभिमन्यु कुमार, उपेंद्र कुमार एवं अन्य स्कूल के बच्चे शामिल थे।

## ग्रामीणों के विरोध पर विधायक ने छह लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** पांच सालों में पहली बार चिलबिला गांव के शिवपुर में जन संवाद करने पहुंचे डिहरी के आरजेडी विधायक फते बहादुर सिंह का ग्रामीणों ने विरोध किया। पांच सालों तक कहां थे विधायक जी युवक पूछते रहे। मुदार्बाद के नारों पर विधायक गुस्से से आग बबूला हो गये। विधायक ने लिखित आवेदन देकर बताया कि मेरे काफिले, अंगरक्षक व समर्थकों के साथ चिलबिला गांव के कुछ ग्रामीणों ने गलत व्यवहार किया है। हाथापाई व मारपीट की जहां विधायक ने लगभग छह युवकों पर आयरकोठा थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी जिसकी कांड संख्या 93 /25 है जिसमें मुन्ना सिंह, राहुल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, विक्की कुमार, मयंक कुमार व अक्षय कुमार शामिल है।

## चुनाव को लेकर एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एसपी रौशन कुमार के नेतृत्व में एएसपी अतुलेश झा के साथ पुलिस बल ने मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च किया। दर्जनों मोटरसाइकिल से पुलिस बल ने डिहरी नगर थाना से फ्लैग मार्च निकाला जो डिहरी डालमियानगर तथा डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण किया। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में शांति और सुरक्षा का संदेश देना तथा मतदाताओं में भरोसा कायम करना है।

# राष्ट्र निर्माण में पूर्व छात्रों की भूमिका पर गहन चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** विद्या भारती, दक्षिण बिहार के तत्वावधान में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर (सविमं), तिलौथू में विभाग स्तरीय पूर्व छात्र बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद सिन्हा एवं कार्यकारिणी सदस्य शशि भूषण प्रसाद द्वारा सभी आगंतुकों का अंगवस्त्र, पेन एवं डायरी प्रदान कर स्वागत के साथ किया गया।




बैठक में पूर्व छात्र सम्मेलन से संबंधित आगामी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संयोजक अभिषेक कुमार पांडे ने 2 नवंबर को कुदरा में आयोजित होने वाली विभाग स्तरीय पूर्व छात्र बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की और इसकी सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे ने की। उन्होंने 'व्यवस्था कौशल-क्या करना, क्यों करना और कब करना' विषय पर प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। इस दौरान सत्र प्रभारी चयन, टोली निर्माण, जिम्मेदार कार्यकर्ता निर्माण, राष्ट्र निर्माण में पूर्व छात्रों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 7 दिसंबर को दिल्ली के डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, जनपथ में अखिल भारतीय स्तर पर पूर्व छात्र संगम आयोजित होगा जिसमें दक्षिण बिहार के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य प्रेमचंद्र सिंह ने प्रभावशाली ढंग से किया। बैठक में चार जिलों के आचार्यगण एवं पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही जिन्होंने संगठनात्मक कार्यों के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में एकात्मता मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

## अकोढीगोला पुलिस ने नहर में बहते शव को निकाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** स्थानीय प्रेमनगर के समीप आरा नहर से पुलिस ने एक युवक का शव रविवार को बरामद किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आरा नहर में युवक का शव बहते देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकालकर अगल-बगल के ग्रामीणों से शव की शिनाख्त की कोशिश की गयी। मगर शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। उन्होंने बताया कि शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त के लिए सभी थाना को सूचना दी गई है।

# गोली से घायल युवक ने छह लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** विगत चार दिनों पूर्व यानी आठ अक्टूबर को अकोढ़ीगोला के बराढ़ी हनुमानगढ़ी निवासी भोला सिंह के पुत्र दीपक कुमार को घर में घुसकर अपराधियों ने गोली मार कर फरार हो गए थे जिसमें पीड़ित से छह लोगों पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधवार को अकोढ़ीगोला में सत्यम पासवान के घर खाना खाने गया था। जाने के कुछ देर बाद नारायण टोला निवासी छोटू उर्फ विवेक कुमार आया और मुझे देखकर मोबाइल पर बात किया जिसके कुछ देर बाद बहोरनपुर निवासी सरोज कुमार, इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी धीरज कुमार, करवंदिया थाना क्षेत्र के घात्मपुर निवासी देवदास उर्फ राजकुमार बघेल निवासी गुड्डू कुमार और अन्य 10 लोग घर को घेर लिया और बोला कि तुम नेता बनते हो। थाना पर जाकर केश करवाते हो। हमलोग यहां का रंगदार हैं जिसके बाद उन लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। तभी सरोज बोला कि मारो गोली इसको आज ही हमलोग इसका काम तमाम कर देते हैं। इसी बीच सरोज और धीरज दोनों व्यक्तियों ने कमर से पिस्टन निकालकर गोली दाग दिया जो मेरे दाहिने कनपट्टी के साथ गाल पर गोली लगी जिससे मैं गिर गया। उसने आरोप लगाया है कि उसी दिन सुबह में सभी लोग मुझे पांच लाख रुपए रंगदारी की मांग किया था जो मैंने रुपया नहीं दिया था। ज्ञात हो कि घायल युवक का वाराणसी में इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना कांड संख्या 400/25 में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव के पास फोरलेन सड़क पर रविवार को अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटना में बाइक पर सवार तीनों युवक घायल हो गए। बाइक सवार मोहनियां की तरफ से कुदरा की ओर जा रहे थे। रास्ते में चिलिबिली गांव के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पहुंची कुदरा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए कुदरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायलों में भभुआ थाना के गोराई बिंद गांव के संतोष बिंद पिता गया बिंद, लक्ष्मण बिंद पिता सूरजमल बिंद व मनोज कुमार बिंद पिता सोमारी बिंद शामिल हैं। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पीड़ित के परिजनों को दे दी गई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्र-छात्राओं ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जन अधिकार फाउंडेशन कैम्पस अकोढी गोला में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के सात निश्चय योजना अन्तर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कौशल प्रबंधक श्वेता कुमारी, सम सोसाइटी आफ इंडिया के अध्यक्ष सम्मानित अतिथि गिरिजाधारी पासवान एवं जन अधिकार फाउंडेशन के डायरेक्टर सुजीत




कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि श्वेता कुमारी ने कहीं कि कुशल युवा कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने एवं अपनी जीवन कौशल एवं नेतृत्व क्षमता बढ़ाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा बड़े ही शानदार तरीके से दहेज प्रथा उन्मूलन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति किया गया। साथ ही छठ की पावन पर्व पर नुक्कड़ नाटक सबका मन मोह लिया, अन्य सामाजिक मुद्दों पर कई बालिकाओं द्वारा अपनी-अपनी विचारों को व्यक्त किया गया। अतिथियों को हरियाली की प्रतीक वृक्ष का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कलम कापी भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन लर्नर फैसिलिटेटर रीतिका राज ने किया। इस अवसर पर डा एस आलम, चांदी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जाकिर हुसैन ने भी विचार व्यक्त किया। खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी, चांदनी कुमारी, अंजली कुमारी सहित दर्जनों बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## पीडीएस विक्रेताओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्वी आनंद के नेतृत्व में आपका वोट आपका अधिकार के तहत पीडीएस विक्रेताओं द्वारा सभी उपभोक्ताओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह पूरे उत्सव और सहभागिता के साथ पूरे प्रखंड में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें, लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की वयस्क महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक कर 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना और लोकतंत्र को मजबूत बनाना हमारा पहला कर्तव्य है जिसे लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# सप्तशक्ति संगम कार्यशाला का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** सरस्वती विद्या मंदिर (10+2) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में रविवार को 'सप्तशक्ति संगम कार्यशाला 2025' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मातृशक्ति, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन तथा समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने विविध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन



किया। कार्यक्रम की शुरूआत 'नव युग का नव विचार आया' गीत से हुई जिसे विद्यालय की बहनों ने समवेत स्वर में प्रस्तुत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्कृत वंदना का आयोजन प्रतिभा दीदी के नेतृत्व में हुआ। अतिथि परिचय उमा दीदी द्वारा कराया गया तथा प्रस्तावना बहनों के द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके बाद 'हम ही मातृशक्ति हैं' समूह गीत ने उपस्थित सभी को ऊर्जा से भर दिया। कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण विषय पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन मिनाक्षी दीदी एवं मनीषा दीदी ने किया। प्रेरणादायी वेशभूषा प्रस्तुति (ध्येय वाक्य) सुषमा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई जिसने सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात 'भारत के विकास में महिलाओं का संदेश' विषय पर इंदिरा दीदी ने अपने प्रभावशाली विचार रखे। कार्यक्रम में विशिष्ट माताओं का सम्मान भी किया गया जिसमें निशि की माताजी सहित कई सम्मानित माताओं को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अनुभव कथन सत्र में करणा दीदी एवं शशि बाली दीदी ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किए। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. कु. स्मिता दीदी ने दिया जिसमें उन्होंने मातृशक्ति को समाज परिवर्तन का मूल आधार बताया। आभार ज्ञापन नैन्सी दीदी ने किया तथा संकल्प का नेतृत्व रंजना दीदी ने किया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन कुशलता पूर्वक अनुप्रिया दीदी ने किया और कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। कार्यशाला में विद्यालय परिवार, मातृशक्ति, बहनों एवं अतिथियों की सहभागिता ने इसे प्रेरणादायी और सफल बना दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह रोकना अति आवश्यक


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि रोहतास जिले में बाल विवाह को रोकना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि हर वर्ष राजस्थान से बड़ी संख्या में लोग इस क्षेत्र में आकर नाबालिग लड़कियों से विवाह कर चले जाते हैं जो बाल अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई पर रोक लगाने के लिए ग्राम स्तर पर सक्रिय बाल संरक्षण समितियों, प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षकों,



आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका समूह की दीदियों तथा पंचायती राज प्रतिनिधियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही प्रत्येक थाने के बाल पुलिस कल्याण पदाधिकारी को भी संवेदनशील और सक्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि समय रहते ऐसे मामलों की पहचान और कार्रवाई हो सके। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि डिहरी, विक्रमगंज, सासाराम सहित पूरे जिले में स्थित मंदिरों के पुजारियों और स्थानीय प्रेस एवं मीडिया के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाना अत्यावश्यक है। ताकि कोई भी पुजारी नाबालिग विवाह में सहयोग न करे और मीडिया इस विषय को जन-आंदोलन का रूप दे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएं और यह सुनिश्चित करें कि हर बालिका को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्राप्त हो।

## श्रीमद्भागवत कथा से पापों से मिलती है मुक्ति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** नगर पंचायत के हट्टा के बेनी सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य सुंदर दास महाराज जी पांचवें दिन प्रवचन में बताया कि मानव जीवन केवल सोने खाने पीने के लिए नहीं प्राप्त है। मानव जीवन का असली पहचान भक्ति किसी के प्रति बुराई नहीं सोचना भक्ति में लीन रहना दूसरों की मदद करना असली जीवन जीने का मतलब यही है। संत ऋषि मुनियों को बराबर आदर देना चाहिए, सम्मान देना चाहिए। भक्ति में लीन रहना चाहिए, माता-पिता का सदैव सेवा करना चाहिए। सफलता को आगे प्राप्त करने के लिए पीछे नहीं देखना चाहिए, डरना नहीं चाहिए। प्रवचन में सुंदर दास महाराज जी ने और बताया कि कामनाओं का त्याग करना इस सन्यासी जीवन का मूल आधार है। अपने अंदर जितने भी कामना है सबको त्याग कर दीजिए और एक सुंदर जीवनयापन कीजिए उसका आनंद कुछ और ही होगा और किसी भी परिस्थिति में धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए जो बने हुए मार्ग है उसी पर चलना चाहिए।

## 30 नवंबर को 'आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन चिकित्सा मंच' का प्रदेश सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम में 30 नवंबर 2025 को 'आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में एवं 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के बैनर तले राज्य स्तरीय 'शिक्षा एवं स्वास्थ्य सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के आईपीएस अधिकारी विकास वैभव शामिल होंगे। आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने प्रेस वार्ता में बताया कि संस्था पिछले 15 वर्षों से समाज के हर वर्ग के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। संस्था ने बिहार के सुदूर ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम और शिविरों का आयोजन किया है। डॉ. तिवारी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य बिहार को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि हमारा प्रदेश देश के



विकास में एक सशक्त भूमिका निभा सके। वर्षों से हमने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर कार्य किया, लेकिन दुर्भाग्यवश कई संस्थाएं केवल निजी लाभ के उद्देश्य से काम कर रही थीं। ऐसे में जब हमें 'लेट्स इंस्पायर बिहार' जैसी निष्पक्ष और समाज- उन्मुख संस्था से जुड़ने का अवसर मिला तो हमने निर्णय लिया कि अब से हमारा हर प्रयास इस आंदोलन के अंतर्गत ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि 'लेट्स इंस्पायर बिहार' जाति, धर्म, राजनीति या व्यक्तिगत स्वार्थ से परे केवल राज्य और देश के विकास के लिए समर्पित है। इसी भावना के साथ आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन ने अपने सभी चिकित्सा, ग्रामीण और सामाजिक मंचों को इस अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया है। संस्था का लक्ष्य है कि आने वाले समय में राज्य के लगभग 2 लाख सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के अंग बनेंगे और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। 30 नवंबर को आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस समारोह में समाजसेवा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य है बिहार को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एकजुट कर राज्य निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त करना है। समाज में जागरूकता और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। अंत में डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने कहा अगर हम सब मिलकर एक लक्ष्य के तहत कार्य करें तो बिहार न केवल सशक्त राज्य बनेगा बल्कि भारत के विकास का अग्रणी प्रदेश भी साबित होगा। आइए, हम सब एकजुट होकर 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के साथ कदम से कदम मिलाएं और अपने प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

## सेविकाओं ने दीप जलाकर चलाया जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर रविवार की शाम जिले के सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन एवं दीप जलाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में आम मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और 11 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का संकल्प लिया। इस दौरान मतदाताओं ने पहले मतदान बाद में जलपान का नारा भी दिया।

# लोकतंत्र विचारों से चलता है, मसल्स पावर से नहीं

# विधायक अख्तरुल इमान का तीखा संदेश, हिंसा नहीं, विचारों की लड़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** अमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अख्तरुल ईमान ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हाल ही में उनके पार्टी कार्यकताओं पर हुए हमले को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र का संचालन विचार, न्याय और जनता की शक्ति से होना चाहिए, न कि धनबल या मसल्स पावर के सहारे। विधायक ने बताया कि सिमलबाड़ी नगरा टोला निवासी मो. आजम रब्बानी पर कुछ असामाजिक तत्वों ने योजनाबद्ध ढंग से हमला किया। इस घटना को उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताते हुए कहा

'लोकतंत्र में पार्टियां विचारों से चलती हैं, मसल्स पावर से सिर्फ गुंडागर्दी होती है। यह कोई राजतंत्र नहीं कि किसी की मनमानी चले। जनता जिसे चाहेगी, वही चुनेगी। लेकिन आज कुछ लोग धनबल और छल-कपट से समाज को विभाजित करने और कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए घातक है। अख्तरुल ईमान ने जोर देकर कहा कि समाज अब विचारों की लड़ाई से ही आगे बढ़ रहा है, और राजनीति को भी इसी स्तर पर संचालित होना चाहिए।' हमारी लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, न कि हिंसा और धमकी की। असामाजिक तत्व लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए खतरा हैं। विधायक ने यह भी कहा कि उनके विधायक बनने के बाद कई दलाल, गुंडे और असामाजिक तत्व अपने पुराने व्यापार पर असर महसूस कर रहे हैं। ह्लपहले ये लोग गरीबों को डराकर लाभ उठाते थे, अब जनता जागरूक है और हमने उनके अधिकारों की रक्षा की है। इसी कारण वे बौखलाए हुए हैं और हिंसा और षड्यंत्र का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले चुनाव के दौरान भी कुछ लोगों ने हिंसा की थी, जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। हमने जीत के बाद उन्हें माफ कर दिया, लेकिन जिन्होंने शरारत की थी, उन्हें कुदरत ने भी सजा दी।अख्तरुल ईमान ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि निदोर्षों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले में पूर्णिया के एसपी से भी मुलाकात कर पूरी जानकारी साझा की है। यदि प्रशासन तुरंत कदम नहीं उठाता है, तो वे इसे विधानसभा से सड़क तक उठाने के लिए बाध्य होंगे। 'हमारी लड़ाई न्याय, शांति और सच्चाई की है, और इसे हर हाल में जारी रखा जाएगा।'



## केनगर में शराब माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, दो गिरफ्तार

**केनगर /पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब माफियाओं के खिलाफ केनगर पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार की संध्या गश्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो तस्करों को धर दबोचा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 10 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल सोरेन (पिता-छोटेलाल सोरेन, निवासी-देवी नगर, वार्ड संख्या 7, झुन्नी इस्तम्बार पंचायत) और सिकंदर टुडू (पिताझमंजू टुडू, निवासी-बेलारिकावगंज पंचायत) के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों तस्करों के पास से 5-5 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त की गई। पूछताछ के बाद दोनों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# समाजवाद के पुरोधा लोहिया को विधायक खेमका ने किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** समाजवाद के प्रणेता, विचारों की दृढ़ता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर सदर विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया विधायक जनसंपर्क कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक खेमका ने कहा कि डॉ. लोहिया ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। सादा जीवन और उच्च विचार के साथ उन्होंने सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और समान अधिकारों की मशाल जलाए रखी। वे उन विरल व्यक्तित्वों में थे जिन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को व्यवस्था के केंद्र में लाने की लड़ाई लड़ी।

विधायक खेमका ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए दिशासूचक हैं। उनका समाजवाद किसी पार्टी या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं था, बल्कि वह व्यापक जनहित और समान अवसर की भावना से परिपूर्ण था।उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया का जीवन इस बात का संदेश देता है कि राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा है। उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# ऑनलाइन गेम में हारे लाखों, फिर खुद का अपहरण रच डाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** ऑनलाइन चिकन रोड गेम की लत ने एक युवक को ऐसी राह पर ला खड़ा किया, जहां उसे अपनी ही जिंदगी के साथ झूठ का खेल खेलना पड़ा। दो लाख तीस हजार रुपये हार जाने के बाद 24 वर्षीय गौरव कुमार ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच डाली।

■ समस्तीपुर से बरामद हुआ युवक, पुलिस ने किया खुलासा

घटना 10 अक्टूबर की है। औराही पंचायत के वार्ड संख्या तीन निवासी मदन चौधरी का पुत्र गौरव कुमार दोपहर करीब ढाई बजे अचानक घर से लापता हो गया। कुछ देर बाद पिता के मोबाइल पर व्हाट्सएप से फिरौती का संदेश आया — जिसमें दो लाख रुपये की मांग की गई थी। संदेश मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। घबराए पिता ने तत्काल बड़हरा कोठी थाना में अपने पुत्र के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे और अंततः पुलिस ने गौरव को समस्तीपुर से सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में गौरव ने स्वीकार किया कि वह ऑनलाइन गेम में बड़ी रकम हार चुका था। शर्म और डर के कारण उसने खुद के अपहरण का नाटक रचा ताकि पिता से पैसे हासिल कर सके। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि युवक को न्यायालय में प्रस्तुत करवाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि यह भी पता लगाया जा सके कि युवक किस ऐप या नेटवर्क के जरिए इस जाल में फंसा।

## 18 साल बाद फरार वारंटी बनमनखी पुलिस के जाल में फंसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए बनमनखी पुलिस ने अपराधियों और फरार वांर्टियों पर कड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी श्रृंखला में पुलिस ने 18 वर्षों से फरार चल रहे प्रह्लाद साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि प्रह्लाद साह पर 2007 में मधेपुरा कोर्ट से वारंट और कुर्की जारी थी। लंबे समय तक भेष बदलकर पुलिस को चकमा देने वाले प्रह्लाद साह को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पकड़ने में सफलता मिली। रंगदारी के पुराने मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने कहा कि इस गिरफ्तारी से यह संदेश जाता है कि कानून से बचने वाला अपराधी अब सुरक्षित नहीं रह सकता। आगामी चुनाव में यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम साबित होगी।

# चुनाव से पहले रघुवंशनगर पुलिस की कार्रवाई पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामद

## तस्कर फरार, पुलिस ने मामला दर्ज किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन जहां पूरी तरह सतर्क है, वहीं रघुवंशनगर थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के अनुपालन में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने संथाल टोला सिरसिया में छापेमारी कर 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। हालांकि, पुलिस को देखते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा।

रघुवंशनगर थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और फरार तस्कर के विरुद्ध युक्तिसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस हर स्तर पर कार्रवाई को तत्पर है। मिली जानकारी के अनुसार, रघुवंशनगर



थाना में पदस्थ एसआई अमरेंद्र कुमार द्वेदी के नेतृत्व में पुलिस दल ने संथाल टोला सिरसिया में छापेमारी अभियान चलाया था। तलाशी के क्रम में तस्कर के ठिकाने से दो प्लास्टिक गैलन में लगभग 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर अब पुलिस की पैनी नजर है, और ऐसे तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

# बनमनखी विधानसभा : नामांकन की तैयारियों के बीच सियासी रणभूमि की हलचल तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** जिले की छह विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के तहत 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू होगी। बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (संख्या 59) का नामांकन अनुमंडल कार्यालय परिसर में होगा, जहां प्रशासन ने पूरी सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की है।

अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, और उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक अपने नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन की समीक्षा 21 अक्टूबर को होगी, जबकि 23 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। मतदान 11 नवंबर को और मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी।

### सुरक्षा और नियंत्रण पर प्रशासन की सख्ती

नामांकन स्थल पर भीड़ नियंत्रण के लिए तीन प्रमुख बैरिकेडिंग के साथ अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर भी विचार किया गया है। चुनाव आयोग के निदेर्शों के तहत प्रत्याशी केवल चार समर्थकों के साथ ही नामांकन कार्यालय पहुंच सकेंगे। जुलूसों और अनियंत्रित भीड़ को अनुमंडल कार्यालय के 100 मीटर पहले ही रोकने का प्रबंध किया गया है।

सुरक्षा बढ़ाने के लिए 3 से 4 चेक पोस्ट बनाए जाएंगे, जिनकी स्थिति इस प्रकार है झ विशाल बजरंगबली मंदिर के समीप, बस स्टैंड, कोशी कालोनी और ब्लॉक गेट के पास। प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी करने का भी निर्णय लिया है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### प्रत्याशी और समर्थनः प्रस्तावकों की शर्तें

राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टी के प्रत्याशी केवल एक प्रस्तावक के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक होंगे। प्रशासन ने नाजिर रसीद काटने की व्यवस्था भी पूरी कर दी है। हालांकि शनिवार की शाम तक कोई भी प्रत्याशी नाजिर रसीद कटाने नहीं पहुँचा।

### निर्दोष और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की तैयारी

अनुमंडल कार्यालय परिसर में फोटो आधारित प्रवेश व्यवस्था लागू की गई है और पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों से निगरानी में रहेगी। प्रशासन की यह पूरी तैयारी राजनीतिक हलचल के बीच निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने का संदेश देती है।

# रुपौली विधानसभा क्षेत्र में BLO प्रशिक्षण का आयोजन, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर रुपौली विधानसभा क्षेत्र के सभी BLO के लिए रविवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित फैसिलिटी भवन में विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए इछड को सभी आवश्यक कार्यकलापों से पूर्णतः परिचित कराना था।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार सहायक निर्वाचक पदाधिकारी और प्रखंड



विकास पदाधिकारी ने इछडर को निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया।

इसमें कॉल रिक्वेस्ट की समीक्षा से लेकर संबंधित कार्यों के निष्पादन तक के सभी चरणों को गहनता से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान इछडर को मतदान व्यवस्था में सावधानीपूर्वक कार्य करने, निर्वाचन प्रक्रियाओं में उत्तरदायित्व निभाने और मतदाता सेवा में सुधार करने के तरीकों की जानकारी दी गई, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में हर चरण सुचारू और विश्वासपूर्ण रूप से संपन्न हो।

# पूर्णिया में सातों विधानसभा क्षेत्रों में कल से नामांकन प्रक्रिया शुरू, प्रशासन ने कसा सुरक्षा कवच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में पूरी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में आज से आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसे लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत के साथ संयुक्त रूप से सभी नामांकन स्थलों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों का नामांकन चारों अनुमंडल कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नामांकन स्थल से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी और प्रशासन ने सभी तैयारियों का जायजा लिया है।

पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने बताया कि सुरक्षा और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं पुख्ता कर दी गई हैं। अब तक 111 अपराधियों के विरुद्ध सीसीए के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 75 के खिलाफ जिला और थाना बदर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह स्वच्छ और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जा रही है। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअढऋ) समेत अन्य पुलिस दलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है।

# बनमनखी विधानसभा में आज से शुरू होगा नामांकन, प्रशासन ने किया कड़ा इंतजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** जिले की छह विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। 11 नवंबर को मतदान होने से पहले नामांकन प्रक्रिया आज, 13 अक्टूबर से शुरू हो रही है। बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (सीट संख्या 59) का नामांकन अनुमंडल कार्यालय परिसर में होगा, जहां प्रशासन ने हर पहलू पर सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजाम किए हैं।

अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक अपने नामांकन दाखिल कर सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, जबकि 23 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपनी दावेदारी वापस ले सकते हैं। मतदान 11 नवंबर को और मतगणना 14 नवंबर को

■ निर्दोष, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव के लिए बनाई गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

आयोजित होगी। प्रशासन ने नामांकन स्थल पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष कदम उठाए हैं। तीन मुख्य बैरिकेडिंग के साथ अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं, ताकि जुलूस और अनियंत्रित भीड़ को अनुमंडल कार्यालय परिसर से 100 मीटर पहले ही रोका जा सके। चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार प्रत्याशी केवल चार समर्थकों के साथ ही कार्यालय पहुंच सकेंगे। सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 3झ4 चेकपोस्ट बनाए गए हैं, जिनमें प्रमुख स्थान हैं झ विशाल बजरंगबली मंदिर के पास, बस स्टैंड, कोशी कालोनी और ब्लॉक गेट के समीप। प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है, ताकि किसी भी अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई हो सके। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के उम्मीदवार केवल एक प्रस्तावक के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए 10 प्रस्तावक अनिवार्य हैं। नाजिर रसीद काटने की सुविधा भी पूरी तरह सुनिश्चित की गई है, हालांकि शनिवार की शाम तक कोई उम्मीदवार रसीद कटाने नहीं पहुंचा। अनुमंडल कार्यालय परिसर में फोटो आधारित प्रवेश व्यवस्था लागू की गई है और पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों से निगरानी में रखी जाएगी। प्रशासन की यह तैयारी स्पष्ट संदेश देती है कि चुनाव सुरक्षित, निष्पक्ष और भयमुक्त होंगे।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर समाजवादी विचारों की गूंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जयप्रकाश समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में देश के महान समाजवादी चिंतक एवं विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि वैदिक और श्रद्धाभावपूर्ण अंदाज में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई, जिसमें उपस्थित जनमानस ने गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के सचिव कुमार उत्तम सिंह ने कहा कि डॉ. लोहिया केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि उनके जीवन में समाजवाद की स्थापना और गरीबों-पीड़ितों के उत्थान का अटूट संदेश भी विद्यमान था। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने देश की आजादी के संघर्ष में अंग्रेजों की जेल की यातनाओं को झेला और इस पीड़ा से उन्हें समाज की कमजोर कड़ियों के प्रति संवेदनशीलता मिली।सचिव ने आगे बताया कि डॉ. लोहिया का पूर्णिया से विशेष लगाव था। इसी संस्थान में वे बैठकर समाजवादी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करते और समाज के हर वर्ग के लिए न्यायसंगत नीतियों का मार्गदर्शन करते। उनकी विख्यात पंक्ति, "जिंदा कौमें 5 साल इंतजार नहीं



करती," आज भी समय और युग की कसौटी पर हमेशा प्रासंगिक है। डॉ. लोहिया अपने विचारों में बेबाक, सादगीपूर्ण और देशभक्ति से ओतप्रोत थे। उनके जीवन से प्रेरणा यह मिलती है कि कैसे ईमानदारी, साधुता और समर्पित भाव से कर्तव्यों का पालन किया जा सकता है। उनके आदर्श आज भी समाज के हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर समाजसेविका अनुरागिनी, अनु वाला, अजय कुमार, विजय कुमार मुरमुर, अमित कुमार, सोनू कुमार सहित अनेक समाजसेवी और संस्थान के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. लोहिया के विचारों को आत्मसात करने और समाज के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# शोक की घड़ी में संवेदना बने भाजपा नेता नूतन गुप्ता, निभाई इंसानियत की मिसाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** राजनीति के व्यस्त दौर में भी जब अधिकांश नेता अपने कार्यक्रमों और योजनाओं में उलझे रहते हैं, वहीं भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने एक ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने इंसानियत का अर्थ फिर से जीवंत कर दिया।

रविवार की सुबह जैसे ही रानीपतरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधर प्रसाद साह की पत्नी के निधन का समाचार मिला, नूतन गुप्ता बिना किसी देर के सीधे उनके आवास पहुंच गए। दुख और सन्नाटे से भरे उस माहौल में उन्होंने दिवंगत आत्मा का अंतिम दर्शन किया और परिजनों को सांत्वना देते हुए धैर्य बनाए रखने की बात कही। उनकी आंखों में झलकता भावनात्मक दर्द इस बात का प्रतीक था कि राजनीति से पहले वे एक संवेदनशील इंसान हैं। उन्होंने कहा, 'जीवन और मृत्यु ईश्वर की इच्छा



है, पर किसी के दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा और धर्म है।' बताया गया कि स्वर्गीय महिला पिछले कई महीनों से बीमार थीं और लगातार उपचाररत थीं। 11 अक्तूबर की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पूरा इलाका शोक में डूब गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'आज के समय में जब राजनीति संवेदनाओं से दूर होती जा रही है, ऐसे में नूतन गुप्ता जैसे नेता यह एहसास कराते हैं कि मानवता अब भी जिंदा है।' उन्होंने न केवल शोक संतप्त परिवार के दुख में साझेदारी की, बल्कि यह भी दशार्या कि जनता के सुख-दुख में साथ देना ही सच्चे जनसेवक की पहचान है। नूतन गुप्ता का यह कदम यह याद दिलाता है कि नेता वही जो जनता से जुड़ा रहे, और समाज के हर दर्द में उसकी आवाज बने। उन्होंने अपने आचरण से यह साबित कर दिया कि मानवता ही सबसे बड़ी राजनीति है।

## अफीम की खेती नहीं, करें मडुआ-सोयाबीन आदि की वैकल्पिक खेती : थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नावाजयपुर थाना की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत धांगरडीहा, बसवार सहित अन्य गांवों में अफीम-पोस्ता की खेती नहीं करने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया ।

थाना प्रभारी ने अफीम -पोस्ता की खेती नहीं करने से संबंधित ग्रामीणों को शपथ दिलाई। थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीण वैकल्पिक खेती करेंगे तो बड़ा लाभ होगा। उन्होंने वैकल्पिक खेती के तहत चावल, गेहूं, मक्का, अरहर, मूंग, चना, सरसों, उड़द, मसूर, ज्वार, कुलथी, मड़ुआ, सोयाबीन, मटर, मूंगफली, सूरजमुखी, तिल, अरंडी, तीसी, काजू, राजमा, बाजरा, कटहल, आम की खेती करने की सलाह दी।

# विधानसभा चुनाव से पूर्व बहु एजेंसी चौकस, दो लाख पांच हजार रुपये जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में डालकोला स्थित बहु-एजेंसी चौक पर सघन निगरानी अभियान चलाया गया। इस अभियान में शिव नारायण पासवान, राज्य कर संयुक्त आयुक्त, कुशेश्वर राउत, राज्य कर उपायुक्त, निरज कुमार रंजन, सहायक आयुक्त मद्य निषेध, अमित कुमार, ओ.पी. प्रभारी डंगराहा, प्रशांत कुमार यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चिड़ैया, तथा एस. रहमानी, राजस्व अधिकारी बायसी, की संयुक्त टीम ने भाग लिया।

जाँच के दौरान किशनगंज निवासी आरिफ अंसारी पुत्र अब्दुल रज्जाक को रोका गया। उनके वाहन से दो लाख पाँच हजार रुपये की नकद राशि बरामद हुई। धन की वैधता पर संतोषजनक उत्तर न देने पर उक्त राशि को जब्त कर लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून के अनुसार कड़ा कदम उठाया जाएगा।

# औरंगाबाद के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन आज से, तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र भरने का काम आज 13 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगा। नामांकन पत्र दायर किए जाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद जिले के गोह, ओबरा, रफीगंज, नबीनगर, कुटुंबा और औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्रों के लिए 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे जबकि नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन क्षेत्रों के लिए 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। नामांकन पत्र दायर करने को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और समाहरणालय के इर्द-गिर्द चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। नाम निर्देशन दायर करने के



दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ सीमित संख्या में प्रस्तावकों और समर्थकों के नामांकन स्थल तक जाने की अनुमति होगी। नामांकन प्रक्रिया को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संभावित भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के माध्यम से रिकॉर्ड की जायेगी। सामान्य उम्मीदवार के लिए दस हजार रुपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए पांच हजार रुपये की जमानत राशि जमा करना अनिवार्य है। प्रत्याशी को शपथ पत्र देना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो नोटिस जारी किया जायेगा। नामांकन की तैयारियों के दृष्टिगत रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभा कक्ष औरंगाबाद में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया 13 से 20



अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन हेतु स्थल इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं। इस क्रम में 219 गोह विधानसभा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर का कार्यालय कक्ष, 220 ओबरा विधानसभा के लिए डीसीएलआर दाउदनगर का न्यायालय कक्ष, 221 नबीनगर विधानसभा के लिए डीसीएलआर औरंगाबाद का कार्यालय कक्ष, 222 कुटुंबा (सुरक्षित) विधानसभा के लिए अपर समाहर्ता औरंगाबाद का कार्यालय कक्ष, 223 औरंगाबाद विधानसभा के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद का कार्यालय कक्ष तथा 224 रफीगंज विधानसभा के लिए उप विकास आयुक्त औरंगाबाद का कार्यालय कक्ष निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नाम निर्देशन हेतु आवश्यक प्रपत्रों एवं दस्तावेजों की जानकारी दी गई जिनमें प्रपत्र 2ख, शपथ पत्र प्रारूप 26 (सभी कॉलम भरे हुए), संविधान की धारा 84 के अंतर्गत लिया गया शपथ पत्र, नाजिर रसीद (मूल प्रति), जाति प्रमाण पत्र (यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है), संबंधित निर्वाचक नामावली की सत्यापित प्रति (यदि अभ्यर्थी क्षेत्र विशेष का मतदाता नहीं है), प्रपत्र ए और बी (यदि अभ्यर्थी किसी राजनीतिक दल से संबंधित है) तथा निर्वाचन व्यय हेतु बैंक खाता



संख्या और पासबुक की छायाप्रति शामिल हैं। राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों हेतु संबंधित विधानसभा क्षेत्र का एक प्रस्तावक आवश्यक होगा जबकि गैर मान्यता प्राप्त दलों अथवा स्वतंत्र अभ्यर्थियों हेतु दस प्रस्तावक आवश्यक होंगे। सामान्य अभ्यर्थी हेतु नाम निर्देशन शुल्क दस हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी हेतु पांच हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक अभ्यर्थी अधिकतम चार सेट में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। नाम निर्देशन के समय अनुमंडल परिसर में अभ्यर्थी की केवल तीन गाड़ियां ही प्रवेश कर सकेंगी। नाम निर्देशन के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य है। किसी भी अभ्यर्थी को जुलूस, झंडा, पताका, लाउडस्पीकर या अस्त्र-शस्त्र आदि लेकर आने की अनुमति नहीं होगी। नाम निर्देशन कक्ष में अभ्यर्थी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। अभ्यर्थी द्वारा सफ़ेद या ऑफ-व्हाइट पृष्ठभूमि वाला दो सेंटीमीटर चौड़ा और दो दशमलव पांच सेंटीमीटर लंबा हाल का फोटोग्राफ पांच प्रति में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। नाम निर्देशन पत्र 13 से 20 अक्टूबर तक (19 अक्टूबर अवकाश है, को छोड़कर) पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक दाखिल किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सर्वोपरि है तथा जुलूस, वाहन, सभा आदि के आयोजन हेतु पूर्व अनुमति लेना सभी राजनीतिक दलों के लिए अनिवार्य होगा। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा इस बैठक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की सफलता शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पर निर्भर है तथा इसके लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है।

## राहत व बचाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के बडेम थाना क्षेत्र में दो दिनों पूर्व सोन नदी में हुई नाव दुर्घटना के संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रविवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमों द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान का स्थलीय जायजा लिया तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। उन्होंने राहत कार्य में लगे पदाधिकारियों से बातचीत कर अब तक की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि तलाशी अभियान में किसी भी



प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी लापता व्यक्ति मिलने तक यह अभियान निरंतर जारी रखा जाए। साथ ही उन्होंने दुर्घटना से प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें आवश्यक सहयोग एवं हर संभव सहायता का भरोसा दिया। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अपील करती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। राहत एवं बचाव कार्य पूरी तत्परता से जारी है। विदित हो कि शुक्रवार को नाव दुर्घटना में छह लोग लापता हो गए थे जिसमें चार लोगों का शव अब तक बरामद किया है। वहीं दो अन्य की तलाश की जा रही हैं।

## ओझा-गुनी के चक्कर में वृद्ध की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओझा-गुणी के चक्कर में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। घटना मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के तेतरिया टोले महादलित टोला नईकाडीह बस्ती की है। यहां पास के ही तेतरियां पहाड़ से शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय बालेश्वर भुईयां के रुप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात गांव के ही कुछ लोग बहु और पत्नी के सामने बालेश्वर भुईयां को जबरन घसिट कर घर से ले गए थे। रात को वह घर नहीं लौटे। रविवार की सुबह उनका शव बरामद किया गया। परिजनों का कहना है कि किसी वजनदार पत्थर या डंडे से प्रहार कर वृद्ध की हत्या कर दी गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि पूछताछ से पता चला कि शनिवार को नईकाडीह गांव के नरेश भुईयां के पोता का किसी बीमारी से मौत हुई थी। मृतक के परिजनों का मानना है कि बालेश्वर एक ओझा-गुणी व्यक्ति है। वह बच्चे की मौत का कारण है। घटना को लेकर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे आवश्यक पूछाताछ की जा रही है।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर किया वोट बहिष्कार का ऐलान

### जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद मानी बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर।** नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बेलाई के ग्राम कर्माबीचैन एवं पश्चिमी टोला बेलाईं के ग्रामीणों ने लंबे समय से सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज होकर आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों का कहना था कि वर्षों से बार-बार मांग करने के बावजूद गांव तक सड़क नहीं बनी, जिससे बारिश के मौसम में आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है और बीमारों को अस्पताल तक पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है।ग्रामीणों द्वारा बहिष्कार की घोषणा की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, नबीनगर स्वयं गांव



पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी तथा सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी।अधिकारियों ने बताया कि संबंधित विभाग को निर्देश दिया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द तकनीकी सर्वे कर सड़क निर्माण प्रक्रिया शुरू की जा सके।ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर फिलहाल वोट बहिष्कार का निर्णय स्थगित कर दिया है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर वादे पूरे नहीं हुए तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।मौके पर प्रभु सिंह, हरिओम सिंह, छोटू सिंह, विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खेत से वृद्ध का शव बरामद पहचान में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा पुलिस ने एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बिहारी बिगहा गांव स्थित धान की खेत से बरामद किया है। दरअसल रविवार की सुबह ग्रामीण बधार की ओर धान का फसल देखने गए, तो बुजुर्ग का शव देखा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन किसी ने भी पहचान नहीं की। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना को लेकर लोगों में कई तरह की चर्चा की जा रही है जिसमें कुछ लोगों का मानना है कि बुजुर्ग की हत्या कहीं और की गई है जबकि साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव बधार में फेंक दिया है। हालांकि, मृतक बुजुर्ग के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि बिहारी बिगहा बधार से क़रीब तीन से चार दिन पुराना शव बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस वृद्ध की मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर गहनता से छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम के उपरांत 72 घंटे तक शव पुलिस अभिरक्षा में रखा जायेगा। इसके वावजूद पहचान न होने पर सरकारी प्रावधान के तहत शब का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

## युवाओं तक पहुंचने का सबसे प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया : अंतरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मतदाता जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्वीप कोषांग के सहायक नोडल अंतरा कुमारी द्वारा की गई। बैठक में जिले के स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के दौरान अंतरा कुमारी ने बताया कि सोशल मीडिया आज के समय में युवाओं तक पहुंचने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए




सभी इन्फ्लुएंसर्स से अपील की गई कि वे अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से मतदान के महत्व, चुनाव शुभंकर 'बैलट बिटिया' 11 नंबर 2025 को शत-प्रतिशत मतदान जैसे संदेशों को रोचक तरीके से आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स लोकतंत्र के डिजिटल ब्रांड एंबेसडर बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी इन्फ्लुएंसर्स ने मतदाता जागरूकता से जुड़ी सामग्री नियमित रूप से प्रसारित करने का आश्वासन दिया। स्वीप कोषांग द्वारा आगे भी ऐसे संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बच्चों ने लिखा वादा करें- आप करेंगे पक्का मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्वीप के अंतर्गत इलेक्टोरल लिटरसी क्लब (ईएलसी) के तहत एक अनोखा एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रॉमिस लेटर राइटिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चे और अभिभावकों के बीच मतदान के महत्व को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के बच्चों ने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए ल्लवोट करने का वादा करेंङ्क शीर्षक से पत्र लिखे। इन पत्रों में बच्चों ने बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में लिखा कि जैसे वे स्वयं भविष्य में वोट करेंगे, वैसे ही उनके माता-पिता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बच्चों द्वारा लिखे गए इन प्रॉमिस लेटर्स ने अभिभावकों के हृदय को स्पर्श किया और कई अभिभावकों ने बच्चों के सामने ही 11 नवम्बर को मतदान अवश्य करने का संकल्प लिया। इस प्रकार के नवाचारी कार्यक्रम समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। बच्चों के माध्यम से परिवारों तक पहुंचकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ''बच्चों ने लिखा वादा - आप पक्का मतदान करेंगे।

## आहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के बिजली विभाग के पीछे आहर में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मनिका टोले रघुनी बिगहा निवासी सुंदर भुइयां के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि वे घर से आधार कार्ड सुधरवाने की बात कहकर मदनपुर निकले थे। तभी उनलोगों को मौत की सूचना मिली। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि आहर में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव है। सूचना मिलते ही एसआई चंदन कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि आशंका है कि शौच करने के दौरान अनियंत्रित होकर बुजुर्ग व्यक्ति गहरे पानी में जा गिरे होंगे और डूबने से उनकी मौत हो गई। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## पैसे को लेकर पत्नी को मारपीट कर किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेहुटी गांव में पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर 26 वर्षीय पत्नी की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान उस गांव निवासी अनिल पासवान की पत्नी बबीता देवी के रूप में हुई है। जख्मी महिला का आरोप है कि उसका पति व ससुराल वाले घर बनाने के लिए एक लाख रूपये मायके से मांग कर लाने का दबाव बना रहे थे। जब मायके से पैसा नहीं मिला तो उन लोगों ने मारपीट की। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। वैसे, बबिता का मायका रिसियप थाना क्षेत्र के खैरा नोनिया बिगहा गांव में है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी महिला ने बताया कि वह अपने पति की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी से तीन बच्चे हैं और बबीता से दो ब च्चे है। दो वर्ष पूर्व अनिल से बबिता की शादी हुई थी। उसका पति अनिल दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। एक सप्ताह पूर्व ही वह दूसरे प्रदेश से मजदूरी कर अपने घर आया है। घर आने के बाद वह घर बनाने के लिए बबिता के मायके वालों से 1 लाख रुपया मांग कर लाने को कहा। मायके वालों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसे पैसे नहीं दिए। जख्मी बबीता ने कहा कि जब से उसका पति बाहर से आया है तब से उसके साथ पैसों की विवाद को लेकर मारपीट कर रहा है। पूर्व में कई बार समझौता भी हुआ लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। शनिवार की रात अचानक किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो उसका पति अपने परिवार वालों के साथ मिलकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। परिजनों का आरोप है की घटना के बाद डायल 112 को इसकी सूच ना दी गई, लेकिन समय पर पुलिस की टीम नहीं पहुंची। जब आस पास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना मायके वालों को दी तो रविवार की सुबह मायके वाले ने नेहुटी गांव पहुंचे और किसी तरह जख्मी महिला बबीता को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## संयुक्त अभियान में देशी शराब व कार जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अभिताभ के निर्देश पर रविवार को एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान 29 वाहिनी की 'ए' समवाय, भलुआही, जिला औरंगाबाद के उपनिरीक्षक (सामान्य) ओम प्रकाश के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें सशस्त्र सीमा बल की टीम के साथ औरंगाबाद जिला पुलिस तथा ढिबरा थाना पुलिस भी शामिल रही। संयुक्त दल ने ग्राम बरवासोई के जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग



200 लीटर देशी शराब तथा एक मारुति आल्टो कार बरामद की। बताया गया कि यह शराब अवैध रूप से तस्करी के लिए जमा की गई थी। बरामद शराब और वाहन को ढिबरा थाना, जिला औरंगाबाद को विधिसम्मत कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।सशस्त्र सीमा बल ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों और शराब तस्करी के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## महिलाओं को किया सम्मानित

**देव(नबिटा संवाददाता)।** देव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उनकी आंतरिक शक्तियों के प्रति जागरूक करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुखिया उमा देवी, संयोजिका पुष्पांजलि सिंह, सुभद्रा देवी, लालझड़ी देवी, प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन पूजा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में हिंदू धर्म ग्रंथों की सामान्य जानकारी संबंधी प्रश्न भी पूछे गये। प्रधानाचार्य ने ऐसे लोगों को प्रेरणाश्रोत बताया। वहीं कुटुंब प्रबोधन श्रेया कुमारी और देश की वर्तमान स्थिति में महिलाओं के योगदान पर ममता कुमारी ने संबोधन किया। इस अवसर पर संयुक्त परिवार की महिला लालझड़ी देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुभद्रा देवी को सम्मानित किया गया।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093